खबरों के 67 साल, खबरें लगातार, ई पेपर - www.deshbandhump. com
पत्र नहीं मित्र
संपर्क करें :→ jabdesh1@yahoo.com

# देशबन्धु

जबलपुर, शुक्रवार 13 अक्टूबर 2023 । वर्ष –67 । अंक –334 । पृष्ठ –12 । मूल्य – 3.00 रु.

■ आशा पारेख का .... ■ विधानसभा चुनावों ... 04
■ भारतीय मूल के फार्मासिस्ट पर 2 लाख ... ■ इजरायल पहला निशाना, पूरी दुनिया पर... 09
■ आवक के दबाव में लुढ़के सोयाबीन के भाव ■ बिक रही भारी कर्ज में दबी गो फर्स्ट एयरलाइन 11
■ सिंधु आर्कटिक ओपन... ■ भारत करेगा एशियाई ... 10

ICC CRICKET WORLD CUP INDIA 2023

**आज के मैच**
न्यूजीलैण्ड विरुद्ध बांग्लादेश
समय - 2.00 दोपहर

## 18 हजार भारतीय फंसे हैं इजरायल में

# वापस लाने सरकार ने शुरू किया ऑपरेशन अजय

## आज विशेष विमान से लौटेंगे 230 भारतीय



**नई दिल्ली, (देशबन्धु)।** इजरायल से भारतीय नागरिकों को स्वदेश लाने के लिए सरकार ने ऑपरेशन अजय शुरू किया और इसके अंतर्गत करीब 230 भारतीय पहली चार्टर उड़ान से शुक्रवार सुबह तक भारत लौटने की संभावना है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा, जैसा कि कल विदेश मंत्री ने घोषणा की थी, ऑपरेशन अजय को हमारे उन नागरिकों की इजराइल से वापसी की सुविधा के लिए शुरू किया गया है जो वापस आना चाहते हैं।

पहली चार्टर उड़ान भारतीयों को लेने के लिए आज रात तक तेल अवीव पहुंचेगी और उन्हें शुक्रवार सुबह तक स्वदेश लाएगी। श्री बागची ने एक सवाल के जवाब में कहा कि ऑपरेशन अजय आने के इच्छुक भारतीयों की मांग पर आधारित होगा। पहली उड़ान में 230 यात्रियों के >>शेष पृष्ठ 2 पर

### इजराइल ने गाजा पट्टी खाली करने को कहा

इस बीच इजराइल ने लोगों को गाजा पट्टी खाली करने को कहा है। सेना ने आसमान से पर्चे गिराए हैं। इन पर लिखा है कि हमास के हमलों की वजह से इजराइली सेना जवाब दे रही है। जिन इमारतों पर हमास काम कर रहा है, उन्हें तबाह कर दिया जाएगा। वहीं, इजराइली सेना ने सीरिया में हमास के समर्थक ईरान के ठिकानों पर हमला किया है। ये हमले दमिश्क में एयरपोर्ट के करीब हुए हैं।

## कांग्रेस ने की 'पढ़ो पढ़ाओ' योजना की घोषणा



### 8वीं तक 500, 10वीं तक 1000, 12वीं तक के बच्चों को 1500 रुपए दिए जाएंगे : कमलनाथ



## मध्य प्रदेश में छात्रों को हर महीने पैसे देंगेः प्रियंका

**मंडला, 12 अक्टूबर (देशबन्धु)।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने आज कहा कि मध्यप्रदेश में पार्टी की सरकार बनने पर 'पढ़ो पढ़ाओ' योजना लागू की जाएगी, जिसके तहत स्कूली विद्यार्थियों को पांच सौ रुपए से लेकर पंद्रह सौ रुपए प्रतिमाह तक दिए जाएंगे। श्रीमती वाड्रा ने राज्य विधानसभा चुनाव के मद्देनजर महाकौशल अंचल के आदिवासी बहुल मंडला में चुनावी सभा को संबोधित किया। कमनाथ ने कहा कि इस चुनाव में जनता की जवाबदारी ज्यादा बढ़ गई है। क्योंकि यह प्रदेश और युवा पीढ़ी के भविष्य का चुनाव है।

इस अवसर पर कांग्रेस महासचिव एवं प्रदेश प्रभारी रणदीप सिंह सुरजेवाला, पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने भी सभा को संबोधित किया। और अन्य वरिष्ठ नेता भी मौजूद थे। श्रीमती वाड्रा ने स्थानीय रामनगर ग्राउंड पर आयोजित सभा को संबोधित करते हुए कहा कि विधानसभा चुनाव के बाद कांग्रेस की सरकार बनने पर पढ़ो पढ़ाओ योजना लागू की जाएगी।

इसके तहत कक्षा एक से आठवीं तक के बच्चों को पांच सौ रुपए प्रतिमाह, नवीं और दसवीं के बच्चों को एक हजार रुपए और ग्यारहवीं और बारहवीं के बच्चों को पंद्रह सौ रुपए प्रतिमाह प्रदान किए जाएंगे।

उन्होंने कहा कि वे और कांग्रेस पार्टी जो भी वादे कर रही हैं, उन्हें सरकार बनने पर पूरा किया जाएगा। कांग्रेस अन्य दलों के नेताओं की तरह 'जुमले' नहीं दे रही है। उन्होंने कहा– श्रीमती गांधी को 'इंदिरा माता' के नाम से जानते थे।

### धान व तेंदूपत्ता पर बढ़ा हुआ बोनस देंगे

प्रियंका ने कहा कि राज्य में कांग्रेस की सरकार बनने पर छत्तीसगढ़ राज्य की तरह मध्य प्रदेश में भी धान और तेंदूपत्ता पर बढ़ा हुआ बोनस दिया जाएगा। उन्होंने कांग्रेस की अन्य घोषणाओं का भी जिक्र किया और

**सार संक्षेप**

### बिलकिस बानो मामले में सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को गुजरात सरकार द्वारा बिलकिस बानो मामले में दोषियों की जल्द रिहाई के खिलाफ दायर याचिकाओं पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। न्यायमूर्ति बीवी. नागरत्ना और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने 2002 में गोधरा कांड के बाद हुए दंगों के दौरान बिलकिस बानो के साथ सामूहिक बलात्कार और उसके परिवार के सदस्यों की हत्या के मामले में दोषियों को रिहा करने के छूट आदेश की वैधता के सवाल पर दोनों पक्षों को सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया। पीठ ने केंद्र और राज्य सरकार को 16 अक्टूबर तक दोषियों की रिहाई से संबंधित ट्रांसलेशन के साथ रिकॉर्ड दाखिल करने का आदेश दिया।

### शिमला के जुन्गा में फ्लाइंग फेस्टिवल शुरू

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश की राजधानी से 30 किलामीटर दूर जुन्गा में शिमला फ्लाइंग फेस्टिवल का आयोजन किया जा रहा है। यह फेस्टिवल चार दिन तक चलेगा, जिसमें देश–विदेश के कई पैराग्लाइडर हिस्सा ले रहे हैं।

### सूचना

सुधि पाठकों के लिए देशबन्धु अखबार का ई–पेपर epaper.deshbandhump.com वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।

### गर्भपात की जिद पर सीजेआई की सख्त टिप्पणी

## हम बच्चे को नहीं मार सकते, पूछा- 26 हफ्ते तक क्या कर रही थीं



**नई दिल्ली, (एजेंसियां)।** 26 सप्ताह की गर्भवती महिला पहले ही दो बच्चों की मां बन चुकी है। अब महिला तीसरी बार बच्चे को जन्म देने वाली है, लेकिन वह बच्चा गिराना चाहती है, लेकिन मेडिकल तरीकों का इस्तेमाल कर गर्भपात की अनुमति लेने पहुंची महिला को सुप्रीम कोर्ट से भी निराशा हाथ लगी है।

गर्भ गिराने की अपील पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा, हम किसी बच्चे को नहीं मार सकते। कोर्ट के निर्देश पर एम्स के मेडिकल बोर्ड ने कहा था कि बच्चे की जान बचाई जा सकती है। अदालत मामले में शुक्रवार सुबह 10.30 बजे भी सुनवाई करेगी।दरअसल, सुप्रीम कोर्ट में चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली तीन जजों की पीठ ने 10 अक्तूबर को केंद्र सरकार की अपील पर गर्भपात पर अस्थायी रोक लगाई थी। केंद्र की याचिका पर सुनवाई करते हुए गुरुवार, 12 अक्तूबर को शीर्ष अदालत ने कहा, हम एक बच्चे को नहीं मार सकते। कोर्ट ने ये भी पूछा कि गर्भवती महिला शादीशुदा हैं, दो बच्चों की मां हैं। ऐसे में वे 26 हफ्तों तक क्या कर रही थीं? अदालत ने स्पष्ट किया कि शीर्ष अदालत को अजन्मे बच्चे, एक जीवित और व्यवहार्य भ्रूण के अधिकारों को उसकी मां के फैसले लेने के अधिकार के साथ संतुलित करना है।

## मणिपुर में फिर भड़की हिंसा

### पूर्वी इंफाल में दो गुटों में भीषण गोलीबारी



**इम्फाल।** कई दिनों की शांति के बाद हिंसाग्रस्त मणिपुर में गुरुवार सुबह एक बार फिर से दो गुटों में भीषण गोली–बारी हुई। गोली बारी की यह यह घटना पूर्व इंफाल और उखरूल जिले की सीमावर्ती इलाके में हुई। सूत्रों के मिली जानकारी के मुताबिक गुरुवार अल सुबह करीब 3 से 3.30 बजे के बीच, संदिग्ध मैतेई हथियारबंद बदमाशों और कुकी हथियारबंद बदमाशों के बीच गोलीबारी शुरू हुई।

लगभग 20 से 30 राउंड फायरिंग की आवाज ट्विचिन और फिमोल (कुकी गांव) और सबुनखोक खुनौ (मैतेई गांव) गांव के पास सुनी गई। यह घटना यिंगनपोकपी पुलिस स्टेशन, इंफाल पूर्वी जिला (इम्फाल पूर्व, कांगपोकपी और उखरुल जिले का सीमावर्ती क्षेत्र) में हुई। मणिपुर में दो समुदायों मैतेई और कुकी के बीच लगातार हिंसक झड़पें जारी हैं। इस दौरान संपत्तियों को नुकसान पहुंचाने वाले कई वीडियो और फोटोज भी तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। जिन पर रोक लगाने के लिए मणिपुर सरकार ने एक आदेश जारी किया है। जिसमें कहा गया कि इस तरह के प्रसार से गंभीरता से निपटा जाएगा और कानून के अनुसार मामला दर्ज किया जाएगा।

### मणिपुर सरकार ने राज्य में हिंसा और संपत्तियों को नुकसान पहुंचाने वाले वीडियो के प्रसार पर लगाई रोक

## बिहार ट्रेन हादसाः टूटी मिलीं पटरियां

### खड़गे बोले– तय हो रेलवे व केंद्र की जवाबदेही

**नई दिल्ली/बक्सर।** बिहार के बक्सर में रघुनाथपुर स्टेशन के करीब कामाख्या नॉर्थ–ईस्ट एक्सप्रेस ट्रेन अचानक पटरी से उतर गई। इस रेल हादसे में चार लोगों की मौत हो गई।

वहीं, 75 लोग घायल हो गए। ट्रेन की 21 बोगियां बेपटरी हो गई और दो मेन और दो लूप लाइन मिलकर सभी चार ट्रैक क्षतिग्रस्त हो गए। इस रेल हादसे की वजह की सटीक जानकारी अभी तक सामने नहीं आई है, लेकिन क्या इस हादसे को लेकर साजिश रची गई थी? ये सवाल इसलिए पूछा जा रहा है क्योंकि जांच के दौरान यह बात सामने आई कि कई जगहों पर पटरियां टूटी हुई मिली।

उधर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने यात्रियों की मौत पर शोक व्यक्त किया और रेलवे और केंद्र की जवाबदेही तय करने की मांग की। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने भी हादसे में यात्रियों की मौत पर शोक व्यक्त किया और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। कांग्रेस कार्यकर्ताओं से अनुरोध है कि वे पीड़ितों को हर संभव मदद प्रदान करें।

उन्होंने कहा– बालासोर ट्रेन हादसे के बाद यह दूसरी बड़ी पटरी से उतरने की दुर्घटना है। रेल मंत्रालय और केंद्र सरकार की जवाबदेही तय की जानी चाहिए।

### रेलवे की ओर से 10–10 लाख की सहायता

रेलवे की ओर से हादसे में मृतकों के परिजनों को 10–10 लाख रुपये की अनुग्रह राशि दी जाने के निर्णय लिया गया है। जबकि, घायलों को 50–50 हजार रुपए की सहायता राशि देने का एलान किया गया है।

## नहीं रहे पूर्व मंत्री सरताज सिंह

### इटारसी में आज होगा अंतिम संस्कार



**भोपाल।** प्रदेश में वरिष्ठ नेता सरताज सिंह का भोपाल में इलाज के दौरान निधन हो गया। वे 83 वर्ष के थे। सरताज सिंह पांच बार सांसद और दो बार विधायक रहे। इस दौरान वह केंद्रीय मंत्री और मध्य प्रदेश सरकार में भी मंत्री रहे।

सरताज सिंह लंबे समय से बीमार थे और भोपाल में उनका इलाज चल रहा था। सभी उन्हें सरताज बाबू जी के नाम से जानते थे। उनके निधन पर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष, पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ, दिग्विजय सिंह, भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष वीडी शर्मा, भाजपा के संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा समेत अनेक नेताओं ने शोक जताया है। सरताज सिंह का अंतिम संस्कार उनके गृहनगर इटारसी में 13 अक्टूबर, शुक्रवार को होगा। उनकी अंतिम यात्रा दोपहर 2:00 बजे गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा रेलवे स्टेशन के सामने से निकाली जाएगी। इसके पूर्व कल सुबह सिंह की पार्थिव देह भोपाल से गुरुद्वारा इटारसी पहुंचेगी।




**चूहा–सुनती हो**–दुनिया का धनवान शहर न्यूयार्क जमीन में धंसता जा रहा है।
**चुहिया– हां प्रिये**– इंसानी हवस जितनी बढ़ती जा रही है, प्रकृति और पर्यावरण की मुश्किलें भी उतनी ही बढ़ती जा रही हैं।

## चुनाव आयोग ने तेलंगाना में अधिकारियों का तबादला किया

**नई दिल्ली, (एजेंसियां)।** भारत निर्वाचन आयोग ने तेलंगाना के 20 अफसरों का ट्रांसफर कर दिया। इन 20 अफसरों में 4 कलेक्टर, 3 पुलिस कमीश्नर, 10 स्क भी शामिल हैं।

आयोग ने यह निर्णय तेलंगाना में होने वाले विधानसभा चुनाव के चलते लिया है। आयोग ने कहा कि स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव के चलते इन अफसरों का तबादला किया गया है। आयोग ने इन अधिकारियों से अपना पद तुरंत छोड़ने और सभी जिम्मेदारियों को कलेक्टरेट, कमीश्नरेट और एसपी ऑफिस के अपने जूनियर अफसर को देने को कहा है। साथ ही आयोग ने कहा, ट्रासंफर किए गए अधिकारियों को 5 दिसंबर को चुनाव प्रक्रिया पूरी होने तक किसी भी प्रकार का चुनावी काम नहीं दिया जाएगा। निर्वाचन आयोग ने कहा है कि ऐसे अधिकारियों की मौजूदगी में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराना संभव नहीं होगा। आयोग ने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि पक्षपातपूर्ण रवैये वाले अधिकारियों के प्रति आयोग का कड़ा रुख है और उनके खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति के तहत कार्रवाई की जाएगी।

निर्वाचन आयोग ने 9 अक्टूबर को पांच राज्यों में आदर्श आचार संहिता लागू की। मध्यप्रदेश में आदर्श आचार संहिता लगने के तीन दिनों के अंदर ही आयोग ने 4 अफसरों का ट्रांसफर कर दिया।

### लापरवाही के चलते निर्णय, चुनाव पूरे होने तक कोई पदभार नहीं







**भूगर्भीय हलचल**

### जमींदोज होते सबसे अमीर शहर की कहानी

## धंसते हुए न्यूयॉर्क को बचाने में भारत भी करेगा मदद

**नई दिल्ली ।** दुनिया का सबसे अमीर शहर न्यूयार्क लगातार डूब रहा है... धंस रहा है। वजह है उसकी जमीन, जो टेक्टोनिक प्लेटों के खिसकने से ऊपरी परत पर पड़ रहे वजन और जलवायु परिवर्तन से धंसती जा रही है। इस बात की पुष्टि नासा की जेट प्रोप्लशन लैबोरेटरी की स्टडी में हुआ है। भले ही पैरों के नीचे की जमीन स्थिर और टिकाऊ महसूस हो रही है, लेकिन धरती के नीचे यह धीरे–धीरे खिसक रही है। जेपीएल ने जो स्टडी की है, उसके अनुसार यह वर्ष 2016 से 2023 1.6 मिलिमीटर प्रति वर्ष की गति से धंस रही है। इसे बचाने की मुहिम में दुनिया के तकनीकी संपन्न देशों के साथ भारत भी मदद करेगा।

**दो मिमी की दर से धंस रहा–** नासा ने सैटेलाइट के जरिए न्यूयार्क सिटी का डाटा लिया। उससे थ्रीडी नक्शा बनवाया, यानी शहर की सतह के नीचे का थ्रीडी नक्शा। इससे पता चला कि न्यूयॉर्क शहर का बड़ा इलाका एक या दो मिलीमीटर प्रतिवर्ष की दर से धंस रहा है।



न्यूयॉर्क को तहस–नहस करने के लिए किसी प्राकृतिक आपदा की जरूरत नहीं है। विज्ञानियों का मानना है कि ये इमारतें ही उसे पाताल में धंसा देंगी। विज्ञान की भाषा में इसे 'सब्सिडेंस' कहते हैं, यानी जमीन के बड़े टुकड़े का अचानक धंस जाना।

**24 हजार साल पहले बर्फ के भार से धंस गई थी न्यू इंग्लैंड की जमीन**–करीब 24 हजार साल पहले न्यू इंग्लैंड का हिस्सा बर्फ से ढका था। बर्फ के वजन से न्यू इंग्लैंड की जमीन धंस गई थी। बदलते समय के साथ गर्मी बढ़ती चली गई। बर्फ पिघली तो अब जमीन वापस ऊपर आ रही है। इसे ग्लेशियल आइसोस्टेटिक एडजस्टमेंट कहते हैं। किसी शहर के लिए इस शब्द का मतलब होता है कि वह शहर धंस रहा है। यह कोई प्राकृतिक गड़बड़ी नहीं है, बल्कि मानवीय गतिविधियों से हो रहा है। न्यूयार्क की धंसने की मुख्य वजह ऊंची–ऊंची इमारतें बताई जा रही है।

जेपीएल में इस अध्ययन से जुड़े ब्रेट बुजांगा के अनुसार शहर के नीचे का विस्तृत नक्शा तैयार किया गया है। यह शहर बीच–बीच में बुलबुले की तरह फूटने की तैयारी में है। बुलबुला फूटते ही बड़ा गड्ढा बन जाता है तो यदि न्यूयार्क में ऐसा हुआ तो कई जगहों पर समुद्र और नदी का पानी भर जाएगा। इसे ही रोकने की तैयारी में जुटे हैं विज्ञानी। क्वींस का लागार्डिया एयरपोर्ट का रनवे, गवर्नर आइलैंड और >>शेष पृष्ठ 2 पर

# देश-विदेश

## हमलों में 22 अमेरिकी नागरिकों की मौत, कई लोग अभी भी लापता

मिडिल ईस्ट में इजरायल पर हमास के हमले में कम से कम 22 अमेरिकी नागरिकों की मौत हो गई है जबकि 17 की अभी कोई जानकारी नहीं है. कयास लगाए जा रहे हैं कि आने वाले दिनों में यह आंकड़ा बढ़ सकता है. व्हाइट हाउस की तरफ से यह जानकारी दी गई। व्हाइट हाउस की राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद में सामरिक संचार समन्वयक जॉन किर्बी ने कहा, हम जानते हैं कि, अब तक 22 अमेरिकी अपनी जान गंवा चुके हैं जबकि 17 के बारे में कोई जानकारी नहीं है. किर्बी ने आगे कहा कि आने वाले दिनों में ये संख्या बढ़ने की आशंका है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष


### कार्यालय नगरपालिका परिषद शहडोल (म.प्र.)

D.D. Complex, Near Tagore Pari, Shahdol, Distt. Shahdol
Email :cmoshahdol@mpurban.gov.in Ph.No. 07652-245175 (0), 241015(F)

**निविदा आमंत्रण सूचना**

क्र./5517/न.पा.श./2023 शहडोल, दिनांक 06/10/2023

एतद् द्वारा पंजीकृत फर्म से नीचे दिये गये विवरण अनुसार जेम पोर्टल के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| एन.आई. टी.नम्बर | ई-टेन्डर नम्बर | कार्य का नाम व विवरण | अनुमानित लागत (लाख में) | अमानत राशि | संविदाकार की श्रेणी | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 5508 | 2023 UAD_ 316032_1 | शहडोल नगर पालिका क्षेत्र की सफाई व्यवस्था हेतु कीटनाशक सामग्री क्रय (बिड में दर्शाये गये निर्धारित मापदण्ड एवं विवरण अनुसार) | 8.00 | 8,000/- | टेण्डर की शर्त अनुसार पंजीकृत फर्म | 15 दिवस |

1. इच्छुक ठेकेदार ऑनलाईन निविदा https://mptenders.gov.in/ पर देखी जा सकती है। 2. ऑनलाईन निविदा बेबसाईड https://mptenders.gov.in/ पर दिनांक 07/10/2023 को 11.00 AM से 23/10/2023 PM तक खरीदा जा सकता है। 3. किसी भी प्रकार का बिड से संबंधित शुद्धिपत्र केवल वेबसाईट में प्रसारित किया जावेगा समाचार पत्रों मे नहीं किया जावेगा। बाकी निविदा संबंधी समस्त विवरण एवं शर्तें ऑनलाईन देखी जा सकती हैं।

**(अक्षत बुंदेला) मुख्य नगर पालिका अधिकारी,**
**नगर पालिका परिषद शहडोल (म.प्र.)**



### कार्यालय कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, (सामान्य निर्वाचन) जिला जबलपुर (म.प्र.)

क्रमांक /निविदा/सा. निर्वाचन/सवि./2023/415 जबलपुर, दिनांक 11/10/2023

**अल्पकालीन ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि समस्त पंजीकृत फर्म/व्यक्ति/संस्था से आगामी विधानसभा निर्वाचन/ लोकसभा निर्वाचन 2023-24 (सामान्य निर्वाचन) हेतु जबलपुर जिले अंतर्गत निम्नलिखित कार्यों की ऑनलाईन अल्पकालीन तृतीय ई-निविदा आमंत्रित की जाती है, जो निम्नानुसार है-

| क्र. | निविदा | निविदा क्रय करने की प्रारंभ | निविदा जमा करने की अंतिम तिथि | तकनीकी निविदा खुलने की तिथि | वित्तीय निविदा खुलने की तिथि | धरोहर राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | एससीडी/एलईडी टीव्ही/ वाल एवं सीसीटीव्ही कैमरा हेतु निविदा | 11/10/23 सायं 04.00 बजे | 18/10/23 दोपहर 12.00 बजे तक | 18/10/23 दोपहर 03.00 बजे | 19/10/23 दोपहर 12.00 बजे | 50,000 |

निविदा प्रपत्र https://mptenders.gov.in/ पोर्टल के माध्यम से डाउनलोड किया जा सकता है, उपरोक्त निविदा प्रपत्र एवं निविदा प्रतिभूति की राशि ऑनलाईन https://mptenders.gov.in/ पोर्टल के माध्यम से कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जिला जबलपुर, मध्यप्रदेश के पक्ष में जमा करना अनिवार्य है, तथा जमा राशि संबंधी चालान या रसीद तकनीकी विड के साथ पोर्टल पर अपलोड करना अनिवार्य होगा।

निविदा शर्तें, सामग्री की सूची एवं विस्तृत जानकारी https://mptenders.gov.in/ पोर्टल के माध्यम से प्राप्त की जा सकती है।

दुर्घटना से रखनी दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है।

G-21238/23

**कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (सामान्य निर्वाचन) जबलपुर (म.प्र.)**


## हमास में हमले वाली पर मिला आईएसआईएस का झंडा, इजरायली खुफिया एजेंसियों का शक बढ़ा

इजरायल और फलस्तीन युद्ध में शनिवार, 7 अक्टूबर से जारी इस जंग में अब तक करीब 4,000 लोगों की मौत हो चुकी है इन सब के बीच, इजरायल डिफेंस फोर्सेज ने दावा किया है कि सैनिकों को गाजा सीमा के पास किबूत पर हमले के दौरान मारे गए एक आतंकवादी की जैकेट से इस्लामिक स्टेट इन इराक एंड सीरिया का झंडा मिला है.

यानी इस्लामिक स्टेट इन इराक एंड सीरिया जिसे (इस्लामिक स्टेट इन इराक एंड दी लीवेंट के नाम से भी जाना जाता है) वह एक जिहादी संगठन है, जो इराक और सीरिया में सक्रिय है।


**In The Court Of X Civil Judge, Junior Division, District Court, Sagar**
**Presiding Officer:- सुश्री रीना शर्मा**
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)
(RCS A/0000243/2017)
चंद्रकुमार ..........................वादी
VS
महेन्द्र कुमार .......................... प्रतिवादी
Process Id - 583/2023
पेशी दिनांक :- 30/10/2023

प्रेषिती- (1) अरविन्द कुमार पिता स्व. बाबूलाल पाठक पता-दुर्गानगर विदिशा मध्यप्रदेश
(2) श्रीमति स्वर्णलता पत्नि अरूण कुमार भार्गव पता- गढा जबलपुर मध्य प्रदेश
(3) श्रीमति श्रद्धा चर्तुवेदी पित डॉ. पंकज चर्तुवेदी पता- सागर जिला सागर मध्य प्रदेश

यह कि प्रार्थी चंद्रकुमार ने आपके विरुद्ध आरसीएस ए सिविल प्रकरण के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात /हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हैं तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करायें। यह आज तारीख 05 October 2023 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

न्यायालय की मुद्रा — **सुश्री रीना शर्मा**, न्यायाधीश, दशम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खंड सागर, जिला-सागर (म.प्र.)

टिप्पणी :- दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशन हेतु।
कृपया ध्यान दें:- 1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।



**पश्चिम मध्य रेल**

**आम नीलामी सूचना**

जबलपुर स्टेशन के पार्सल कार्यालय में पुराने बैग, सूटकेस, जिनमें नए पुराने कपड़े, पानी की बोतल, इत्यादि सामग्री की नीलामी की जाना है।
उक्त सामग्री की नीलामी जबलपुर स्टेशन के पार्सल कार्यालय में दिनांक 20.10.2023 दिन शुक्रवार को प्रात: 12.00 बजे की जायेगी। अत: उक्त नीलामी के इच्छुक बोलीकर्ता कोविड-19 से सुरक्षा हेतु नियमों का पालन करते हुए समयानुसार उपस्थित होकर बोली लगा सकते हैं।

**सहायक वाणिज्य प्रबंधक, प.म.रे., जबलपुर**

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर


## कोर कमांडर स्तर की 20वीं बैठक में भी नहीं निकला कोई समाधान

# लद्दाख के मोर्चे पर स्थिति जस की तस

**-सुरेश एस डुग्गर**

जम्मू, 12 अक्टूबर (देशबन्धु)। लद्दाख के मोर्चे पर स्थिति अभी भी जस की तस बनी रहेगी, इसलिए यह सर्दी भी भयानक तापमान में काटेंगें दोनों देशों के जवान क्योंकि 20वें दौर की वार्ता हुई फेल हो गई है। जानकारी के मुताबिक भारत और चीन ने पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर तनाव कम करने के लिए कोर कमांडर स्तर की 20वें दौर की वार्ता की, लेकिन तत्काल कोई समाधान नहीं निकला। रक्षा और सुरक्षा प्रतिष्ठान के सूत्रों ने कहा कि इसका मतलब यह है कि दोनों पक्षों के सैनिक लगातार चौथी सर्दियों तक एलएसी के साथ आगे के क्षेत्रों में तैनात रहेंगे। ऐसे में लद्दाख के मोर्चे की एक चिंताजनक बात यह है कि भारतीय सेना को एलएसी पर इन सर्दियों में भी टिके रहने के साथ चीन से जंग की तैयारी भी करनी पड़ रही है। ऐसा इसलिए क्योंकि चीनी सेना द्वारा कब्जाए गए इलाकों में भूमिगत शेल्टर और बंकरों के निर्माण के बाद यह संकेत मिलने आरंभ हुए हैं कि दोनों मुल्कों की सेनाओं के बीच एलएसी के विवादित क्षेत्रों में खूरेंजी झड़पें हो सकती हैं। जबकि समाचार यह कहते हैं कि चीन कई मोर्चों पर उलझे होने के कारण लद्दाख सीमा पर अपनी खुन्नस निकाल सकता है। ऐसे में भारतीय सेना की चिंता यह है कि और कितनी सर्दियां चीन सीमा पर गुजारनी होंगी।

**सेना को युद्ध वाली स्थिति में रहने को कहा**

रक्षा सूत्रों के बकौल, पैंगांग झील, देपसांग, स्पंगुर झील, रेजांगला आदि के एलएसी के इलाकों में भारतीय सेना को युद्ध वाली स्थिति में ही रहने को कहा गया है। उसे अपने सैनिक साजो सामान को कुछ ही मिनटों के आर्डर पर जवाबी हमला करने की स्थिति में भी तैयार रखने के निर्देश दिए गए हैं। याद रहे भारतीय और चीनी सैनिक पूर्वी लद्दाख में गतिरोध के कुछ बिंदुओं पर तीन साल से अधिक समय से टकराव की स्थिति में हैं, हालांकि दोनों पक्षों ने व्यापक राजनयिक और सैन्य वार्ता के बाद कई क्षेत्रों से सैनिकों की वापसी पूरी कर ली है। गलवान घाटी, पैंगोंग त्सो, गोगरा (पीपी-17ए) और हॉट स्प्रिंग्स (पीपी-15) से सैनिकों की वापसी के बावजूद, दोनों देशों की सेनाओं ने एलएसी पर हजारों सैनिकों और उपकरणों को बनाए रखना जारी रखा है। भारत उन क्षेत्रों में अप्रैल 2020 तक की यथास्थिति की बहाली की मांग कर रहा है, जहां मई 2020 से तनाव देखा गया था।


**पश्चिम मध्य रेल**

**विभाग-चिकित्सा कोटेशन सूचना क्रमांक 01/2023**

**क्रमांक:** जबल/चिकि./कोटेशन/NABL Lab, **दिनांक:** 10.10.2023. भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, पश्चिम मध्य रेल जबलपुर के द्वारा जबलपुर मंडल में गुणवत्ता नियंत्रण (Quality Control) के तहत संग्रहित खाद्य नमूनों की जाँच करने के लिये प्रति खाद्य नमूना की जाँच राशि के आधार पर 02 वर्ष के लिये सीलबंद कोटेशन आमंत्रित किये जाते है।

| क्रमांक | कार्य का नाम | कोटेशन जमा करने की तिथि, समय एवं स्थान | कोटेशन खोलने की तिथि, समय एवं स्थान |
|---|---|---|---|
| 1 | जबलपुर मंडल में गुणवत्ता नियंत्रण (Quality Control) के तहत संग्रहित खाद्य नमूना की जाँच करने का कार्य | दिनांक 25.10.2023 को दोपहर 15.00 बजे तक मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक, कार्यालय, केन्द्रीय अस्पताल, जबलपुर | दिनांक 25.10.2023 को दोपहर 15.15 बजे। मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक, कार्यालय, केन्द्रीय अस्पताल, जबलपुर |

इसे मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, कार्यालय, केन्द्रीय अस्पताल, पमरे, जबलपुर के नोटिस बोर्ड एवं https://wcr.indianrailways.gov.in पर भी देखा जा सकता है। बिना कारण बताये कोटेशन की प्रक्रिया को प्रशासन के द्वारा रद्द करने का अधिकार होगा।

**कोटेशन फॉर्म के साथ संलग्न किये जाने वाले आवश्यक दस्तावेज:-**
1. NABL एवं FASSAI से मान्यता के प्रपत्र।
2. जी.एस.टी. रजिस्ट्रेशन
3. पेन कार्ड

**नोट:** क्रमांक 01 से 03 तक आवश्यक दस्तावेजों के संलग्न नहीं पाये जाने पर कोटेशन प्रस्ताव को अयोग्य घोषित करार दिया जायेगा।

**मुख्य चिकित्सा अधीक्षक (प्रभारी), प.म.रे.,जबलपुर**

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर



## इंडियन बैंक Indian Bank
## इलाहाबाद ALLAHABAD

### विक्रय सूचना का प्रकाशन (ई- नीलामी द्वारा)

**प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (6) एवं 6(2) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुर्नगठन तथा प्रतिभूतिहित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल एवं चल आस्तियों के विक्रय हेतु ई- नीलामी विक्रय नोटिस**

सर्वसाधारण को साधारणतया एवं ऋणी/जमानतदार/बन्धककर्ता को विशेषतया यह सूचना दी जाती है कि निम्न वर्णित सम्पत्तियों का इंडियन बैंक के पक्ष में प्रतिभूति हित का सृजन है जिसका कब्जा इंडियन बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा, वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13 (4) के अंतर्गत लिया गया है एवं बैंक की बकाया राशि मय ब्याज, चार्जेस आदि वसूलने हेतु निम्न शर्तों एवं नियमों के अंतर्गत निम्नलिखित प्रतिभूति आस्तियों का **''जैसा है जहाँ है'', ''जैसा है जो है'', और ''जो कुछ भी है''** आम जनता से निविदा का आमंत्रण कर ई- नीलामी दवारा विक्रय करने का निर्णय लिया गया है। विक्रय अधोहस्ताक्षरी द्वारा सर्विस प्रदाता की ई- नीलामी वेबसाइट प्लेटफार्मः (1) https://www.ibapi.in (2) http://www.mstcecommerce.com पर संपन्न होगा। वर्तमान में संपत्ति पर **भौतिक कब्जा** नहीं है।

| क्रं. सं. | शाखा का नाम एवं पता | (1) खाते का नाम एवं पता (2) ऋणी का नाम एवं पता प्रोपराइटर/पार्टनर/ डायरेक्टर का नाम (3) जमानतदार एवं उसके पिता/पति का नाम | (1) बंधक संपत्ति जिसकी नीलामी हो रही है का विवरण एवं (2) टाइटल डीड होल्डर का नाम | (1) मांग सूचना दिनांक (2) कब्जा दिनांक (3) सुरक्षित ऋण का विवरण | (1) आरक्षित मूल्य (2) धरोहर राशि (3) बिड बढ़ाने की राशि (4) विक्रय की दिनांक एवं समय | प्राधिकृत अधिकारी का नाम एवं सम्पर्क नम्बर |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सतन मुख्य- प्रथम तल इंडियन बैंक बिल्डिंग, जय स्तम्भ चौक, सतना | **ऋणी/ बंधककर्ता- श्रीमति गीता पाण्डे पत्नि स्व. श्री अशोक पाण्डे,** पताः 1- डिलौरा रोड, गायत्री नगर, गली नं. 04, टिकुरिया टोला, तहसील- रघुराज नगर, सतना- 48001 पताः 2- ग्राम सोनौरा चेक उतेली वार्ड नं. 22, बायपास रोड, तहसील- रघुराज नगर, जिला- सतना- 485001 **ऋणी- 2. श्री अनिल पाण्डे पिता स्व. श्री अशोक कुमार पाण्डे,** पताः 1- डिलौरा रोड, गायत्री नगर, गली नं. 04, टिकुरिया टोला, तहसील- रघुराज नगर, सतना- 48001 पताः 2- ग्राम सोनौरा चेक उतेली वार्ड नं. 22, बायपास रोड, तहसील- रघुराज नगर, जिला- सतना- 485001 **जमानतदार- 3. श्री हरीषचन्द्र सेवानी पिता श्री भुगद मल सेवानी,** गोपाल कॉलोनी के पास, टिकुरिया टोला, सतना- 485001 | भूमि एवं बिल्डिंग सम्पत्ति स्वामी- श्रीमति गीता पाण्डे पत्नि स्व. श्री अशोक कुमार पाण्डे स्थित अराजी नं. 141/2/1/टी, एरिया 0.018 हेक्टे. या 1920 वर्गफुट स्थित ग्राम- सोनौरा चेक उटेली, प.ह.नं. 55, म्युनिसिपल वार्ड नं. 22, बायपास रोड के साईड में, ब्लाक- सोहावाल, तहसील- रघुराज नगर, जिला- सतना, रजिस्ट्र्ड सेल डीड नं. 2463 दिनांक 01.12.2012, बुक नं. ए-1, वॉल्यूम नं. 7166, पेज नं. 111 से 117)। चतुर्सीमाः उत्तर- प्रस्तावित रोड, दक्षिण- सुरेश तिवारी का प्लाट, पूर्व- चन्द्रशेखर कुशवाहा की बची हुई भूमि, पश्चिम- पटेल जी का प्लाट। **Property ID No. IDIB50170094989** | 24-12-2021<br>09-05-2023<br>Rs. 11,55,842/- + ब्याज 24.12.2021 से एवं अन्य खर्च | Rs. 12,10,000/-<br>Rs. 1,21,000/-<br>Rs. 20,000/-<br>दि. 30-10-2023 सुबह 11.00 बजे से दोपहर 4.00 बजे तक | श्री राकेश कुमार यादव 7003426479 |
| 2 | रीवा मुख्य- | **ऋणी- (1) मेसर्स नीलम बेवरेज (प्रोप. श्री शेष प्रताप सिंह),** ग्राम- बुधिया, जोगिंगहाई टोल प्लाजा के पास, आर.आई. सर्किल एवं तहसील- रायपुर करचुलियान, रीवा **ऋणी/बंधककर्ता/जमानतदार- (2) श्री शेष प्रताप सिंह पिता श्री हरिहर प्रताप सिंह,** अग्रवाल नर्सिंग होम, खेतही, तहसील- हुजूर, रीवा | सम्पत्ति के सभी भू- भाग भूमि एवं बिल्डिंग सम्पत्ति स्वामी- श्री शेष प्रताप सिंह, स्थित खसरा नं. 408/3/2, एरिया- 0.648 हेक्टे. स्थित ग्राम- बुधिया 441, पटवारी हल्का- बुधिया, आर.आई. सर्किल- रायपुर करचुलियान, तहसील- रायपुर करचुलियान, जिला- रीवा । चतुर्सीमाः उत्तर- गांव की रोड, दक्षिण- हरिहर प्रताप सिंह की भूमि, पूर्व- कृष्णपाल सिंह की भूमि, पश्चिम- काशी प्रताप सिंह की भूमि। **Property ID No. IDIB50436835513** | 31-07-2020<br>02-02-2023<br>Rs. 71,76,881/- + ब्याज 31.07.2020 से एवं अन्य खर्च | Rs. 66,75,000/-<br>Rs. 6,67,500/-<br>Rs. 50,000/-<br>दि. 30-10-2023 सुबह 11.00 बजे से दोपहर 4.00 बजे तक | श्री निर्मल कुमार पात्रा 7609918907 |
| 3 | कटनी मुड़वारा- | **ऋणी- 1. मेसर्स प्रबल फार्मा (प्रोप. श्री जितेन्द्र सिंह तिवारी),** गंगा प्लायवुड के पीछे, प्रथम तल, हीरागंज, कटनी **प्रोप्राइटर/ बंधककर्ता- 2. श्री जितेन्द्र सिंह तिवारी पिता लक्ष्मण सिंह,** मकान नं. 526, लाल बहादुर शास्त्री वार्ड नं. 03, कुठला, जिला- कटनी | सम्पत्ति के सभी भू-भाग आवासीय मकान, सम्पत्ति स्वामी- श्री जितेन्द्र सिंह तिवारी पिता श्री लक्ष्मण सिंह तिवारी, स्थित कुठला, लाल बहादुर शास्त्री वार्ड नं. 3, पटवारी हल्का नं. 40/50, न.बं. 363, खसरा नं. 84/48, एरिया- 616 वर्गफुट, कटनी। चतुर्सीमाः उत्तर- रास्ता, दक्षिण- डॉ. जैन का मकान, पूर्व- प्रस्तावित कच्चा रास्ता, पश्चिम- श्री लक्ष्मण सिंह तिवारी का मकान। **Property ID No. IDIB50437430730** | 07-12-2020<br>01-03-2021<br>Rs. 21,16,176/- + ब्याज 07.12.2020 से एवं अन्य खर्च | Rs. 21,47,200/-<br>Rs. 2,14,720/-<br>Rs. 20,000/-<br>दि. 30-10-2023 सुबह 11.00 बजे से दोपहर 4.00 बजे तक | श्री अविनाश नायक 8250176865 |
| 4 | सोहावल- | **ऋणी- 1. मेसर्स श्री नारायण कंस्ट्रक्शन कम्पनी (प्रतिनिधित्व पार्टनर)- अ) श्री संजय सिंह एवं ब)श्री चन्द्र प्रताप सिंह,** संजय निवास, महाराणा प्रताप नगर, सेक्टर- 02, मुख्तियार गंज, सतना (म.प्र.)- 485001 **2. श्री चन्द्र प्रताप सिंह (पार्टनर मेसर्स श्री नारायण कंस्ट्रक्शन कम्पनी) पिता श्री सत्य नारायण सिंह,** संजय निवास, महाराणा प्रताप नगर, सेक्टर- 02, मुख्तियार गंज, सतना (म.प्र.)- 485001 **3. श्री संजय प्रताप सिंह (पार्टनर मेसर्स श्री नारायण कंस्ट्रक्शन कम्पनी) पिता श्री सत्य नारायण सिंह,** संजय निवास, महाराणा प्रताप नगर, सेक्टर- 02, मुख्तियार गंज, सतना (म.प्र.)- 485001 **4. जागीर स्व. श्रीमति चन्द्रावती सिंह पत्नि स्व. श्री सत्य नारायण सिंह, प्रतिनिधित्व विधिक उत्तराधिकारी- अ- श्री संजय सिंह (ज्ञात), ब- श्री चन्द्र प्रताप सिंह (ज्ञात), स- श्री पुष्पेन्द्र सिंह (ज्ञात), द- श्री दीपेन्द्र सिंह (ज्ञात), सभी का पता- पिता श्री सत्य नारायण सिंह,** संजय निवास, महाराणा प्रताप नगर, सेक्टर- 02, मुख्तियार गंज, सतना (म.प्र.)- 485001 | सम्पत्ति के सभी भू- भाग भूमि एवं बिल्डिंग, सम्पत्ति स्वामी- स्व. श्रीमति चन्द्रावती सिंह पत्नि स्व. श्री सत्य नरायाण सिंह, स्थित अराजी नं. 36/2/6, एरिया 1760 वर्गफुट, स्थित मौजा- भामनगांव, वार्ड नं. 06 (पुराना- 05), प.ह.नं.- 98, आर.आई.सी. सतना, विकास खण्ड- सोहावल, तहसील- रघुराज नगर, जिला सतना (म.प्र.)- 485001, (रजिस्ट्र्ड सेल डीड नं. 2782 दिनांक 11.03.1999), चतुर्सीमा- उत्तर- विक्रेता द्वारा छोड़ी गई 20 फुट चौड़ी रोड, दक्षिण- सोनी एवं श्रीमति सरोज कुमारी का प्लाट, पूर्व- विक्रेता की बची हुई अराजी, पश्चिम- विक्रेता की बची हुई अराजी। **Property ID No. IDIB50237598203** | 15-12-2022<br>12-05-2023<br>Rs. 50,41,669/- + ब्याज 15.12.2022 से एवं अन्य खर्च | Rs. 66,98,000/-<br>Rs. 6,69,800/-<br>Rs. 50,000/-<br>दि. 30-10-2023 सुबह 11.00 बजे से दोपहर 4.00 बजे तक | श्री आशीष सिंह 9919961949 |
| 5 | सोहावल- | **ऋणी/ बंधककर्ता/ जमानतदार- 1. श्री गौरव प्रताप सिंह पिता श्री बलवंत सिंह,** मकान नं.- 6, लोट्स सिटी, सोहावल, सतना (म.प्र.)- 485001 **जमानतदार- 2. श्री सौरभ प्रताप सिंह पिता श्री बलवंत सिंह,** मकान नं.- 6, लोट्स सिटी, सोहावल, सतना (म.प्र.)- 485001 | सम्पत्ति के सभी भू-भाग भूमि एवं डबल स्टोरी बिल्डिंग, सम्पत्ति स्वामी- श्री गौरव प्रताप सिंह पिता श्री बलवंत सिंह, स्थित अराजी नं.- 2/1/क/2/3, कुल एरिया- 3000 वर्गफुट (उत्तर से दक्षिण- 50 फुट एवं पूर्व से पश्चिम- 60 फुट), मझबोगवां (सांई लोट्स सिटी), प्लाट नं. 6, प.ह.नं.- 95 नया 21, रा.नि.मं. एवं विकास खण्ड- सोहावल, तहसील- रघुराजनगर, जिला- सतना। चतुर्सीमाः उत्तर- प्लाट नं. 05, दक्षिण- प्लाट नं. 07, पूर्व- रास्ता, पश्चिम- प्लाट नं. 16 बी **Property ID No. IDIB50299752399** | 25-07-2022<br>17-01-2023<br>Rs. 38,35,142/- + ब्याज 25.07.2022 से एवं अन्य खर्च | Rs. 58,87,000/-<br>Rs. 5,88,700/-<br>Rs. 25,000/-<br>दि. 30-10-2023 सुबह 11.00 बजे से दोपहर 4.00 बजे तक | श्री आशीष सिंह 9919961949 |

**ई- नीलामी की दिनांक एवं समय- 30/10/2023, सुबह 11.00 बजे से सायं 4.00 बजे तक,**
**ई- नीलामी प्लेटफार्म https:ibapi.in and https://www.mstcecommerce.com, https://indianbank.in पर सम्पन्न होगी**

नोट- यह सूचना उपरोक्त ऋण के कर्जदार/गारंटरों /बंधककर्ताओं को उपरिवर्णित तिथि को इस बिक्री के आयोजन और अन्य विवरण के बारे में नोटिस भी है।

दिनांकः 13/10/2023, स्थान- आंचलिक कार्यालयः द्वितीय तल, बैंक बिल्डिंग, जय स्तम्भ चौक, सतना (म.प्र.)

**प्राधिकृत अधिकारी, इंडियन बैंक**



**FORM NO. 14 [See Regulation - 33 (2)]**
By Regd. A/D, Dasti failing which by Publication.

**Office of the Recovery Officer - I/II**
**Debt Recovery Tribunal, Jabalpur**
**797- II, Shanti Kunj, South Civil Lines, Jabalpur, M.P. 482001**

**DEMAND NOTICE**

**NOTICE UNDER SECTIONS 25 TO 28 OF THE RECOVERY OF DEBTS & BANKRUPTCY ACT, 1993 AND RULE 2 OF SECOND SCHEDULE TO THE INCOME TAX ACT, 1961.**

**RC/116/2023** **05/10/2023**

**CANARA BANK**
**VERSUS**
**SHRI MOHAMMAD SALEEM KHAN**

**To (CD 1) Shri Mohammad Saleem Khan**
**Shri Abdul Hameed Khan**
2806/1, Adarsh Nagar Colony, Adhartal, Jabalpur (M.P.) 482001

This is to notify that as per the Recovery Certificate issued in pursuance of orders passed by the Presiding Officer, DEBTS RECOVERY TRIBUNAL JABALPUR in **OA/451/2020** an amount of **Rs 13735798 ( Rupees One Crore Thirty Seven Lakhs Thirty Five Thousand Seven Hundred Ninty Eight Only )** along with pendentellite and future interest @ **9.65 %** Simple Interest Yearly **w.e.f. 24/06/2020** till realization and costs of **Rs 140000 ( Rupees One Lakh Forty Thousands Only )** has become due against you (Jointly and severally/ Fully/Limited). **2.** You are hereby directed to pay the above sum within 15 days of the receipts of the notice, failing which the recovery shall be made in accordance with the Recovery of Debts Due to Banks and Financial Institutions Act, 1993 and Rules there under. **3.** You are hereby ordered to declare on an affidavit the particulars of yours assets on or before the next date of hearing **4.** You are hereby ordered to appear before the undersigned on **20/11/2023** at 10:30 a.m. for further proceedings. **5.** In addition to the sum aforesaid, you will also be liable to pay. **(a)** Such interests as is payable for the period commencing immediately after this notice of the certificate / execution proceedings. **(b)** All costs, charges and expenses incurred in respect of the service of this notice and warrants and other processes and all other proceedings taken for recovering the amount due.

Given under my hand and the seal of the Tribunal, on this date: **05/10/2023**

**VAATSALYA KUMAR**
**Recovery Officer, Debt Recovery Tribunal, Jabalpur**



**FORM NO. 14 [See Regulation - 33 (2)]**
By Regd. A/D, Dasti failing which by Publication.

**Office of the Recovery Officer - I/II**
**Debt Recovery Tribunal, Jabalpur**
**797- II, Shanti Kunj, South Civil Lines, Jabalpur, M.P. 482001**

**DEMAND NOTICE**

**NOTICE UNDER SECTIONS 25 TO 28 OF THE RECOVERY OF DEBTS & BANKRUPTCY ACT, 1993 AND RULE 2 OF SECOND SCHEDULE TO THE INCOME TAX ACT, 1961.**

**RC/169/2023** **07/10/2023**

**CANARA BANK**
**VERSUS**
**M/S. MAA BIJASAN ENTERPRISES**

**To (CD 1) M/s. Maa Bijasan Enterprises**
310-B, Rajul Landmark, Opposite Jabalpur Hospital, Napier Town, Jabalpur - 482001 (M.P.)

**(CD 2) Shri Piyush Mishra S/o. Shri Rajendra Prasad Mishra**
D-301, Shubhankar Apartment, Wright Town, Jabalpur - 482001 (M.P.)

This is to notify that as per the Recovery Certificate issued in pursuance of orders passed by the Presiding Officer, DEBTS RECOVERY TRIBUNAL JABALPUR in **OA/501/2020** an amount of **Rs 12715023.33 ( Rupees One Crore Twenty Seven Lakhs Fifteen Thousand Twenty Three and Paise Thirty Three Only)** along with pendentellite and future interest @ **10.50 %** Simple Interest Yearly **w.e.f. 09/07/2020** till realization and costs of **Rs 130000 ( Rupees One Lakh Thirty Thousands Only)** has become due against you (Jointly and severally/ Fully/Limited). **2.** You are hereby directed to pay the above sum within 15 days of the receipts of the notice, failing which the recovery shall be made in accordance with the Recovery of Debts Due to Banks and Financial Institutions Act, 1993 and Rules there under. **3.** You are hereby ordered to declare on an affidavit the particulars of yours assets on or before the next date of hearing **4.** You are hereby ordered to appear before the undersigned on **23/11/2023** at 10:30 a.m. for further proceedings. **5.** In addition to the sum aforesaid, you will also be liable to pay. **(a)** Such interests as is payable for the period commencing immediately after this notice of the certificate / execution proceedings. **(b)** All costs, charges and expenses incurred in respect of the service of this notice and warrants and other processes and all other proceedings taken for recovering the amount due.

Given under my hand and the seal of the Tribunal, on this date: **07/10/2023**

**SATISH SOLANKI**
**Recovery Officer, Debt Recovery Tribunal, Jabalpur**


**वापस लाने..**

सवार होने की उम्मीद है। फिलहाल चार्टर उड़ानें संचालित की जा रही हैं। लेकिन भविष्य में यदि जरूरत महसूस हुई तो हमारे पास सभी विकल्प हैं। ऑपरेशन में भारतीय वायुसेना की भूमिका से इनकार नहीं किया जा सकता।

**वहां के हालात चिंताजनक**

एक सवाल के जवाब में प्रवक्ता ने कहा कि लगभग 18 हजार भारतीय इजरायल में हैं। वहां संघर्ष चल रहा है और हालात चिंताजनक हैं। हमने अब तक किसी के हताहत होने की खबर नहीं सुनी है। उन्होंने कहा कि भारतीयों को भारतीय मिशन में पंजीकरण कराने और मिशन द्वारा जारी परामर्श का पालन करने की सलाह दी गई है।

**धंसते हुए न्यूयार्क....**

राइकर्स आइलैंड लैंडफिल की वजह से धंसते जा रहे हैं। ये औसत से ज्यादा गति से धंस रहे हैं। **इमारतों का वजन 76,400 करोड़ किलोग्राम**

टाम और उनके साथियों ने न्यूयार्क सिटी की 10 लाख इमारतों का वजन निकला, यानी 76,400 करोड़ किलोग्राम। साथ ही उन्होंने शहर को 100×100 वर्ग मीटर के ग्रिड में बांट दिया। इसके बाद इमारतों के वजन को ग्रैविटी के हिसाब से नापा कि इनसे कितना प्रेशर न्यूयार्क शहर पर पड़ रहा है। इसमें फिलहाल सिर्फ इमारतों का वजन लिया गया है। **'निसार' सुझाएगा आपदा से बचाव का रास्ता**

न्यूयार्क को लेकर आगे की स्टडी इसरो और नासा के लांच होने वाले सेटेलाइट 'निसार' के जरिए होगी। यह मिशन पूरी दुनिया को इस तरह की प्राकृतिक आपदाओं से बचाने का तरीका सुझाएगी। उनके हालात को बताएगी। समुद्री जलस्तर के ऊपर उठने से लेकर तूफान आने तक, ग्लेशियर पिघलने से लेकर ज्वालामुखी के फटने तक, यह सैटेलाइट पूरी दुनिया की जमीन में होने वाली हलचल पर नजर रखेगा।



CMYK

# देश-प्रदेश

उवाच

**भाजपा से मुक्ति मिलेगी तो देश बहुत आगे बढ़ेगा : नीतीश**



**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री और जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के शीर्ष नेता नीतीश कुमार ने बुधवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर निशाना साधा और कहा कि इनसे मुक्ति मिलेगी तो देश बहुत आगे बढ़ेगा। कुमार ने बुधवार को यहां लोकनायक जयप्रकाश नारायण की जयंती के अवसर में उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद संवाददताओं से बातचीत में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के सभी क्षेत्रीय दलों का अस्तित्व समाप्त हो जाने संबंधित बयान पर कहा, हम शुरू से कह रहे हैं कि भाजपा वालों ने मीडिया पर कब्जा कर रखा है। वे लोग सरकार के पैसे का सही इस्तेमाल भी नहीं कर रहे हैं।

## बिहार में बड़ा ट्रेन हादसा

# बक्सर में नार्थ ईस्ट एक्सप्रेस के डिब्बे पटरी से उतरे, 70 घायल, एक मौत की खबर



**बक्सर।** नई दिल्ली से कामाख्या जा रही नॉर्थ ईस्ट एक्सप्रेस बुधवार रात डीडीयू जंक्शन-पटना रेल मार्ग पर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। बिहार के रघुनाथपुर स्टेशन के समीप ट्रेन की एक बोगी पलट गई जबकि पांच बेपटरी हो गई।

नई दिल्ली से कामाख्या जा रही नॉर्थ ईस्ट एक्सप्रेस बुधवार रात डीडीयू जंक्शन-पटना रेल मार्ग पर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। बिहार के रघुनाथपुर स्टेशन के समीप ट्रेन की एक बोगी पलट गई जबकि पांच बेपटरी हो गई। बक्सर डीएम अंशुल अग्रवाल के अनुसार 70 से अधिक यात्री घायल हैं। सभी को अस्पताल भेजा जा रहा है। राहत एवं बचाव कार्य जारी है।

इधर, चार यात्रियों की मौत की अपुष्ट सूचना है। वहीं रेलवे की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार मेडिकल टीम और अधिकारियो के साथ-साथ दुर्घटना राहत यान घटना स्थल पर पहुंच चुका हैं। किसी प्रकार के जान-माल की कोई क्षति नहीं हुई है। रेल हादसे के कारण पीडीडीयू-पटना रूट की अप और डाउन लाइन बाधित हो गई। ट्रेनें जहां-तहां खड़ी हो गईं।

**डीडीयू जंक्शन से दो घंटे की देरी से रवाना हुई थी ट्रेन**-दानापुर और पंडित दीनदयाल उपाध्याय से बचाव दल घटना स्थल पर पहुंच चुका है। ग्रामीणों के सहयोग से राहत-बचाव का कार्य जारी है। नॉर्थ ईस्ट एक्सप्रेस डीडीयू जंक्शन से दो घंटे की देरी से रात पौने नौ बजे पटना के लिए रवाना हुई थी। ट्रेन 09.35 बजे बिहार के बक्सर में रघुनाथपुर स्टेशन पर पार कर रही थी की चार एसी बोगी एक-एक कर बेपटरी हो गए।

यात्रियों में चीख पुकार मच गई। सूचना से रेल प्रशासन में खलबली मच गई। प्रशासन द्वारा सभी निजी अस्पतालों से अनुरोध किया गया है कि किसी भी आपातकालीन स्थिति के लिए अपने स्टॉफ और डॉक्टरों तैयार रखें। पीडीडीयू जंक्शन से भी राहत बचाव दल घटना स्थल के लिए रवाना हो गया था।

### दर्जनों ट्रेनों जहां-तहां खड़ी

वहीं लाइन ब्लॉक होने से अप पुणे दानापुर एक्सप्रेस, बाबा वैद्यनाथ एक्सप्रेस, अप चंडीगढ़ सुपरफास्ट एक्सप्रेस, पाटलिपुत्र एक्सप्रेस, डाउन विक्रमशीला एक्सप्रेस, डाउन पाटलिपुत्र एक्सप्रेस, भगत की कोठी कामाख्या एक्सप्रेस, बीकानेर गुवाहाटी एक्सप्रेस, डिब्रुगढ़ राजधानी एक्सप्रेस अप, डाउन तेजस एक्सप्रेस और पूर्वा एक्सप्रेस सहित अप और डाउन की कई ट्रेनें जहां-तहां खड़ी हो गई हैं। रेलवे प्रशासन ट्रेनों को दूसरे रूट से चलाने की तैयारी में जुट गया है।

### हेल्पलाइन नंबर जारी

रेल प्रशासन ने हेल्पलाइन नंबर जारी किए हैं।
पटना - 9771449971
दानापुर - 8905697493
आरा - 8306182542
वाणिज्य कंट्रोल - 7759070004

**15 एंबुलेंस भेजे गए**-आरा के डीएम ने जानकारी दी है कि उन्होंने एसडीएम के साथ 15 एंबुलेंस को घायलों की सहायता के लिए भेज दिया है। प्रशासन की ओर से पटना से भी दर्जन भर एंबुलेंस को रवाना किया गया है। पटना के पीएमसीएच, एनएमसीएच और आईजीआईएमएस को अलर्ट किया गया है। इसके साथ ही सभी डॉक्टरों को ड्यूटी पर रहने का निर्देश दिया गया है।

शिवराज के खिलाफ हुए ट्वीट पर कमलनाथ ने कहा

# 'कांग्रेस का हाथ नहीं, आप दीर्घायु हों'





**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह को लेकर 'मामा का श्राद्ध' वाली कथित पोस्ट पर मचे बबाल के बीच प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने कहा कि इसमें कांग्रेस का हाथ नहीं है। कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष कमलनाथ ने ट्वीट किया कि 'प्रिय शिवराज जी, ईश्वर आपको दीर्घायु दे।' मेरी समझ में यह नहीं आता कि आपको हर चीज के पीछे कांग्रेस पार्टी ही क्यों नजर आती है? कांग्रेस पार्टी की ओर से वैसा कोई भी ट्वीट नहीं किया गया है, जैसा कि आप जिक्र कर रहे हैं। अगर आपको वाकई लगता है कि आपके खिलाफ किसी ने ट्वीट किया है तो आप उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई कीजिए। उन्होंने अरोप भरे लहजे में लिखा कि सहानुभूति हासिल करने के लिए झूठा दुष्प्रचार करना नैतिकता नहीं है। श्राद्ध पक्ष में आपको टिकट आपकी पार्टी ने दिया है, कांग्रेस पार्टी ने नहीं दिया है। आप बखूबी जानते हैं कि आपके व्यक्तिगत दुश्मन आपकी पार्टी में बैठे हैं और आपका अहित करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे।

उल्लेखनीय है कि श्राद्ध पक्ष में भाजपा प्रत्याशियों की चौथी सूची जारी की गई, जिसमें मुख्यमंत्री शिवराज को भी उनकी परम्परागत सीट बुधनी विधानसभा से टिकट दिया गया। इसके बाद सोशल मीडिया पर एक पोस्ट वायरल हुई। जिसमें लिखा था कि 'मामा का श्राद्ध' और नीचे लिखा 'श्राद्ध में बीजेपी ने दिया मामा शिवराज को टिकट'। ये पोस्ट वायरल होने के बाद भाजपा ने इस पर कड़ी आपत्ति दर्ज की, वहीं शिवराज सिंह चौहान के बेटे कार्तिकेय चौहान ने ट्विटर पर एक भावुक पोस्ट लिखते हुए कहा 'आप पर दया करूं या गुस्सा? आखिर मेरे जीवित पिता के श्राद्ध की बात आप कर रहे हैं। मुझे तरस आ रहा है।'

### शिवराज के साथ करोड़ों माताओं-बहनों का आशीर्वाद



इधर ज्योतिरादित्य सिंधिया भी स्वयं को इस मुद्दे से अछूता नहीं रख पाए उन्होंने ट्वीट कर कहा कि इस मुद्दे पर कांग्रेस पर आरोप लगाते हुए कहा कि श्राद्ध मनाना है तो अपने सिद्धांतों को मनाइए, क्योंकि मुख्यमंत्री श्री चौहान के साथ करोड़ों माताओं और बहनों का आशीर्वाद है। उन्होंने लिखा कि 'राज्य चुनाव में अपनी आती हुई हार देखकर कांग्रेस पार्टी बौखलाने लगी है।



उत्तराखंड से लौटकर चुनाव प्रचार में जुटे शिवराज

# भोपाल उत्तर में किया रोड शो बोले- विजय का संकल्प लेकर लौटा हूं

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान उत्तराखंड से लौटकर चुनाव में जुटे गए हैं। उन्होंने भोपाल उत्तर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी आलोक शर्मा के समर्थन में रोड शो कर चुनाव अभियान की शुरूआत की।

रोड शो के बाद सभा को संबोधित करते हुए श्री चौहान कहा कि भाजपा ही एकमात्र पार्टी है जो विकास करती है। भाजपा की विजय का संकल्प लेकर आया हूं। श्री चौहान ने कहा कि मैंने कभी किसी में भेद नहीं किया। बहने मेरे लिए बहनें हैं, बेटियां मेरे लिए बेटियां हैं। वह कौन सी जाति की है, कौन से धर्म की है, ये मैंने कभी नहीं देखा। यह तुम्हारी जिंदगी बदलने के लिए हैं।

श्री चौहान ने कहा कि मैं उत्तराखंड से गंगा जी की पूजा करके एक ही संकल्प लेकर आया हूं कि प्रदेश की धरती पर भारी बहुमतों से भाजपा की सरकार बनाएंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा ने प्रदेश के विकास को निरंतर नई गति दी है। विकास की इस रफ्तार को दोगुनी करने के लिए हम फिर मैदान में हैं। मुझे विश्वास है कि आप सभी का आशीर्वाद मिलेगा। उन्होंने भोपाल की उत्तर विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी आलोक शर्मा भारी बहुमत से विजयी बनाने की अपील की। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कांग्रेस पर भोपाल उत्तर विधानसभा को विकास से दूर रखने का आरोप लगाया। उन्होंने सभा के दौरान उपस्थित जनसमूह से सवाल करते हुए कहा कि भोपाल वालो मैं आपसे पूछना चाहता हूं कि वर्षों तक कांग्रेस ने प्रदेश और देश पर राज किया था। जबकि हमने प्रदेश में 17 साल सरकार चलायी, कांग्रेस ने तो 60 साल सरकार चलायी। प्रदेश की जनता के लिए कांग्रेस क्या किया..? मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि राहुल बाबा से लेकर कमलनाथ तक रोज कांग्रेसी गाली देते रहते हैं। उन्होंने कहा कल तो कांग्रेस के कुछ लोगों ने ट्वीट कर मामा का श्राद्ध भी करवा दिया।

# ईडी के सामने पेश हुई अभिषेक की पत्नी रुजिरा

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल सरकारी स्कूलों में शिक्षकों की नियुक्ति में कथित अनियमितताओं के संबंध में तृणमूल कांग्रेस के महासचिव व सांसद अभिषेक बनर्जी की पत्नी रुजिरा बनर्जी बुधवार को प्रवर्तन निदेशालय के जांच अधिकारियों के सामने पेश हुईं। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। ईडी के समन के अनुसार बनर्जी सुबह करीब 11 बजे साल्ट लेक के सीजीओ कॉम्प्लेक्स पहुंची। सूत्रों ने बताया कि केंद्रीय जांच एजेंसी योग्य उम्मीदवारों को वंचित करके अयोग्य उम्मीदवारों को स्कूलों में नौकरियों के लिए कथित नकदी के लेन-देन की जांच कर रही है। यह पहली बार है कि तृणमूल कांग्रेस प्रमुख एवं पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के भतीजे व डायमंड हार्बर लोकसभा सदस्य बनर्जी की पत्नी इस मामले में संघीय जांच एजेंसी के सामने पेश हुईं।

## चुनाव आयोग के निर्देश पर हटाए गए कलेक्टर-पुलिस अधीक्षक

**भोपाल, देशबन्धु।** चुनाव आयोग के निर्देश पर 2 जिलों के कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक हटाए गए हैं। विपक्ष की शिकायत पर यह कार्यवाही करने की चर्चा है।

जानकारी के मुताबिक चुनाव आयोग के निर्देश पर खरगोन कलेक्टर शिवराज सिंह वर्मा और रतलाम कलेक्टर नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी को हटाकर मंत्रालय में उप सचिव पदस्थ किया गया है।

वहीं गृह विभाग ने चुनाव आयोग से मिले निर्देश के बाद जबलपुर पुलिस अधीक्षक तुषारकांत विद्यार्थी और भिंड के पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री को हटाकर पुलिस मुख्यालय में सहायक पुलिस महानिरीक्षक के पद पर पदस्थ किया गया है।

# दस्तावेजीकरण विभाग के जिला संयोजकों की घोषणा

**भोपाल, देशबन्धु।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा की सहमति से दस्तावेजीकरण विभाग के प्रदेश संयोजक मनोज सिंह यादव ने जिला संयोजकों की घोषणा की है।

दस्तावेजीकरण विभाग के जिला संयोजकों में नीरज शुक्ला मुरैना, गुरूदेव नरवरिया भिण्ड, ठाकुर दास खेमरिया दतिया, गजेन्द्र पवैया ग्वालियर ग्रामीण, सुरेन्द्र जैन श्योपुर, अरूण गोस्वामी शिवपुरी, सीपी राव गुना, तुषार खेर अशोकनगर, संतोष दुबे सागर, पूरनचन्द गुप्ता टीकमगढ, पंकज शर्मा निवाडी, सुरेश तिवारी छतरपुर, नरेन्द्र राठौड दमोह, प्रदीप मजूमदार पन्ना, उपेन्द्र चन्द्र दुबे रीवा, सुनील सेनानी सतना, कृष्णकांत मिश्रा सीधी, राजकुमार विश्वकर्मा सिंगरौली, सुभाष सोनी शहडोल, प्रकाश पालीवाल उमरिया, नंदकुमार यादव जबलपुर नगर, अश्विनी पटेल जबलपुर ग्रामीण, संतोष जायसवाल कटनी, नितिन गुप्ता डिंडौरी, नीलेश अवस्थी मंडला, हीरा सिंह भाटिया बालाघाट, अरूण उपाध्याय सिवनी, मुन्नालाल सराठे नरसिंहपुर, बलवीर ठाकुर छिंदवाडा, नितिन तायडे नर्मदापुरम, अरविन्द विश्नोई हरदा, विकास प्रधान बैतूल, सुनील तिवारी भोपाल नगर, जितेन्द्र जैन रायसेन, अरविन्द मिश्रा विदिशा, आशीष शर्मा सीहोर, दीपकमल जैन राजगढ़, पीयूष शर्मा खण्डवा, सुशील चौहान बुरहानपुर, बद्रीप्रसाद शर्मा बडवानी, रीतेश डाबर अलीराजपुर, जितेन्द्र जैन झाबुआ, अंकित ओसवाल धार, ऋषिवंत तोमर उज्जैन नगर, राजेश पाटीदार उज्जैन ग्रामीण, सागर हेमराज राय शाजापुर, जसवंत सिंह तोमर आगर, ईश्वर सिंह परासिया देवास, प्रशांत कुशवाहा रतलाम, मिथुन वापता मंदसौर एवं अशोक जैन नीमच शामिल हैं।

# आरक्षण नियम लागू किए बिना शिक्षकों की भर्ती पर मांगा जवाब

**जबलपुर, देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट ने आरक्षण के नियम लागू किये गये बगैर संविदा शिक्षकों की भर्ती को चुनौती देने वाले मामले में अनावेदकों से जवाब तलब किया है। जस्टिस विशाल धगट की एकलपीठ ने मामले में राज्य शासन व माध्यमिक शिक्षा मंडल सहित अन्य को नोटिस जारी किये है। मामले की अगली सुनवाई 16 अक्टूबर को निर्धारित की गई है।

यह मामला रीवा निवासी विनीता उपवंशी की ओर से दायर किया गया है। जिसमें आरोप है कि माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा संचालित शासकीय आदर्श उच्चतर माध्यमिक शाला भोपाल, रीवा व जावरा व रतलाम में संविदा शिक्षकों की मनमानी भर्ती की गई है। आरोप है कि उक्त प्रकिया में आरक्षण के विहित प्रावधानों का पालन नहीं किया गया। आरक्षण नियमों का उल्लंघन करते हुए विज्ञापन जारी किया गया है। पूर्व में दायर याचिकाओं में आरक्षण के बढ़े हुए प्रतिशत को चुनौती दी गई थी। जबकि इस याचिका में आरक्षण को लागू ही न किए जाने का मुद्दा उठाया गया है। जिसे गंभीरता से लेते हुए न्यायालय ने अनावेदकों को जवाब पेश करने के निर्देश दिये है। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता विनायक शाह ने पक्ष रखा।

## हत्या करने वाले तीन को आजीवन कारावास

**जबलपुर, देशबन्धु।** अतिरिक्त सत्र न्यायधीश नीलू संजीव श्रृंगीऋषि की अदालत ने गोली मारकर हत्या करने वाले तीन आरोपियों को दोषी करार दिया है। अदालत ने मामले में गुलशन बाणी, राहुल राजपूत व सुभाष मराठा को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। अदालत ने तीनों पर पांच-पांच हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है।

अदालत के समक्ष शासन की ओर से अतिरिक्त लोक अभियोजक राजेश तिवारी ने पक्ष रखा। जिन्होंने अदालत को बताया कि परिजात बिल्डिंग पारस कालोनी निवासी 45 वर्षीय सतेन्द्र उर्फ सत्तू ठाकुर 20 फरवरी 2015 की दोपहर करीब पौने एक बजे के लगभग अपनी मारूति कार की रिपेरिंग देखने कछियाना स्थित गैरिज गये थे।

उसी समय आरोपी रांझी निवासी गुलशन वाणी, अपने साथी राहुल राजपूत, सुभाष मराठा व अन्य दो के साथ पहुंचा और गोलियां चला दी। जिससे सत्येन्द्र ठाकुर के कमर के ऊपर गोली लग गई, इसके बाद हमलावर मौके से फरार हो गये। घायल सत्येन्द्र को तत्काल ही उपचार के लिये गोलबाजार स्थित एक निजी अस्पताल ले जाया गया। जहां उसने बताया कि हमलावर वहीं है, जिन्होंने एक माह पूर्व ननि गेट के पास उस पर हमला किया था। पुलिस ने जांच उपरांत पांच आरोपियों पर हत्या का प्रकरण दर्ज कर उन्हें अभिरक्षा में लिया था। मामले की सुनवाई दौरान पेश किये गये गवाह व साक्ष्यों के मद्देनजर अदालत ने आरोपी गुलशन वाणी, राहुल राजपूत व सुभाष मराठा को दोषी करार देते हुए उक्त सजा से दंडित किया। वहीं दो आरोपियों को साक्ष्यों के अभाव में दोषमुक्त करार दिया।




## नाबालिगा के साथ दुष्कर्म करने वाले को दस साल की सजा

**जबलपुर, देशबन्धु।** एक नाबालिगा को ट्रेन से उतारकर बहला फुसलाकर ले जाकर शादी कर उसके साथ दैहिक शोषण करने वाले आरोपी उमेश बेन को अदालत ने दोषी करार दिया है। विशेष न्यायधीश की अदालत ने उमेश बेन को उक्त कृत्य के लिये दस साल सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही उस पर एक हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है।

अदालत को अभियोजन पक्ष की ओर से बताया गया कि पीड़िता की मॉ ने जबलपुर जीआपी में लिखित शिकायत की थी। जिसमें उन्होंने बताया था कि 24 दिसंबर 2018 को वे अपनी बेटी के साथ इंदौर-बिलासपुर नर्मदा एक्सप्रेस से कटनी से जबलपुर की यात्रा कर रही थी। जबलपुर स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर-एक पर गाड़ी रुकने पर उनकी बेटी बाथरूम के लिये गई और उसके बाद वापस नहीं आई।

पुलिस ने मामले में प्रकरण दर्ज कर पीड़िता को ढूढ़ निकाला। जिसने अपने बयान में बताया कि आरोपी उमेश बेन उसे बहला फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया। इसके बाद उससे शादी कर उसकी मर्जी के खिलाफ उससे शरीरिक संबंध बनाये। पुलिस ने मामले में अपहरण, दुराचार व पाक्सो एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर अदालत के समक्ष चालान पेश किया। सुनवाई दौरान पेश किये गये गवाह व साक्ष्यों के मद्देनजर अदालत ने आरोपी को उक्त सजा से दंडित किया। अतिरिक्त जिला लोक अभियोजन अधिकारी स्मृतिलता बरकड़े ने पैरवी की।

## मप्र वूशु संघ के 90 दिन में कराओं चुनाव

**जबलपुर, देशबन्धु।** हाईकोर्ट ने मप्र वूशु संघ के चुनाव 90 दिन में कराने के निर्देश दिये है। जस्टिस विवेक अग्रवाल की एकलपीठ ने उक्त निर्देश रजिस्ट्रार फर्म्स एण्ड सोसाइटीज को दिये है। जिसमें कहा गया है कि असिस्टेंट रजिस्ट्रार फर्म्स एण्ड सोसाइटीज की अनुशंसा के तहत एक माह में प्रशासक की नियुक्ति की जाये और उसके बाद 60 दिनों में चुनाव प्रकिया पूरी कराये।

हाईकोर्ट में वूशु संघ के सचिव मनोज गुप्ता ने यह याचिका दायर की थी। जिसमें कहा गया था कि मप्र वूशु संघ की पूर्व सचिव ने कूट रचित दस्तावेज तैयार कर अपने रिश्तेदारों भाई, बहन व बहनोई को मध्यप्रदेश वूशु संघ का पदाधिकारी दर्शाया था। इस मामले में एफआईआर भी कराई गई थी। आवेदक की ओर से कहा गया कि इसके बावजूद वूशु एसोसिएशन ऑफ इंडिया द्वारा पूर्व सचिव को मान्यता देते हुए खेल की गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है, जो की अवैध है। इससे दूसरे पक्ष के अनेक प्रतिभावान खिलाड़ियों को नेशनल स्पर्धा खेलने का अवसर नही मिल रहा है। विवाद की जांच के उपरांत असिस्टेंट रजिस्ट्रार ने भी मध्यप्रदेश वूशु संघ के चुनाव संबधी प्रस्तुत दस्तावेजों को अवैधानिक पाते हुए विगत 13 जुलाई को मध्यप्रदेश वूशु संघ में प्रशासक नियुक्त करने हेतु रजिस्ट्रार को प्रस्ताव पेश किया था। सुनवाई पश्चात् न्यायालय ने उक्त निर्देश दिये। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता दिनेश उपाध्याय ने पक्ष रखा।

## अवैध हथियार बेचने वाले को एक साल की सजा

**जबलपुर, देशबन्धु।** न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी श्रृद्धा पांडे की अदालत ने अवैध हथियार बेचने के आरोपी प्रदीप पटेल को एक साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने आरोपी पर पांच सौ रुपये का अर्थदंड भी लगाया है।

अदालत को अभियोजन पक्ष की ओर से बताया गया कि 8 दिसंबर 2009 को ओमती पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर सिविक सेंटर गॉर्डन के पास से प्रदीप पटेल, अन्नू पटेल, संतोश शर्मा नाम के तीन व्यक्तियों को अवैध हथियारों की सप्लाई करते हुए पकड़ा था। पुलिस ने आरोपी प्रदीप पटेल के पास मिले बैग से दो पिस्टल जिसमें मैंगजीन लगी हुई थी, बरामद की थी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर अदालत के समक्ष चालान पेश किया था। सुनवाई पश्चात् अदालत ने आरोपी प्रदीप पटेल को उक्त सजा से दंडित किया। मामले में शासन की ओर से एडीपीओं नमिता मिश्रा ने पक्ष रखा।

कांग्रेस ने लगाए आरोप

# आदिवासियों के हक को भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ाने की हो रही कोशिश



**भोपाल, देशबन्धु।** कांग्रेस ने आज भ्रष्टाचार का एक और मामला उठाया। पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता आलोक शर्मा ने राज्य सरकार की चरण पादुका योजना घोटाले का आरोप लगाया।

उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत जूते-चप्पल पानी बोतल, छाता और साड़ी सभी वस्तुओं की खरीद में करोड़ों रुपयों का घोटाले की बू आ रही है। श्री शर्मा ने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि सरकार के वन विभाग ने आदिवासियों के हक को भी भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ाने की कोशिश की। प्रदेश के वन मंत्री विजय शाह व राज्य लघु वनोपज संघ के प्रबंध निदेशक की फाईलों की टिप्पणियों से यह उजागर होता है कि एक कंपनी का छाता जो बाजार में 140 रुपये में बेचा जा रहा है, उसके लिए 246 रुपये खरीद भाव तय किया था, लेकिन विरोध शुरू होने के बाद भी उसकी कीमत घटाकर 2 सौ रुपये प्रति छाते की दर से तय की गई। यह अलग बात है कि मामला प्रकाश में आते ही सरकार ने छाते की बजाए इसके लिए 200 रुपए के मान से राशि हितग्राहियों के खाते में डाल दी। उन्होंने कहा कि बावजूद इसके वन मंत्री और सरकार में बैठे लोग अपनी जिम्मेदारी से नहीं बच सकते।

इस दौरान श्री शर्मा ने पूर्व में भाजपा सरकार में हुए अन्य भ्रष्टाचारों का भी उल्लेख किया। उन्होंने भाजपा सरकार पर आदिवासी विरोधी होने का आरोप लगाते हुए आदिवासियों के साथ हुई घटनाओं का उल्लेख भी किया। ज्ञात हो कि एक प्रमुख दैनिक समाचार पत्र में यह मामला प्रकाशित हुआ है, जिसके बाद कांग्रेस ने भी इस मामले को लेकर प्रदेश सरकार को कटघरे में खड़ा करने की कोशिश की।

हालांकि वन मंत्री इस मामले में किसी भी अनियमितता से इंकार कर रहे हैं। उनका कहना है कि मैंने कोई नोटशीट नहीं लिखी।

देशबन्धु

जबलपुर, शुक्रवार 13 अक्टूबर 2023

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन



# आशा पारेख का जायज सवाल

वैसे तो कोई अपनी कमाई से कितना अपने पास रखता है और कितना लोगों के बीच बांट देता है, यह पूरी तरह से उसका निजी निर्णय होता है, लेकिन जब कोई ऐसे विशिष्ट उपक्रम करता है जिसका लक्ष्य किसी व्यक्ति या समुदाय विशेष की स्थिति की ओर लोगों का ध्यान आकृष्ट करना हो तो इस तरह की उम्मीद करना नाहक नहीं कहलायेगा, कि इससे हुई कमाई का थोड़ा-बहुत हिस्सा उन लोगों तक पहुंचे, जिसे या जिन्हें केन्द्र में रखकर वह काम किया गया हो और उससे बड़ी आय या आर्थिक लाभ काम करने वाले को मिला हो।

इस बात का सन्दर्भ पिछले वर्ष विवेक अग्निहोत्री द्वारा कश्मीरी पंडितों के पलायन एवं उनकी तकलीफों पर बनाई गई फिल्म 'दी कश्मीर फाइल्स' से जुड़ता है। बुधवार को बीते दिनों की सिने स्टार आशा पारेख द्वारा एक न्यूज़ चैनल' के कार्यक्रम में दिये उस बयान से जुड़ता है, जिसमें उन्होंने पूछा कि 'इस फिल्म से अग्निहोत्री ने इतने पैसे कमा लिये पर उन्होंने कश्मीरी हिन्दुओं पर कितनी राशि खर्च की?' इस फिल्म के बारे में कहा जाता है कि उसकी लागत 15-20 करोड़ रुपये मात्र थी जबकि उसने 400 करोड़ रुपए का लाभ कमाया। दो फिल्मफेयर, पद्मश्री एवं दादासाहेब फालके पुरस्कारों से सम्मानित 81 वर्षीया अदाकारा ने कहा कि उन्होंने फिल्म नहीं देखी है इसलिये वे उसके विवादास्पद पहलुओं पर कुछ नहीं कहेंगी। यह पूछने पर कि क्या ऐसी फिल्में बननी चाहिये, उन्होंने कहा कि अगर लोग देखना चाहते हैं तो बनती रहें। निर्माताओं का हिस्सा 200 करोड़ रुपये का अनुमान लगाते हुए उन्होंने सवाल किया कि जम्मू-कश्मीर में हिन्दू बगैर बिजली-पानी के रह रहे हैं पर क्या निर्देशक ने अपने लाभ से कुछ उनकी मदद की?

यह फिल्म उसी समय विवाद में आ गई थी, जब माना गया था कि इसके निर्माण का उद्देश्य कश्मीरी पंडितों के खिलाफ आतंकवादियों का उत्पीड़न दिखलाते हुए हिन्दुओं की भावनाओं को भड़काना है जिससे भारतीय जनता पार्टी के साम्प्रदायिक ध्रुवीकरण का एजेंडा सधता हो। इसमें फिल्म को आंशिक सफलता भी मिली थी लेकिन लोगों को यह खेल समझ में आ चुका है क्योंकि इस फिल्म का स्वयं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी प्रचार करते नज़र आये थे। उन्होंने इस फिल्म की विशेष स्क्रीनिंग कराई और मंत्रियों व पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ बैठकर इसे देखा था। इतना ही नहीं, उन्होंने लोगों से इसे देखने की अपील भी की थी। इसके बाद आई 'दी केरला स्टोरी' का भी राजनीतिक लाभ उठाने का प्रयास भाजपा ने कर्नाटक के विधानसभा चुनाव के पहले किया था। छोटे पर्दे के सीरियलों से अपना निर्देशकीय कैरियर बनाने वाले अग्निहोत्री को हिन्दुवादी राजनैतिक सोच वाला व्यक्ति माना जाता है जिनकी फिल्मों का उद्देश्य अब भाजपा व राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के लिये फिल्में बनाकर जन समर्थन हासिल जुटाना रह गया है। इस फिल्म को 'नरगिस दत्त राष्ट्रीय एकता पुरस्कार' से भी सम्मानित किया गया था। यानी माना गया कि इस फिल्म से भारत की एकता मजबूत होती है। वास्तविकता तो यह है कि इसका उद्देश्य लोगों को जोड़ना नहीं वरन बांटना है। अग्निहोत्री की हाल ही में आई एक और मूवी 'दी वैक्सीन वॉर' कोरोना के दौरान भारत की कोविड निरोधी टीके बनने की कहानी है जिसमें यह बतलाने की कोशिश है कि देश आज जो खुली सांसें ले रहा है वह इन्हीं वैक्सीनों के कारण है और फिल्म में अप्रत्यक्ष रूप से इसका पूरा श्रेय नरेन्द्र मोदी की कार्यप्रणाली व दृष्टिकोण को दिया गया है।

अग्निहोत्री किस तरह से इन भावनाओं के दोहन द्वारा आर्थिक लाभ कमाते हैं, उसका अनुमान इसी बात से लगाया जा सकता है कि उनके बारे में एक अखबार ने प्रकाशित किया कि 'दी कश्मीर फाइल्स' के माध्यम से विवेक एवं निर्माता के रूप में उनकी अभिनेत्री पत्नी पल्लवी जोशी ने मुंबई के वर्सोवा में करीब 20 करोड़ रुपये का एक लग्जरी अपार्टमेंट खरीदा है। कुछ समय बाद उनके अपनी पत्नी के साथ बैंकॉक की खर्चीली यात्रा की तस्वीरों ने भी सनसनी फैलाई थी। लोगों ने तंज कसा था कि देश में हिंदू-मुस्लिम का झगड़ा लगाकर ये लोग विदेश में मौज-मस्ती कर रहे हैं। पल्लवी ने ही फिल्म 'दी कश्मीर फाइल्स' में नायिका की भूमिका निभाई थी। महंगे घर खरीदने या विदेशों की सैर करने पर किसी को कोई आपत्ति नहीं है और न होनी चाहिये। ऐसा वे सारे करते हैं जो इस तरह से पैसे कमाते हैं, लेकिन आशा पारेख का सवाल अपनी जगह पर खड़ा है और इसलिये जायज है कि वे ऐसी फिल्में बनाने वाले की मंशा और प्रयोजन पर सवालिया निशान लगाती हैं। इस फिल्म को देखकर लोगों का कश्मीरी आतंकवादियों के बहाने मुस्लिमों के खिलाफ रोष बढ़ा था जो भाजपा के वोट बैंक को बढ़ाता है।

आशा पारेख अत्यंत सम्मानित अभिनेत्री रही हैं जिनका बहुत सफल फिल्मी कैरियर रहा है और वे विवादों से हमेशा परे रही हैं। वे निर्विवाद रूप से हर मायने में एक सफल अदाकारा रही हैं जिन्हें जीवन में सब कुछ मिल चुका है जिन्हें कुछ और पाना नहीं बचता। इसलिये उन पर यह आरोप नहीं लग सकता कि उन्होंने कुछ पाने के लिये ऐसा बयान दिया है या यह कोई उनका पब्लिसिटी स्टंट है।

उन्हें अब अपना कोई प्रचार नहीं करना है क्योंकि शोहरत की बुलन्दियों को वे काफी पहले छूकर उतर चुकी हैं। इसलिये विवेक अग्निहोत्री को उनकी बात का जवाब देना चाहिये। इस देश ने डेन्नी बॉयल को भी देखा है जिन्होंने मुंबई की झोपड़पट्टियों में रहने वालों के जीवन पर बनी अपनी मूवी 'स्लमडॉग मिलेनियर' को मिले आस्कर पुरस्कार की राशि का एक हिस्सा बाल कलाकारों को दिया था।

# विधानसभा चुनावों के बीच 'एक देश एक चुनाव' का शोर

देश के पांच राज्यों में चुनाव निर्धारित हो चुके हैं। तारीखें भी घोषित हो चुकी हैं। अब फर्ज़ कीजिये कि इन राज्यों के मतदाताओं को यदि देश के लिए भी मतदान (अगर कुछ राज्य में होते भी हैं) करना पड़े तो क्या यह उन पर किसी तरह का अतिरिक्त बोझ होगा या यह बिल्कुल सहज होगा? देश, प्रदेश और फिर स्थानीय मुद्दे क्या गड्डमड्ड नहीं होंगे? या यह ठीक होगा कि देश के मुद्दों को ध्यान में रखते हुए मतदाता अपने विधायक और पार्षद को भी चुन लें या फिर स्थानीय मुद्दों के हिसाब से देश के लिए अपने सांसद चुन लें? तीन तरह के प्रत्याशी एक साथ उनके दरवाज़ों पर आएंगे। यूं सभी आते भी कहां हैं फिर भी क्या यह हालात कोई दुविधा पैदा नहीं करेंगे? गर दलों की संख्या दो से ज़्यादा हुई तब तो निर्दलियों के साथ मतदाताओं का चकरघिन्नी होना तय है। हाल ही में राजस्थान चुनाव को लेकर निर्वाचन आयोग ने जो अपने फैसले पर दोबारा विचार न किया होता तो उसका चकरघिन्नी होना तय ही था। तारीख़ बदलने का पूरे राजस्थान में स्वागत हो रहा है। पहले आयोग ने राजस्थान में चुनाव की तारीख़ 23 नवंबर घोषित की थी। यह तिथि बदलनी पड़ी क्योंकि उस दिन देवउठनी एकादशी है। राज्य भर में हज़ारों शादियां इस दिन होती हैं। इसे 'अबूझ सावा' माना जाता है यानि ब्याह शादी के लिए सबसे शुभ मुहूर्त है जिसमें पंडित से पूछने की भी कोई ज़रूरत नहीं। ब्याव और चुनाव के इस टकराव में ब्याव जीते। अब विधानसभा चुनाव की नई तारीख़ 25 नवंबर है।

कहने का आशय यह है कि जब मतदाता की सहजता और सुविधा को यहां तवज्जो दी जा रही है तो फिर उसे एक साथ तीन-तीन चुनावों की दुविधा में क्यों डाला जा रहा है। 'एक देश एक चुनाव' का यही तो मकसद है कि लोकसभा, विधानसभा और नगर निकायों के चुनाव एक साथ करा लिए जाएं, संविधान में चार-पांच संशोधन कर दिए जाएं, कुछ विधानसभाएं भंग कर दी जाएं, कुछ के समय से पहले ही चुनाव करा लिए जाएं। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में 'एक देश एक चुनाव' के लिए गठित समिति में आठ सदस्य हैं और समिति ने कह दिया है कि राज्यों से पूछने की कोई आवश्यकता नहीं है और इसे प्रस्तावित परिसीमन के बाद 2029 में लागू किया जा सकता है। कहा जा सकता है कि परिसीमन के बाद नई सीटें बनाकर महिला आरक्षण को और फिर देश को एक चुनावी मोड में डाला जा सकता है। 'नारी शक्ति वंदन विधेयक' का तो तहेदिल से स्वागत हुआ लेकिन क्या जनता एक ही बार में चुनाव के लिए तैयार है?

वोटर हर चुनाव में अलग तरीके से सोचता है। देश, प्रदेश और नगर निकायों में प्राथमिकताएं अलग होती हैं। मुद्दे भी अल्हदा होते हैं। नगर निकाय के ज़रिये वह मोहल्ले में अच्छे पार्क और साफ़-सफाई की अपेक्षा करता है तो प्रदेश में उसे बिजली, सड़क, पानी, अच्छे स्कूल और उम्दा स्वास्थ्य केंद्रों की अपेक्षा होती है। देश में शायद उसे आंतरिक सुरक्षा और राष्ट्रीय एकता का मुद्दा प्रभावित करता हो। जब सबकी भूमिकाएं अलग-अलग हैं तब सब एक साथ क्यों? एक ही समय में मतदाता पर इतना बोझ लादने की क्या ज़रूरत है? उसे कंफ्यूज क्यों करना है? ये कैसे ठीक होगा कि एक ही दिन में वह तीन अलग-अलग ठप्पे लगा आए और जो ऐसा नहीं होगा तो फिर सारी कवायद का क्या फायदा? खर्च बचाने का तर्क फिर कैसे काम करेगा?

इसमें जनता का फायदा तो उतना नहीं है लेकिन नेताओं का बेशक है जिन्हें बार-बार चुनावों में दौरे करने पड़ते हैं। अगली बार वे चाहते हैं कि एक ही बार निकलें और सारे काम हो जाएं। ठीक वैसे ही जैसे फसल अच्छी होने पर अक्षय तृतीया का मुहूर्त देखकर किसान अपने सारे बच्चों की शादी एक साथ कर देता है; फिर चाहे बच्चों की उम्र शादी लायक हो या न हुई हो। एक ही बार बिरादरी को भोजन कराना पड़ेगा, बच्चों की उम्र, मर्ज़ी आदि कोई मायने नहीं रखती। केंद्र की सरकार भी यही करने जा रही है। कोविंद की अध्यक्षता में 'एक देश एक चुनाव' के लिए आठ सदस्यीय समिति का गठन कर दिया गया है। समिति में गृहमंत्री, लोकसभा में विपक्ष के नेता अधीर रंजन चौधरी, राज्यसभा में विपक्ष के पूर्व नेता गुलाम नबी आज़ाद, वित्त आयोग के पूर्व अध्यक्ष एनके सिंह तथा वकील हरीश साल्वे शामिल हैं। चौधरी एक महीने पहले ही इसमें शामिल होने से इंकार कर चुके हैं। उनका कहना था कि समिति का निर्णय मंथन से पहले ही तय कर दिया गया है इसलिए इसका कोई औचित्य नहीं रह गया है। गौरतलब है कि लॉ कमीशन ने अपनी रिपोर्ट लोकसभा और विधानसभा के एक साथ चुनाव को लेकर सौंपी थी लेकिन समिति ने निकाय चुनावों को भी शामिल कर लिया है।

सबसे पहले 1983 में चुनाव आयोग ने 'एक देश एक चुनाव' पर अपनी औपचारिक रिपोर्ट दी थी। आयोग का कहना था कि लोकसभा और राज्यों के चुनाव एक साथ कराने से खर्च की बचत होगी और देश बार-बार चुनाव कराने के भार से भी मुक्त होगा। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी इस विचार के मुखर समर्थक थे। उन्होंने 1999 में चुनकर आने के बाद 'एक देश एक चुनाव' के विचार को दोहराया। फिर 2017 में नीति आयोग ने चुनाव से जुड़े टाइम टेबल को व्यवहारिक जामा पहनाया। बाद में लॉ कमीशन ने भी इस पर अपना मसौदा पेश किया। जनवरी, 2018 में जब कोविंद राष्ट्रपति थे तब उन्होंने अपने भाषण में 'एक देश एक चुनाव' का ज़िक्र भाजपा सरकार के बड़े सुधार के रूप में किया था और अब वे ही इस समिति के अध्यक्ष भी हैं। सरकार इसे लागू करने के लिए लगभग तैयार भी मालूम हो रही है। वैसे कहा जाता है कि औसतन हर तीन महीने में देश में कहीं न कहीं चुनाव होते हैं। ऐसा तब भी होगा जब कोई सरकार अल्पमत में आएगी, किसी सदस्य का देहांत होगा या किसी सरकार को केंद्र ही बर्खास्त न कर दे। 1967 तक देश में एक साथ ही चुनाव होते थे। फिर केरल की सरकार को बर्खास्त किये जाने के बाद यह सिलसिला टूटा और उसके बाद तो देश ने कई भंग सरकारें, मध्यावधि चुनाव और उपचुनाव देखे। यदि केंद्र के पास राज्यों की चुनी हुई सरकारों को बर्खास्त करने की शक्ति (अनुच्छेद 356) बनी रहेगी तब 'एक देश एक चुनाव' के कोई मायने नहीं है।

फ़िलहाल सरकार को राज्यों की सहमति भी अब ज़रूरी नहीं मालूम हो रही। ऊपर से लिए गए फैसले के साथ यह व्यवस्था राज्यों की स्वतंत्रता को कितना बरक़रार रख पाएगी और भविष्य में यह किस रूप में सामने होगी, इस पर गहन विचार के बाद ही इसे लागू किया जाना चाहिए। राज्यों, शहरों और गांवों की अपनी आज़ादी ही देश के मज़बूत लोकतंत्र की बुनियाद है जिसका हनन नहीं होना चाहिए। अभी पांच राज्यों में चुनाव होने हैं और भारतीय जनता पार्टी का सशक्त चेहरा कोई है तो देश के प्रधानमंत्री नरेन्द मोदी हैं। राज्यों के चुनाव में भी पार्टी ने उन्हें ही आगे रखा है। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ऋषिकेश में शांति तलाश रहे थे, राजस्थान में वसुंधरा राजे सिंधिया को ड्राइविंग सीट से हटाकर पिछली सीट पर डाल दिया गया है और छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री रमन कुमार कुछ-कुछ लौटे हैं और कुछ शांत बने हुए हैं। वोट प्रधानमंत्री के चेहरे पर ही मांगे जा रहे हैं। चुनाव अलग-अलग भी हों अगर जो चेहरा एक ही शख्सियत का रहना है तो फिर एक देश एक चुनाव की भी क्या ज़रूरत है? ख़ैर, यह मज़ाक की बात नहीं है। इसे लागू करने से पहले इस पहलू पर गहरा विचार होना चाहिए कि एक चुनाव देश की संघीय व्यवस्था को कितनी मज़बूती देगा।

एक व्यक्ति और एक मुद्दे की लहर किसी भी बड़ी पार्टी को बेलगाम ताकत दे सकती है। क्षेत्रीय पार्टियों और निर्दलियों का सूपड़ा साफ़ होने की आशंका हमेशा रहेगी। पब्लिक पॉलिसी से जुड़े मुद्दों के एक अध्ययन के मुताबिक देखा गया है कि अगर लोकसभा और विधानसभा के चुनाव एक साथ होते हैं तो 77 फ़ीसदी मतदाता दोनों जगह एक ही पार्टी को मत देते हैं और जो दोनों चुनावों में छह महीने का अंतर है तो एक ही पार्टी को वोट देने की सम्भावना 77 की बजाय 61 प्रतिशत रह जाती है। ज़ाहिर है कि इस सोच की गंगा में कौन सा दल डुबकी नहीं लगाना चाहेगा?

(लेखिका स्वतंत्र पत्रकार हैं)



वर्षा भम्भाणी मिर्ज़ा

> वोटर हर चुनाव में अलग तरीके से सोचता है। देश, प्रदेश और नगर निकायों में प्राथमिकताएं अलग होती हैं। मुद्दे भी अल्हदा होते हैं। नगर निकाय के ज़रिये वह मोहल्ले में अच्छे पार्क और साफ़-सफाई की अपेक्षा करता है तो प्रदेश में उसे बिजली, सड़क, पानी, अच्छे स्कूल और उम्दा स्वास्थ्य केंद्रों की अपेक्षा होती है। देश में शायद उसे आंतरिक सुरक्षा और राष्ट्रीय एकता का मुद्दा प्रभावित करता हो।

# हमास-इजरायल युद्ध और भारतीय विदेश नीति की बारीकियां

■ अंजन रॉय

यह अप्रत्याशित नहीं है कि इज़रायल-हमास युद्ध ने भारत में दो मुख्य राजनीतिक दलों के बीच शब्दों और विचारों की लड़ाई शुरू कर दी है।

हमास के हमले को आतंकवादी कृत्य बताने और इजरायल को पूरा समर्थन देने के प्रधानमंत्री के बयान पर कांग्रेस की आलोचनाएं आमने-सामने आ गईं। अपने बयानों में, भारत की सबसे पुरानी पार्टी ने मध्य पूर्व संकट पर पारंपरिक भारतीय रुख को याद किया है और परोक्ष रूप से सरकार के दृष्टिकोण की आलोचना की है।

प्रधानमंत्री मोदी के बयान और कांग्रेस की आलोचनाओं को वास्तव में इज़रायल राज्य के निर्माण और अरब-इजरायल संघर्ष के बाद के इतिहास को समझे बिना भारतीय विदेश नीति की बारीकियों को समझा नहीं जा सकता।

प्रथम विश्व युद्ध के बाद 1920 के दशक में ब्रिटिश प्रधानमंत्री आर्थरजेम्सबालफोर द्वारा जारी एक प्रस्ताव द्वारा इज़रायल राज्य के निर्माण की प्रक्रिया शुरू की गई थी। द्वितीय विश्व युद्ध के बाद, यूरोप में यहूदियों के नरसंहार और यातना और हत्याओं के अनुभव के साथ, यहूदियों के लिए एक नया गृह राज्य बनाने के लिए यरूशलेम के चारों ओर भूमि के एक टुकड़े को यहूदियों का राज्य बनाने का निर्णय किया गया।

द्वितीय विश्व युद्ध के तुरंत बाद अमेरिकी राष्ट्रपति हैरी एस. ट्रूमैन द्वारा इज़रायल के पहले प्रधानमंत्री बेनगुरियन के साथ एक समझौते के साथ फिलिस्तीन के आसपास की भूमि पर1948 में नया राज्य बनाया गया था। तब से, मुस्लिम मध्य पूर्व को लगा कि यह उस भूमि के स्थानीय लोगों को उखाड़कर बनाया गया राज्य है और उन्होंने इसे मिटा देने की प्रतिज्ञा की।

दरअसल, यह एक हजार साल पुराना युद्ध और संघर्ष है। एक हजार साल पहले जब इजराइलिया यहूदी पूरी दुनिया में, खासकर यूरोप में फैल गये थे, तब इजराइलियों को मिस्र और फिलिस्तीनी भूमि से बाहर निकाल दिया गया था।

हालांकि, यहूदियों पर अत्याचार और यहूदियों से जुड़ा कलंक यूरोपीय इतिहास में एक सतत प्रवृत्ति थी। यहूदी विरोध सर्वव्यापी था और यूरोप में ईसाइयों द्वारा यहूदियों से सचमुच नफरत की जाती थी। यहूदियों पर अत्याचार किया गया और अकसर उन्हें जिंदा जला देने की घटनाएं होती थीं।

यहां तक कि प्रबुद्ध उदारवादी यूरोपीय बुद्धिजीवी भी तीव्र यहूदी-विरोध से ऊपर नहीं थे, सबसे जोरदार और अक्सर देखा जाने वाला शेक्सपियर का प्रसिद्ध नाटक, मर्चेंट ऑफ वेनिस है। नाटक में, शाइलॉक यहूदी व्यापारी एक ऋण चूककर्ता से एक पाउंड मांस मांगता है।

मानो अपराध की भावना से, यूरोपीय लोगों को लगा कि यह नया राज्य उनके सहस्राब्दी पापों से मुक्ति का अवसर प्रदान करता है। शायद, यह विभिन्न यूरोपीय देशों में अशकेनाज़ी यहूदियों से एक अच्छा छुटकारा भी था। यूरोपीय लोग ऐसे समाधान के लिए बाध्य हो सकते थे क्योंकि वे उस समय शक्तिशाली थे।

हालांकि, मध्य पूर्व के देश यह स्वीकार नहीं कर सके कि यूरोपीय समाधान और समस्याएं नये राज्य की स्थापना के साथ ही शुरू हो गईं। युद्ध और टकराव इस क्षेत्र में स्थानिक हो गये। आज भी, ईरानी यहूदी राज्य के सबसे कट्टर और खुलेआम विरोधी हैं तथा यहूदी राज्य को नष्ट करने के समर्थक हैं। हालांकि, अन्य अधिक यथार्थवादी मध्य पूर्व के देशों ने इज़रायल की वास्तविकता को स्वीकार कर लिया है।

चारों ओर अस्वीकृति और शत्रुता की प्रक्रिया में, इज़रायल के यहूदियों ने बहुत तेजी से जीवित रहने की तकनीकें सीख लीं। हमास के इज़रायल पर वर्तमान हमले के पहले, इजरायल ने दुर्जेय सैन्य क्षमता के साथ-साथ एक अत्यधिक परिष्कृत खुफिया नेटवर्क भी विकसित किया था, उसे हमास ने काफी हद तक नष्ट कर दिया।

प्रथम प्रधानमंत्री नेहरू के नेतृत्व में तैयार की गई स्वतंत्र भारत की विदेश नीति ने वंचितों और उन देशों के हित की वकालत की थी जो औपनिवेशिक प्रभुत्व के अधीन थे। अंग्रेजों से आजादी हासिल करने के बाद यह एक सामान्य प्रतिक्रिया थी।

भारत ने नये राज्य की स्थापना के दो साल के भीतर 17 सितंबर, 1950 को इज़रायल को मान्यता दे दी। पंडित जवाहरलाल नेहरू, जो उस समय प्रधानमंत्री थे, ने कहा कि भारत को इज़रायल को पहले ही मान्यता दे देनी चाहिए थी लेकिन इसमें देरी हुई।

फिलिस्तीनी मुक्ति संगठन (पीएलओ) का भारतीय नेताओं के साथ सहज सौहार्द्र था, जिसमें इंदिरा गांधी भी शामिल थीं, जिन्होंने तेजतर्रार और प्रसिद्ध पीएलओ नेता यासर अराफात की मेजबानी की थी। बहुत बाद में, जब अटल बिहारी वाजपेयी प्रधानमंत्री बने, तो उन्होंने भी फिलिस्तीनियों के प्रति अपनी सहानुभूति दिखाई।

2014 में भाजपा के सत्ता में आने के बाद ही इज़रायल के साथ भारत के संबंध तेजी से विकसित हुए। घनिष्ठ सुरक्षा और रक्षा संबंधों के साथ संबंध विकसित हुए। इज़राइल, सैन्य हार्डवेयर उत्पादन में अपनी चतुराई के साथ, भारत के लिए रणनीतिक हथियार प्रणालियों और प्रौद्योगिकी का एक प्रमुख आपूर्तिकर्ता बन गया।

भारत को पड़ोस से लगातार आतंकवादी खतरे और चीन से सैन्य खतरों के आलोक में इज़रायल देश के हार्डवेयर और खुफिया प्रणालियों का एक प्रमुख स्रोत बन गया था। इसमें कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि कट्टर हितों ने बाहरी नीति रुख के पुन:अभिविन्यास को बढ़ावा दिया है।

हमास हमले के तुरंत बाद प्रधानमंत्री मोदी के बयान, जिसमें हमास के भयानक आतंकवादी हमले के बाद इज़रायल के प्रति समर्थन और सहानुभूति व्यक्त किया गया था, में ऐसी आतंकवादी कार्रवाई के मामले में भारत की चिंता छिपी है। मुंबई में हुआ आतंकवादी हमला, जिसे अब 26/11 के नाम से जाना जाता है, और 2001 में संसद पर हमला भी, इस बात की याद दिलाते हैं कि भारत के साथ पहले क्या हुआ था। खुले समाज में आतंकी हमले का यह एकमात्र उदाहरण नहीं था।

पहले के दौर में खालिस्तानी आतंकवादियों के जघन्य अपराध और इसके खिलाफ बदले की भावना से होने वाली हत्याओं का अचानक भड़कना भी इस बात को रेखांकित करता है कि आतंकवाद एक स्थिर समाज और राजनीति के लिए क्या नुकसान कर सकता है। पश्चिमी सहानुभूति के चारों ओर दोहरापन है- घर पर आतंकवादी हमला अत्यधिक निंदनीय है और लोकतंत्र और उदारवाद के नाम पर प्रायश्चित किया जाता है। जब 2023 के आखिरी नौ महीनों में गाजा पट्टी में फिलिस्तीनियों की हत्याएं हुईं तो पश्चिमी देशों ने इजरायल के खिलाफ कुछ नहीं कहा।

यदि संयुक्त राष्ट्र सहित वैश्विक शक्तियां प्रभावी ढंग से हस्तक्षेप नहीं करती हैं तो हमास-इजरायल युद्ध के पवित्र युद्ध में बदलने की पूरी संभावना है। भारत के लिए भी आतंकवाद के विरुद्ध सतत सतर्कता अनिवार्य हो गई है।

> यहूदियों पर अत्याचार और यहूदियों से जुड़ा कलंक यूरोपीय इतिहास में एक सतत प्रवृत्ति थी। यहूदी विरोध सर्वव्यापी था और यूरोप में ईसाइयों द्वारा यहूदियों से सचमुच नफरत की जाती थी। यहूदियों पर अत्याचार किया गया और अकसर उन्हें जिंदा जला देने की घटनाएं होती थीं।

## पावन प्रसंग

### सबके लिए खुला है सुख का द्वार : भगवान महावीर

बास्यावस्था में ही भगवान महावीर में वैराग्य की भावना प्रबल होने लगी थी और उनका मन साधना में लीन होना चाहता था। इसीलिए उनका अधिकांश समय चिंतन और मनन में ही व्यतीत होता था। कुमार अवस्था को पार कर युवावस्था में प्रवेश करने पर भी उनका मन सांसारिक सुखों की ओर आकृष्ट नहीं हुआ। संसार के प्राणियों को दुखी देखकर उनका मन व्याकुल रहता था और वे संसार के दुखों के कारणों को दूर करने का उपाय खोजने के प्रयत्नों में लगे रहते थे। इसी उद्देश्य से उन्होंने गृह त्याग कर साधु जीवन व्यतीत करने का निश्चय कर लिया। उनको राजसी सुखों का, माता-पिता का मोह भी उनको उनके मार्ग से विचलित न कर सके।

मात्र तीस वर्ष की आयु में वे गृह त्याग कर, साधु जीवन व्यतीत करने लगे। वे इसी चिंता में लगे रहते कि संसार के दुखों का कारण क्या है? वे दुखी क्यों हैं? शाश्वत सुख कैसे प्राप्त किया जा सकता है। वे 12 वर्षों तक घोर तपस्या करते रहे। अंतत: बयालीस वर्ष की अवस्था में उन्हें संपूर्ण ज्ञान प्राप्त हुआ। उन्हें अतीन्द्रिय, अनन्त आत्मिक व परम आनंद की प्राप्ति हुई। तत्पश्चात वे तीस वर्ष तक लोगों को उनके दुख का कारण, दुख से मुक्ति के उपाय व शाश्वत सुख, अनन्त सुख का मार्ग बताते रहे। पूर्ण ज्ञान प्राप्त होने पर भगवान महावीर ने कहा- मनुष्य के दुखों का मूल कारण अज्ञान भी है। अत: मनुष्यों को अज्ञान से मुक्त होने का उपाय करना चाहिए। चिंतन-मनन, तप-त्याग व निरंतर ध्यान करने का अभ्यास करते रहना चाहिए। पूर्ण ज्ञान प्राप्त होने पर ही जीव को पूर्ण शाश्वत सुख की प्राप्ति होती है। पूर्ण ज्ञान की अवस्था ही मुक्ति की अवस्था है।

मुक्ति की अवस्था में ही आत्मा अनंत काल तक अतीन्द्रिय आनंद की अमुभूति करती रहती है। यह मुक्ति का द्वार प्रत्येक जीव के लिए समान रूप से सभी के लिए खुला है। तप, ध्यान के अभ्यास से कोई भी जीव सच्चे सुख की प्राप्ति कर सकता है। जीव की आंतरिक पवित्रता, संयम, अहिंसा, तप आदि ही साधन हैं। महावीर जी का स्पष्ट मत था कि मनुष्य की उच्चता व निम्नता उसके कर्मों से होती है उनके जन्म व वंश से नहीं। सिर मुंड़ा लेने से कोई श्रमण (संन्यासी) नहीं बन जाता, केवल ओंकार का जप करने से कोई ब्राह्मण नहीं बन जाता, निर्जन वन में रहने मात्र से मुनि नहीं बन जाता और केवल वल्कल वस्त्र धारण कर लेने से कोई तपस्वी नहीं बन जाता। इसके विपरीत समता पालने से श्रमण (संन्यासी), ब्रह्मचर्य का पालन करने से ब्राह्मण, चिंतन-मनन, ज्ञान से मुनि तथा तपस्या करने से तपस्वी होता है।

भगवान महावीर ने कहा केवल मेरे कहने से ही इसे सत्य नहीं समझो कि मैंने इसे कहा है, बल्कि अपने स्वयं के चिंतन-मनन व अनुभव से सत्य को जानो, तभी सत्य को समझो अस्तु हममें से कोई जिन्हें पूर्ण ज्ञान प्राप्त करने की सच्ची उत्कंठा है, दुखों से मुक्ति पाने की सच्ची लगन है, व अनंत सुख, शाश्वत सुख प्राप्त करने की अभिलाषा है, वे महावीर के अनुसार स्वयं तपस्या में प्रवत्त होकर ही इसे अनुभव कर सकते हैं। सबके लिए खुला है यह सुख का द्वार।

**अखंड ज्योति**

## आपके पत्र

### सिसकती, कराहती मानवता, युद्ध और हिंसा की शिकार महिलाएं और बच्चे ही क्यों?

पूरा विश्व जहां महिला सशक्तिकरण और बच्चों को कुपोषित होने के लिए मुहिम चला रहा है वहीं दूसरी तरफ युद्ध और हिंसा मानवता के चिथड़े उड़ा रहा है। ताजा-ताजा हमास और इजरायली युद्ध में बच्चों और महिलाओं पर अत्याचार देखकर रोंगटे खड़े हो जाते हैं। इसी तरह यूक्रेन-रूस युद्ध में सर्वाधिक नुकसान बच्चों और महिलाओं की मौत से ही हुआ है। युद्ध और हिंसा से चाहे पिता, भाई या पुत्र की मृत्यु हो परिणाम स्त्रियों को ही भुगतना पड़ता है। घरों के टूटने और नष्ट होने पर भी स्त्रियों बच्चों पर सबसे ज्यादा प्रभाव पड़ता है। स्त्रियां, बच्चे बेघर होकर अनाथ हो जाते हैं। हर तरफ त्राहिमाम मच जाता है। इजरायल हमास युद्ध में हजारों स्त्रियां और बच्चे मौत से साक्षात्कार कर रहे हैं, मानवता सिसक रही है, मौत का तांडव अपना परचम लहरा रहा है।

पूरे विश्व समेत देश के कोने-कोने से महिलाओं को अपमानित करने की घटनाएं रोज हो रही हैं क्या हमारे नैतिक मूल्य और आस्थाएं अब पूर्ण रूप से स्खलित हो चुकी है। नैतिक मूल्यों का क्षरण अचानक तेज होता जा रहा है। धन तथा पद और साम्राज्यवाद की लोलुपता ने सारी हदें पार कर दी हैं। समाज पुरुष प्रधान होने का यह मतलब कतई नहीं होना चाहिए कि स्त्री और बच्चे ही हर ज्यादती और अत्याचार के शिकार होते रहें।

प्राचीन काल से अब तक स्त्री ही पुरुष तथा समाज के दमन का केंद्र रही है। शिक्षा तथा आर्थिक स्थिति के विकास के बाद भी स्त्रियों की दयनीय स्थिति में बहुत ज्यादा परिवर्तन नहीं आया है। देश की आबादी की 45फीसदी आबादी महिलाओं की है पर अभी तक स्त्रियों की स्थिति में बहुत ज्यादा परिवर्तन परिलक्षित नहीं हुआ है, यह एक चिंतनीय सामाजिक समस्या हमारे सामने ज्वलंत खड़ी है।

भारतीय समाज की विशेषता है कि यह क्रमिक रूप से बाहरी मूल्यों को अपनाते हुए आगे बढ़ रहा है जिसके फलस्वरूप आज समाज विभिन्न संस्कृतियों, सभ्यताओं तथा मूल्यों का अद्भुत समूह बन गया, यूं कहें कि अलग-अलग सभ्यताओं के पुष्पों का एक रंग-बिरंगा गुलदस्ता ही बन गया है। वहीं सभ्यताओं के आत्मसात करने के परिणाम स्वरूप पाश्चात्य सभ्यता से हिंदुस्तानी समाज में बड़ी विसंगतियां जन्म लेने लगी हैं। सभ्यताएं तो आई लेकिन अपनी बुराइयों को भी लेकर आई हैं। इससे भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों का अवमूल्यन ही हुआ है और इसके अलावा पाश्चात्य सभ्यता ने खुलेपन आमंत्रित कर युवाओं तथा पुरुषों के मन में वासनात्मक कुंठा को जन्म दिया है। जिसके कारण महिलाओं पर यौन हिंसा की घटनाएं बढ़ती जा रही है। आज भारतीय समाज निश्चित तौर पर परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है और यही वजह है कि पाश्चात्य सांस्कृतिक प्रवृतियों मानसिक भावनाओं को संक्रमित कर कुंठा को जन्म दिया है। यही कारण है कि मानसिक संक्रमण से भारतीय समाज पाश्चात्य सभ्यता का अंधा अनुसरण कर रहा है जिसके कारण मानवीय मूल्यों में नैतिक स्खलन स्पष्ट दिखाई देने लगा और इस नैतिक गिरावट से हिंसा में काफी वृद्धि हुई है। पाश्चात्य सभ्यता के दुष्प्रभाव में सबसे गहरा दुष्प्रभाव यौन हिंसा के प्रचार प्रसार का है। पुरुष समाज की मानसिकता है की पुरुष होने के कारण उन्हें कुछ चीजों का हक नैसर्गिक रूप से प्राप्त है जैसे कि अच्छी पत्नी और संतान में बेटों की प्राप्ति, कोई भी पुरुष अपनी आने वाली पीढ़ी में पुत्री नहीं चाहता है जबकि पुत्र पुत्री एक समान ही होते हैं बल्कि जो मायूस होकर पुत्री जन्म का दुख मनाते हैं उन्हें वर्तमान में पीएससी और यूपीएससी की रिजल्ट लिस्ट देखनी चाहिए इसमें बालिकाओं ने बहुत अच्छे अंकों से परीक्षा पास कर समाज में उनकी अहम भूमिका को सार्थक किया है।

- संजीव ठाकुर

# मार्बल ज़ोन

' स्वच्छ शहर, स्वस्थ नागरिक '

सुप्रभात से शुभरात्रि तक

# कलेक्टर के आदेश के बाद जमा होने लगे लायसेंसी हथियार

## जिलेभर में करीब 6657 शस्त्र, सबसे ज्यादा पाटन क्षेत्र से सरेंडर



**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रदेश में चुनावी तारीख घोषित होते ही कलेक्टर ने जिले के सभी लायसेंसी शस्त्रधारकों के लायसेंसी निरस्त कर चुनाव के मद्देनजर शस्त्रों को थाने में जमा करने के आदेश जारी किये हैं। जिसके दूसरे दिन ही जिले के सभी थाना क्षेत्रों में हथियारों को लेकर जमा करने के लिये पहुंच रहे हैं। बताया जा रहा है कि जबलपुर जिले में साढ़े छः हजार से अधिक शस्त्र धारक हैं। शहरी क्षेत्र में शस्त्रों की संख्या 4000 से अधिक है तो वहीं ग्रामीण क्षेत्र में में 2600 से अधिक लोगों के पास अथियार हैं। सबसे अधिक 12 बोर की गन है जबकि सबसे कम भरमार बंदूक लोग अपने पास रखे हैं। रिवॉल्वर और राइफल के लायसेंस भी बहुत लोगों के पास हैं।

जबलपुर जिले में 6657 शस्त्र लायसेंस वाले हैं। इनमें से 60 प्रतिशत से ज्यादा शहर में ही हैं। वहीं 500 से अधिक लायसेंस के लिये आवेदन अभी भी लंबित हैं। आचार संहिता लगते ही जिले के सभी थाने में लोग अपने शस्त्र लायसेंस के साथ जाम करने लगे हैं। जिले में सबसे ज्यादा पाटन थाना अंतर्गत रहने वाले लोगों के पास है। इस संबंध में पुलिस अधिकारियों का कहना है कि निर्वाचन आयोग के निर्देश मिलते ही थाना अंतर्गत जितने भी लोग जो की शस्त्र धारक हैं उन सभी को सूचना दी जा रही है। इसके अलावा पुलिस स्टाफ भी घर-घर जाकर लोगों से अपने शस्त्र थाने में जमा करने की अपील कर रहा है।

### जिले में लाइसेंस धारी शस्त्रों की संख्या

| शस्त्र | शहर में | गांव में | जिले में |
|---|---|---|---|
| पिस्टल रि. | 716 | 116 | 832 |
| एम.एल गन | 40 | 613 | 653 |
| B.L गन | 2458 | 1638 | 4096 |
| राइफल | 810 | 266 | 1076 |
| योग | 4024 | 2633 | 6657 |

# जबलपुर मंडल में शीर्ष अधिकारियों के आदेश मानने की परम्परा समाप्त

**जबलपुर, देशबन्धु।** पश्चिम मध्य रेलवे के जबलपुर मंडल में अनुशासनहीनता और भर्राशाही दिनों दिन बढ़ती ही जा रही है। सबसे ज्यादा भर्राशाही वाणिज्य विभाग में देखी जा रही है।

सूत्रों से मिली खबर के अनुसार पमरे के महाप्रबंधक सुधीर कुमार गुप्ता के अनुमोदन पर राजेश शर्मा को सीनियर डीसीएम वन के पद पर जोन कार्यालय से मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में स्थानांतरण किया गया था। विश्व रंजन को सीनियर डीसीएम2 सुनील श्रीवास्तव के स्थान पर पदस्थ किया गया। यह आदेश विगत 25सितम्बर को जारी किये गए थे। इस आदेश का लगभग 20 दिन बीतने के बाद भी पालन नहीं किया गया है। नियमानुसार विभागीय सिम और गाड़ी के अलावा कक्ष भी खाली नहीं किया गया।

उल्लेखनीय है कि विश्वरंजन को वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक के पद पर कार्य करते लगभग 3 वर्ष 6 माह हो चुके हैं।

मुख्य सतर्कता विभाग के निर्देशानुसार संवेदनशील पद पर 3 वर्ष से अधिक समय बीतने के बाद स्थानांतरण किये जाने जाने का प्रावधान है। इसी के तहत यह आदेश जारी किये गये हैं। भोपाल मंडल में भी सीनियर डीसीएम 2 से वन का आदेश जारी हुआ और उसका परिपालन भी हो गया। जबलपुर में महाप्रबंधक प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक और मंडल रेल प्रबंधक जैसे शीर्ष अधिकारी की पदस्थापना के बावजूद भी आदेश का पालन नहीं किया जाना एक आश्चर्य का विषय है। मंडल के रवैये से ऐसा लगता है कि आदेश जारी होने के बाद भी जब तक अधिकारी चाहे अपनी मनमर्जी से बैठ सकता है।

रेलवे के एक कर्मचारी नेता ने बताया कि मंडल में नियम कानून केवल छोटे कर्मचारियों से ही लागू कराया जाता है और जो आदेश का पालन न करे उसको अनुशासन का डंडा चलाया जाता है।

यहां इस बात का उल्लेख करना आवश्यक है कि पूर्वोत्तर रेलवे में रोटेशन स्थानांतरण के लिए केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो सीबीआई की अनुशंसा में लगभग आधा दर्जन अधिकारियों को स्थानांतरित करते हुए तुरंत ही भारमुक्त करवाया गया था। पश्चिम मध्य रेलवे के महाप्रबंधक इस संबंध में क्या प्रभावी करेंगे यह एक जनचर्चा का विषय बना हुआ है।



# भारत स्काउट्स एवं गाइड्स की छठवीं राज्य रैली प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण समारोह

## कोटा मंडल नें जीती ओव्हर ऑल चैम्पियन शील्ड

**जबलपुर, देशबन्धु।** पमरे, भोपाल मण्डल में हबीबगंज रेलवे कॉलोनी स्थित खेल मैदान में आयोजित पश्चिम मध्य रेल, भारत स्काउट्स एवं गाइड्स की छठवीं राज्य रैली प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण गुरूवार को पश्चिम मध्य रेल के महाप्रबन्धक सुधीर कुमार गुप्ता के मुख्य आतिथ्य में किया गया। इस प्रतियोगिता में राज्य मुख्य आयुक्त शील्ड सर्वाधिक सेंसेस वाले मंडल जबलपुर को दी गई। कोटा रेल मंडल ने बाजी मारते हुये सभी 20 प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान लेकर ओवर ऑल चैम्पियन शील्ड जीती। भोपाल मंडल को द्वितीय व जबलपुर मण्डल को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ। राज्य पुरस्कार प्रमाण पत्र चार प्रतिभागियों- अंस करमारकर, आस्था करमारकर, अंजली नेगी, सोनम असीम को प्रदान किया गया। इस अवसर पर महाप्रबन्धक सुधीर कुमार गुप्ता नें अपने संबोधन में कहा कि पश्चिम मध्य रेल, राज्य मुख्यालय, जबलपुर द्वारा आयोजित 6वीं (षष्ठम ) राज्य रैली के ग्रैंड कैम्प फायर समारोह में शामिल होने पर मुझे अत्यंत खुशी एवं गर्व का अनुभव हो रहा है। रैली में स्काउट एवं गाईड द्वारा बनाये गये विभिन्न गैजेट्स, पॉयनियरिंग प्रोजेक्ट सराहनीय है। इस अवसर पर पश्चिम मध्य रेल महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा ी संध्या गुप्ता, महिला कल्याण संगठन भोपाल मण्डल की अध्यक्षा गुंजन त्रिपाठी एवं सदस्याएं, स्काउट्स एवं गाइड्स के राज्य मुख्य आयुक्त एवं वरिष्ठ उप महाप्रबंधक पंकज शर्मा, मंडल रेल प्रबंधक भोपाल देवाशीष त्रिपाठी, जिला मुख्य आयुक्त एवं अपर मंडल रेल प्रबंधक रश्मि दिवाकर, समस्त विभाग प्रमुख एवं अन्य अधिकारीगण, तीनो मंडलों के स्काउट्स एवं गाइड्स, रोवर्स एवं रेंजर्स, संगठन के समस्त पदाधिकारी, बड़ी संख्या में दर्शकगण, मीडिया प्रतिनिधि उपस्थित थे।



# कलेक्टर ने शहपुरा तहसील पहुंचकर लिया चुनावी तैयारियों का जायजा

## चेक पोस्ट और मतदान केन्द्रों का भी किया निरीक्षण

**जबलपुर, देशबन्धु।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर सौरभ कुमार सुमन गुरूवार को शहपुरा तहसील पहुंचे और विधानसभा निर्वाचन के तहत की जा रही तैयारियों का जायजा लिया। श्री सुमन ने नरसिंहपुर जिले की लगी सीमा से लगे झांसीघाट और मेरेगांव में वाहनों की जांच के लिये स्थापित चेक पोस्ट का तथा बेलखेड़ा के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भवन स्थित मतदान केन्द्रों का निरीक्षण भी किया। जिला पंचायत की सीईओ जयति सिंह एवं एसडीएम शहपुरा अभिषेक सिंह ठाकुर भी इस दौरान मौजूद थे।

कलेक्टर ने शहपुरा तहसील ऑफिस के निरीक्षण के दौरान यहां राजनैतिक दलों एवं अभ्यर्थियों को दी जाने वाली विभिन्न अनुमतियों के लिए स्थापित सिंगल विंडो सिस्टम में तैनात कर्मचारियों से जुलूस, आमसभा, रैलियों, वाहन एवं लाउडस्पीकर के लिए अनुमतिया प्रदान करने की प्रक्रिया पूछी तथा विभिन्न प्रपत्रों का अवलोकन किया। उन्होंने नरसिंहपुर जिले की सीमा पर स्थापित इन दोनों चेक पोस्ट पर वाहनों की सघन जांच करने की हिदायत मौजूद पुलिस कर्मियों को दी। चेक पोस्ट पर तैनात पुलिस कर्मियों के लिए पंडाल लगाने और पानी की व्यवस्थ करने के निर्देश जनपद पंचायत सीईओ को दिये। श्री सुमन ने चेकपोस्ट पर स्टापर लगाने और बेरीकेटिंग के निर्देश भी दिये। कलेक्टर श्री सुमन ने चेकपोस्टों के बाद बेलखेड़ा में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भवन स्थित मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। कलेक्टर के शहपुरा क्षेत्र के भ्रमण के दौरान तहसीलदार शहपुरा, जनपद पंचायत के सीईओ भी मौजदू थे।

# पूजा के बहाने सभा नहीं कर सकेंगे राजनेता

**भोपाल/ जबलपुर, देशबन्धु।** नवरात्र पर्व और दीपावली के त्यौहार के बीच प्रदेश में होने वाले चुनाव प्रचार में राजनेता पूजा के बहाने सभा नहीं कर सकेंगे। धार्मिक कार्यक्रमों के साथ धार्मिक स्थलों के मामले में भी चुनाव आयोग ने अपनी रणनीति साफ कर दी है। इसमें कहा है कि प्रदेश में विधानसभा चुनाव के दौरान कलेक्टर और उनके अधीनस्थ अफसर किसी भी धार्मिक स्थल के परिसर में सभा की अनुमति नहीं दे सकेंगे। चुनाव आयोग ने इस मामले में सख्त हिदायत देते हुए अनुमति देते वक्त इसका ध्यान रखने को कहा है। इसके साथ ही राजनीतिक दलों को जुलूस एवं रैली की अनुमति देने में यह स्पष्ट उल्लेख किया जाएगा कि जुलूस व रैली किन-किन मार्गों से गुजरेगी तथा उसका समापन कहां होगा। दो राजनैतिक दलों को एक ही समय में एक ही स्थान पर सभा की अनुमति नहीं होगी।

### सर्किट हाउस, रेस्ट हाउस में नहीं होंगी राजनीतिक बैठकें

आयोग ने यह भी साफ कर दिया है कि चुनाव आचार संहिता के दायरे में जिलों और विकासखंड व अन्य स्थानों पर बनाए गए सर्किट हाउस, रेस्ट हाउस भी रहेंगे। इन स्थलों की गतिविधियों पर भी नजर रखने के निर्देश मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय ने कलेक्टरों को दिए हैं। इसमें कहा है कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 के तहत जिले के सभी विश्राम भवनों को अधिग्रहीत किया जाकर कार्यवाही की जाना है। विश्राम गृह भवनों के नियंत्रणकर्ता अधिकारी नियम और निर्देशों का पालन करेंगे। विश्राम गृह परिसर में निर्वाचन की आदर्श आचरण संहिता का पालन कराना होगा। जिला दंडाधिकारी की अनुमति के बिना विश्रामगृह किसी अन्य को आवंटित नहीं किया जाएगा।

### राजनेताओं के उत्तेजक वक्तव्यों पर रहेगी नजर

कलेक्टरों से कहा गया है कि निर्वाचन गतिविधियों में संलग्न विभिन्न राजनैतिक दलों व उनके कार्यकर्ताओं द्वारा आम सभा, जुलूस, रैली आदि का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान राजनैतिक दलों, व्यक्तियों द्वारा प्रचार-प्रसार के दौरान एक दूसरे के विरुद्ध उत्तेजक शब्दों का प्रयोग करने की संभावना है, जिससे तनाव पूर्ण स्थिति निर्मित हो सकती है। इसलिए इस पर नजर रखी जाए।

### लाउड स्पीकर की आवाज रहे सीमित

चुनाव आयोग के निर्देश पर जिलों में कलेक्टरों से कहा है कि सभाएं, जुलूस, रैली आयोजित करने तथा ऐसी सभा, जुलूस में लाउड स्पीकर के उपयोग करने की अनुमति देने के लिये संबधित विधानसभा क्षेत्र के रिटर्निंग ऑफिसर को प्राधिकृत अधिकारी होंगे। ध्वनि विस्तारक यंत्र (लाउड स्पीकर) का उपयोग धीमी गति से किया जाएगा। ध्वनि विस्तारक यंत्र की अनुमति ग्रामीण, नगर पालिका और निगम क्षेत्र के बाहर की सीमा में पूर्वाह्न 6 बजे से रात 11 बजे तक तथा अन्य क्षेत्रों में जो निगम अथवा नगर पालिका क्षेत्र की सीमा में आते हैं। उन क्षेत्र में पूर्वाह्न 6 बजे रात 10 बजे तक के मध्य होगी।

### कलेक्टरों को रखना होगी खास निगाह, जुलूस का रूट भी बताना होगा

### पंचायतों पर भी रखना होंगी नजर

निर्वाचन की प्रक्रिया पूरा होने तक जिला पंचायत, जनपद पंचायत तथा ग्राम पंचायत के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं पदाधिकारियों पर आदर्श आचरण संहिता लागू रहेगी। कोई भी अधिकारी तथा कर्मचारी इस अवधि में राजनैतिक गतिविधि में किसी भी रूप में शामिल नहीं होगा। पंचायत के अधीन अधिकारियों-कर्मचारियों की नियुक्ति और स्थानांतरण पर पूरी तरह से रोक रहेगी। पंचायत क्षेत्र में किसी भी तरह के नए भवन निर्माण अथवा मौजूदा भवन में परिवर्तन की अनुमति नहीं दी जाएगी।

# जीइनर व्हीलडिट्रिक्ट संस्था जबलपुर द्वारा पुरूस्कार घोषित



**जबलपुर, देशबन्धु।** शिक्षक के रूप में जबलपुर के विभिन्न विद्यालयों के बच्चों द्वारा राष्ट्रीय सर्वे किया गया। जिसमें नगर के प्रतिष्ठित संस्था हितकारिणी के उत्कृष्ठ शिक्षक राजेन्द्र तिवारी का चयन किया गया इन्हें इनर व्हील क्लब की अध्यक्षता एवं हितकारिणी महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. निलेश पाण्डे द्वारा उत्कृष्ठ अध्यापन लगन शील कार्य कुशलता शैक्षिणक एवं अनुभव एवं 33 वर्षीय अध्यापन, राष्ट्रीय सर्वे के आधार पर Nation Builder Award Literacy mission के द्वारा पुरूस्कृत किया गया इसी श्रृंखला में शहर के कुछ हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम के शासकीय अशासकीय विद्यालयों के चुने हुये शिक्षकों को पुरूस्कृत किया गया। राजेन्द्र तिवारी विज्ञान एवं गणित के उत्कृष्ठ शिक्षक हैं। जो 33 वर्षों से हिकारिणी विद्यालय गोंविदगंज में अध्यापन कर रहे हैं।

# अंर्त महाविद्यालयीन बास्केटबॉल पुरुष वर्ग प्रतियोगिता सेंट अलायसियस, सदर विजेता



**जबलपुर, देशबन्धु।** म.प्र. शासन उच्च शिक्षा विभाग के खेल कैलेण्डर वर्ष 2023 के अनुसार 11 एवं 12 अक्टूबर 2023 को गोविन्दराम सेकसरिया अर्थ-वाणिज्य (स्वशासी) महाविद्यालय के प्रांगण में अंतर महाविद्यालयीन बास्केटबॉल पुरुष वर्ग का फाइनल मैच सेंट अलायसियस एवं यू.टी.डी. के बीच खेला गया। मैच के प्रारंभ में दोनों टीमों के खिलाड़ियों का परिचय महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुनील कुमार पाहवा से कराया गया। इस रोमांचक मुकाबले में सेंट अलायसियस की टीम ने 74-64 अंकों से यू.टी.डी को हराकर विजेता होने का गौरव प्राप्त किया। विजेता एवं उपविजेता टीमों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. विनोद कुमार मिश्रा, डॉ. डीबी कोष्टा, डॉ. एन.सी. त्रिपाठी, डॉ. शक्ति प्रतामन, डॉ. सी.के. चौकसे, डॉ. ज्ञानेन्द्र त्रिपाठी, डॉ. आशीष मिश्रा, डॉ. नीरज केशरवानी, प्रवीण कुमार सिंह, डॉ. अभिषेक श्रीवास्तव, क्रीडा अधिकारी मुईन अहमद, रजिस्ट्रार सुभाष पाण्डेय तथा विभिन्न महाविद्यालयों आये क्रीडा अधिकारी डॉ. रमेश शुक्ला, ओमकार दुबे, हरीश दुबे, मूर्तिदास यादव, संजय कुमार आदि उपस्थित रहे।

# कलेक्टर ने स्टैंडिंग कमेटी की बैठक में दी चुनावी प्रचार और व्यवस्थाओं में इस्तेमाल की जाने वाली सामग्री की जानकारी



**जबलपुर, देशबन्धु।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर सौरभ कुमार सुमन की अध्यक्षता में आज गुरूवार को संपन्न हुई स्टैंडिग कमेटी की बैठक में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को विधानसभा निर्वाचन के दौरान चुनावी प्रचार-प्रसार और व्यवस्थाओं में इस्तेमाल की जाने वाली सामग्रियों एवं सेवाओं की निर्धारित की दरों की जानकारी दी गई।

कलेक्टर ने बैठक में मौजूद राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा निर्धारित की दरों पर सुझाव भी प्राप्त किये तथा संशोधन के बाद जल्दी ही उन्हें दर सूची उपलब्ध कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। बैठक में बताया गया कि निर्वाचन व्याय लेखा के संधारण में आनेवाली कठिनाइयों के निराकरण के लिए चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवार या उनके निर्वाचन व्यगय अभिकर्ता जिला निर्वाचन कार्यालय के एक्स पेंडिचर मॉनीटरिंग सेल से संपर्क कर सकेंगे। बैठक में राजनैतिक दलों को आमसभाओं के लिए चिन्हित स्थलों की सूची प्रदान की गई एवं निर्धारित दरों की जानकारी दी गई। स्टैंजडिंग कमेटी की बैठक में राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों के आदर्श आचरण संहिता एवं संपत्ति विरूपण अधिनियम की जानकारी दी गई। निर्वाचन के मद्देनजर जारी प्रतिबंधात्मयक आदेशों से भी राजनैतिक दलों को अवगत कराया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बैठक में राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों को पेड न्यूएज से संबंधित प्रावधानों की जानकारी देते हुये बताया कि राजनैतिक दलों एवं उम्मीदवारों को इलेक्ट्रानिक और सोशल मीडिया एवं रेडियो पर चुनावी प्रचार वाले विज्ञापनों का प्रसारण के पूर्व जिला स्तरीय मीडिया सर्टिफिकेशन एवं मॉनीटरिंग कमेटी से प्रमाणित कराना अनिवार्य होगा। बैठक में उपजिला निर्वाचन अधिकारी एवं अपर कलेक्टर मिशा सिंह, जिला पंचायत की सीईओ जयति सिंह, नगर निगम आयुक्ती स्वप्रिल वानखड़े, अपर कलेक्टर शेर सिंह मीणा एवं नाथूराम गोंड, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रियंका शुक्ला, सभी आठ विधानसभा क्षेत्रों के रिटर्निंग अधिकारी तथा राजनैतिक दलों की ओर से गिरजेश श्रीवास्त, आनंद साहू, रूपेश सिंह पटेल, राजदेव शर्मा, वीरेन्द्रं पचौरी, जानकी प्रसाद, डॉ. कमल बिसेन, मोतीलाल अहिरवार, राजेश जायसवाल, दिनेश कुमार नामदेव, डॉ. गोपाल पटैल आदि मौजूद थे।

# हॉलीडे स्पेशल गाड़ियों का वर्किंग, कोटा मण्डल के रनिंग स्टाफ से करवाने पमरे प्रशासन से की मांग

**जबलपुर, देशबन्धु।** रेल प्रशासन ने पूजा/ दिवाली/ छठ/ क्रिसमस, विन्टर सीजन 2023 के लिए स्पेशल हॉलीडे गाड़ियों को चलाने का निर्णय लिया है। इसकी वर्किंग कोटा मंडल के रनिंग स्टाफ की बजाय अन्य मंडल के स्टाफ से कराने पर वेस्ट सेंट्रल रेलवे एम्पलाइज यूनियन (डबलूसीआरईयू) ने पमरे मुख्यालय प्रशासन से कड़ी आपत्ति जताते हुए, इस निर्णय को तत्काल बदलकर कोटा मंडल के स्टाफ से वर्किंग कराने की मांग की है।

यूनियन के सहा. मण्डल सचिव नरेश मालव ने बताया कि पश्चिम रेलवे मुख्यालय मुम्बई द्वारा पूजा/दिवाली/छठ/क्रिसमस विन्टर सीजन 2023 होलिडे स्पेशल गाड़ियों के संचालन सम्बन्धी आदेश जारी किये गये हैं, जिसमें इन गाडियों का वर्किंग कोटा-रतलाम-कोटा एवं कोटा वडोदरा-कोटा के बीच पश्चिम रेलवे के ट्रेन मैनेजर द्वारा करने के एक तरफा आदेश जारी किये गये हैं, जो कि न्यायसंगत नहीं हैं।

### यूनियन महामंत्री ने पीसीओएम को लिखा पत्र

यूनियन के महामंत्री कॉ. मुकेश गालव ने पश्चिम मध्य रेलवे के प्रमुख मुख्य परिचालन प्रबंधक को पत्र लिखकर एवं वार्ता कर इस विषय से अवगत कराया है एवं कहा कि उपरोक्त गाड़ियों के वर्किंग से सम्बन्धित पश्चिम मध्य रेलवे मुख्यालय द्वारा कोई आदेश जारी नहीं करने से इन गाड़ियों के वर्किंग को लेकर दोनों रेलवे के रनिंग कर्मचारियों को बीच तनाव की स्थिति बनती है।

गाडी स. 09003/09004 मुम्बई से नई दिल्ली, 09075/09076 मुम्बई से काठगोदाम, 09185/09186 मुम्बई से कानपुर अनवरगंज, 09061/09062 मुम्बई से बरौनी, 09097/09098 बांद्रा से जम्मूतवी, 09027/09028 वलसाड से कटरा, 09091/09092 उधना से हिसार, 09129/09130 वडोदरा से हरिद्वार, 09321/09322 इंदौर से कटरा, की वर्किंग के आदेश पश्चिम मध्य रेलवे मुख्यालय द्वारा कोटा मण्डल के रनिंग स्टाफ लोको पायलट एवं ट्रेन मैनेजर को कोटा-वडोदरा-कोटा एवं कोटा-रतलाम-कोटा खण्ड में करने के लिये आदेश जारी करने के लिए मुख्यालय को अवगत कराया गया है। जिसके उपरांत शीघ्र इस मामले में निर्णय आने की संभावना है। कॉ. मुकेश गालव ने कहा कि कोटा मण्डल के रनिंग स्टाफ के साथ यूनियन ने पूर्व में भी किसी प्रकार का अन्याय नहीं होने दिया है एवं आगे भी यूनियन कोटा के स्टाफ को उसका हक दिलवाने के लिए हर संभव प्रयास करेगी।

# सेक्टर अधिकारियों की बैठक आज मानस भवन में आयोजित

**जबलपुर, देशबन्धु।** विधानसभा निर्वाचन की तैयारियों के तहत जिले की आठों विधानसभा क्षेत्र के लिये नियुक्त सेक्टर अधिकारियों की बैठक का आयोजन आज 13 अक्टूबर को राईट टाऊन स्थित मानस भवन में किया गया है। जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार विधानसभा क्षेत्र जबलपुर पूर्व, जबलपुर उत्तर, जबलपुर केण्ट एवं जबलपुर पश्चिम के सेक्टर अधिकारियों की बैठक दोपहर 12.30 बजे से 1.30 बजे तक तथा विधानसभा क्षेत्र पाटन, बरगी, पनागर एवं सिहोरा के सेक्टर अधिकारियों की बैठक शाम 3 बजे से 4 बजे तक होगी। सभी सेक्टर अधिकारियों को उनके सेक्टर के मतदान केन्द्रों में उपलब्ध सुविधाओं तथा वल्नरेबल एवं क्रिटिकल मतदान केन्द्रों की सूची सहित निर्धारित समय से 30 मिनिट पूर्व उपस्थित होने के निर्देश दिये गये हैं।

# महिलाओं को ब्रेस्ट कैंसर स्क्रीनिंग कर लक्षण एवं कारणों की मिली जानकारी




**जबलपुर, देशबन्धु।** हेल्थ अवेयरनेस डे एवं ब्रेस्ट कैंसर अवेरनेस मंथ के अवसर पर गुरूवार को कलेक्टर सौरभ कुमार सुमन के निर्देशानुसार एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय मिश्रा के मार्गदर्शन में शहर के वार्ड नं 72 अंतर्गत संजीवनी क्लिनिक प्रभात नगर कठोन्दा में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में क्षेत्र की समस्त गर्भवती महिला, किशोर-किशोरियां, वृद्धजन एवं बच्चों की जांच उपचार एवं परामर्श की सेवाएं दी गईं। शिविर में समस्त महिलाओं की ब्रेस्ट कैंसर के लिये स्क्रीनिंग कर इसके लक्षण एवं कारणों की जानकारी दी गई। इसके अलावा टीबी, कुष्ठ, आर्थरायटिस, मलेरिया एवं डेंगू के कारणों और रोकथाम की जानकारी देकर जागरूक किया गया। शिविर में समस्त महिलाओं की जांच व उपचार स्त्रीरोग विशेषज्ञ डॉ. क्षितिजा मणि के द्वारा तथा शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. कामना निगम के द्वारा बच्चों की जांच एवं उपचार किया गया। मिशन इंद्रधनुष अभियान के अंतर्गत छूटे हुए बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण किया गया। शिविर में कुल 256 मरीजों की जांच एवं उपचार कर परामर्श सेवाएं दी गईं, 53 मरीजों की मलेरिया की जांच किट द्वारा करके ब्लड स्लाईड बनाई गई। शिविर में संयुक्त संचालक डॉ. भरत खटीक, डीएचओ डॉ. आर के व्यास, शहरी नोडल अधिकारी डॉ. एस एस दाहिया, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. विनोद गुप्ता, डीएचओ डॉ. जया श्रीवास्तव, डीएचओ डॉ. विनीता उप्पल, डॉ. फयीम अंसारी, यूनिसेफ से सत्यप्रकाश श्रीवास्तव, एपीएम संदीप नामदेव, सुपरवाइजर मीना लुईस, टोनी एंब्रोस, एमएम अंसारी, एएनएम सोनारानी, पीएचएम दीपेश, पीएचएम प्रतिभा, पीएचएम अखिलेश संस्था के एमटीएस तरुण एवं आशा बर्मन ने शिविर में उपस्थित होकर आयोजन को सफल बनाया।

# मेरा शहर

' स्वच्छ शहर, स्वस्थ नागरिक '

सुप्रभात से शुभरात्रि तक



## मीना मिश्रा गुप्त शक्तिपीठ श्री बड़ी खेरमाई मंदिर महिला समिति अध्यक्ष बनीं

**जबलपुर, देशबन्धु।** गुप्त शक्तिपीठ श्री बड़ी खेरमाई मंदिर महिला समिति की बैठक सम्पन्न हुई। इस बैठक में श्रीमती मीना मिश्रा सर्वसम्मति से महिला समिति की अध्यक्ष चुनी गई। इस बैठक में शारदेय नवरात्रि में महिला समिति द्वारा किए जाने वाले कार्यक्रमों की विस्तृत रूपरेखा बनाई गई।

## घर के आंगन में तुलसी होना समृद्धि का प्रतीक

### निश्चल को तुलसी पौधों का हुआ वितरण

**जबलपुर, देशबन्धु।** बड़े फुहारा स्थित खुन्नेलाल एंड कंपनी आयुर्वेदिक दवाई की दुकान में निशुल्क श्यामा एवं रामा तुलसी पौधों का वितरण स्वर्गीय जमुना प्रसाद अग्रवाल एडवोकेट ट्रस्ट के अंतर्गत बृहद रूप से किया गया। ट्रस्ट के अध्यक्ष शरद अग्रवाल ने बताया तुलसी पौधों का पूजन पाठ करने से सुख समृद्धि बढ़ती है। धार्मिक एवं आयुर्वेदिक महत्व को देखते हुए बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं को सन 1984 के लगातार 95 हजार से अधिक तुलसी पौधों का वितरण किया जा चुका है। नर्मदा महाआरती के संस्थापक डॉक्टर सुधीर अग्रवाल, एडवोकेट सचिन अग्रवाल ने बताया बड़ी संख्या में तुलसी के पौधों का वितरण किया गया। तुलसी मैया को प्राप्त करने के लिए पहले से ही सैकड़ों लोग मोबाइल नंबर लिखा जाते हैं आते ही उन्हें सूचना दी जाती है। तुलसी पौधा बांटते समय उत्सव का माहौल लगता है आनंद की अनुभूति होती है पेड़ पौधे लगाएं पर्यावरण को बचाएं।



## श्रीगोविंदगंज रामलीला की 'श्रीराम बारात' आज

**जबलपुर, देशबन्धु।** मध्य भारत की अति प्राचीन रामलीला समिति श्रीगोविंदगंज की 159वीं श्रीराम बारात श्रद्धामय वातावरण में धूमधाम से निकाली जाएगी। अध्यक्ष पं. अनिल तिवारी ने बताया कि श्रीरामबारात शायं 7.30 बजे रामलीला प्रांगण से प्रारंभ होगी।

बारात में गुरुवर विश्वामित्र के साथ राम-लक्ष्मण, महाराज दशरथ के साथ भरत-शत्रुघन सहित कई धर्ममयी झांकि यां शामिल होंगी। बारात रामलीला भवन से गुड़हाई, कोतवाली, कमानिया, फुहारा, बड़े महावीर, पांडे चौक, बल्देवबाग चौक, गोपालबाग, दमोह नाका होते हुए वापस रामलीला प्रांगण में संपन्न होगी।



### श्रीराम ने तोड़ा धनुष, माता सीता ने पहनाई जयमाल

**निवाड़गंज में जनवासा-** श्री तिवारी ने बताया कि परंपरा अनुसार पंचकोषी मंदिर निवाड़गंज में भगवान की बारात का जनवासा रहेगा। यहां की व्यवस्था नगर कांग्रेस अध्यक्ष दिनेश यादव, संजय गोस्वामी सहित अन्य श्रद्धालुओं द्वारा की जाएगी। जनवासे में दूल्हा बने श्रीराम सहित चारों भाइयों और अन्य बारातियों का स्वागत किया जाएगा। श्री तिवारी ने बताया कि बारात का रास्ते भर स्वागत होगा। उन्होंने यात्रा मार्ग के समस्त प्रतिष्ठान, आसाव में तोरण द्वार लगा प्रभु की अगवानी करने की अपील की है।

**धनुष टूटते ही उत्सव-** इससे पूर्व रविवार की रात भगवान ने शिव धनुष का भंजन कर जनकजी का संपात हरा। फलस्वरूप माता सीता ने प्रभु श्रीराम के गले में जयमाला डाली।

रामलीला में आज जनक के रूप में सौरभ पटेरया, रावण के रूप में पवन पांडे, बाणासुर के रूप में मोहन चौबे, परशुराम के रूप में पलाश पाठक ने शानदार अभिनय किया। लक्ष्मण जी केअभिनय कर्ता प्रणब पांडे ने भी दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं।

## श्री रामजन्म की लीला का हुआ मंचन

**जबलपुर, देशबन्ध।** श्री गिरिजाशंकर मंदिर रामलीला घमापुर में आज रावण तपस्या त्रैलोक्य विजय रामजन्म की लीला का मंचन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय धर्मावलंबी नागरिकों के साथ रामलीला के पदाधिकारी अध्यक्ष डा.शिव मणी मिश्रा, महामंत्री पं.कमलेश तिवारी, संचालक एड. बलराज सोनकर, एड. श्याम चन्द्र तिवारी, कोषाध्यक्ष विष्णु दीक्षित, एड. सरमन राजपूत, राजेश सेन, संदीप सोनकर, एवं समस्त पदाधिकारियों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। विश्वामित्र आगमन ताड़का बध अहिल्या मोक्ष की लीला का मंचन किया जाएगा।

## धनुष यज्ञ रामलीला में अहिल्या उद्धार नगर प्रवेश हुआ मंचन

**जबलपुर, देशबन्ध।** सदर स्थित धनुष यज्ञ रामलीला में अहिल्या उद्धार नगर प्रवेश सजीव चित्रण किया गया। आज की मुख्य आरती,अभिषेक चौकसे सीताराम कुरचनिया रवि महावर महावर विजय ठाकुर डी,पी कमल प्रदीप चौकसे महेशकटारे रामस्वरूप श्रीवास रजनीकांत अवस्थी पापा यादव आदेश दीक्षित आदि के द्वारा की गई। आज का अभिनय में सजीव चित्रण, कुशालिनी यादव, अहिल्या का अभिनय तालिया से स्वागत किया धनुष यज्ञ रामलीला समिति द्वारा उपस्थित दर्शक दीर्घा शक्ति का स्वरूप नारी शक्ति

कल की प्रमुख लीला फुलवारी लीला, गौरी पूजन मंचन किया जाएगा। धनंजय बाजपेई, संतोष तिवारी, संदीप चौकसे, प्रहलाद श्रीवास्तव, प्रशांत शुक्ला, रजनीकांत शुक्ला, संजय शुक्ला, आशीष पाठक, सतीश पाठक, मोहित अग्निहोत्री ने दर्शकों से उपस्थित होने का आग्रह किया है।





## गढ़ा रामलीला के मंच पर हर्षोल्लास से मनाया राम जन्मोत्सव

### देवर्षि नारद के श्राप से नर रूप में अवतरति हुए नारायण

**जबलपुर, देशबन्धु।** सिद्ध मंच गढ़ा रामलीला मैदान में नारद मोह की लीला के अंतर्गत देवर्षि नारद के श्राप से वशीभूत परब्रह्म परमात्मा मानव तन धारण करके ऋषि वाणी को सत्य करने और जगत का कल्याण करने के लिए अयोध्या के सम्राट दशरथ के राजमहल में नर रूप में अवतरित हुए नारायण। इसके साथ ही श्री राम, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न के रूप में अवतरित हुए। राम जन्म होते ही मंच पर शोहरी गायन हुआ। भारत भूमि के ऋषि मुनि अपना यज्ञ जप तप राक्षसों के आतंक के कारण नहीं कर पा रहे थे त्रिकालदर्शी भारत भूमि के ऋषि मुनि अपना यज्ञ जप तप राक्षसों के आतंक के कारण नहीं कर पा रहे थे। त्रिकालदर्शी ऋषि श्रेष्ठ विश्वामित्र ने देखा कि नारायण का अवतार नर के रूप में महाराज दशरथ के यहां हो चुका है। तब विश्वामित्र महाराज दशरथ के यहां गए और अपने साथ राम लक्ष्मण को ले जाते समय मार्ग में उनका ताड़का से मिलन हुआ और ऋषि आज्ञा अनुसार एकहि बाण प्राण हर लीना और ताड़का का वध हो गया।

अशोक मनोध्याय, अध्यक्ष रमाशंकर कटारे, महामंत्री राजेंद्र प्यासी,शरद दुबे कुररिया, डाक्टर रमेश बसेड़िया,राकेश पाठक, हरीश मनोध्याय, डॉक्टर भूपेंद्र उपाध्याय, राजेश नेमा, लोकराम कोरी, राजेश मिश्रा,उमाशंकर मिश्रा, केदार शर्मा, महिला प्रमुख इंदुलता प्यासी, सुधा यादव, कैलाश नेमा,जितेन्द्र सोनी, भोलाराम खत्री, मदन गोपाल पटेल, सुदामा दुबे, राजेश परोहा, देवेंद्र मनोध्याय, राजकुमार शर्मा, शिशिर तिवारी, विजय नेमा, अजय तिवारी, एड.अरूण दीक्षित, पंचम सोनी,राकेश मिश्रा,अशोक बघेल,मुकेश मिश्रा आदि ने हर्ष वयक्त करते हुए पूरी संस्कारधानी को रामराज्य से परिपूर्ण होने की बधाइयां दी।

## छात्र-छात्राओं को दी गई मतदाता सूची में नाम जुड़वाने और निर्वाचन प्रक्रिया की जानकारी

जबलपुर, देशबन्धु। विधानसभा चुनाव में मतदान का प्रतिशत बढाने चलाये जा रहे मतदाता जागरूकता अभियान के तहत जिला निर्वाचन कार्यालय के स्वीप सेल द्वारा गुरुवार को महाराष्ट्र हायर सेकेण्डरी इंग्लिश मीडियम स्कूल तथा महर्षि विद्यालय में कार्यक्रम आयोजित किये गये। कार्यक्रमों में कक्षा ग्यारहवीं एवं बारहवीं के विद्यार्थियों को जिला स्वीप समन्वयक प्रमोद श्रीवास्तव ने स्वीप तथा निर्वाचन साक्षरता क्लब की गतिविधियां बताई तथा उनसे मतदाता बनने के लिये न्यूनतम आयु, मतदाता सूची में नाम जुड़वाने की प्रक्रिया, मतदाता परिचय पत्र बनाने की प्रक्रिया, नाम मे संशोधन की प्रक्रिया, नेशनल वोटर सर्विस पोर्टल, वोटिंग मशीनों तथा मतदान की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी ।

## नवरात्र पर्व में नौ दिनों तक बगलामुखी मंदिर में रहेंगे अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महाराज




**जबलपुर, देशबन्धु।** इस वर्ष नवरात्र महोत्सव पर्व के दौरान ज्योतिष्पीठाधीश्वर जगदत गुरू शकंराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महाराज शारदेय नवरात्र में नौ दिनों तक बगलामुखी मंदिर में रहेंगे।

नवरात्र पर्व दौरान मंदिर में मां भगवती की पूजा अर्चना के साथ विविध धार्मिक आयोजन किये जायेगें। जगतगुरू शंकराचार्य के पद पर आसीन होने के बाद शारदीय नवरात्रि का प्रथम अनुष्ठान मध्य प्रदेश की संस्कारधानी जबलपुर के बगलामुखी सिद्धपीठ में सम्पन्न होने जा रहा है। रमाराध्य जगतगुरू शंकराचार्य महाराज को समर्पित की गयी थी। इसी स्थान पर परमहंस मां ललिता जबलपुर के बेलखा क्षेत्र म धीरेन्द्र गर्ग एवं ममता महार द्वारा 8 एकड़ की भूमि परमाराध्य जगद्गुरु शङ्कराचार्य धाम परिसर में 1008 छात्रों के लिए निर्मित होने वाले जगद्गुरुकुलम् मॉडल का लोकार्पण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। छात्रों के लिए निर्मित होने वाले जगद्गुरुकुलम् मॉडल का लोकार्पण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।जबलपुर के बेलखाडू में देश के प्रथम जगद्गुरुकुलम् मॉडल का होगा लोकार्पण सम्पन्न हुआ। जबलपुर के शहरी एवं ग्रामीणजनों से बैठक कर धर्मावलंबियों एवं गणमान्य नागरिकों को दायित्व सौंपेंगे।

ब्रह्मलीन द्विपीठाधीश्वर जगद्गुरु शङ्कराचार्य स्वामिश्री स्वरूपानन्द सरस्वती महाराज की इच्छा से मूर्त रूप देने हेतु ज्योतिर्मठ की अविभिन्न परम्परा के 55वें वर्तमान शङ्कराचार्य महाराज जबलपुर के शहरी एवं ग्रामीणजनों से बैठक कर धर्मावलंबियों एवं गणमान्य नागरिकों को दायित्व सौंपेंगे। 24 को नवरात्रि अनुष्ठान पूर्ण कर वे हरियाणा परिक्रमा के लिए प्रस्थान करेंगे। इस तरह के विचार मंदिर परिसर में आयोति पत्रकार वार्ता के दौरान अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महाराज ने व्यक्त किए।

## दैनिक राशिफल

**शुक्रवार 13 अक्टूबर 2023 का पंचांग विक्रम संवत् 2080,शक संवत 1945 हिजरी 1444। आश्विन कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी- ऊ.फा.।**

**मेष** आपको अपने उग्र स्वभाव और जिद पर काबू रखना होगा। आप परिश्रमी बने रहेंगे। हालांकि परिश्रम का फल नहीं मिलने से आप निराश हो सकते हैं।

**वृषभ** आज आप बहुत आत्मविश्वासी बने रहेंगे। इससे हर काम बहुत आसानी से पूरे हो सकेंगे। विद्यार्थियों की रुचि पढ़ाई में लगी रहेगी।

**मिथुन** दिन का आरंभ ही ताजगी से होगा। आपको किस्मत का साथ मिलेगा। विचारों में अस्थिरता की वजह से उलझन में आ सकते हैं।

**कर्क** आज आप किसी बात से भयभीत रहेंगे। परिवार के सदस्यों के साथ मतभेद या मनमुटाव होने की ?आशंका है। आपका अभिमान किसी के दिल को ठेस पहुंचा सकता है,

**सिंह** आपका आत्मविश्वास काफी प्रबल होने से आप किसी भी तरह का निर्णय जल्दी ले सकेंगे। इससे आपकी प्रगति का मार्ग आसान होगा।

**कन्या** आज आप किसी चिंता में रह सकते हैं। किसी के साथ वाद-विवाद होने से आपका अपमान हो सकता है। अचानक खर्च आ सकता है।

क.

**तुला** आज आपको कोई शुभ फल की प्राप्ति होगी। हर काम में भाग्य का साथ मिलेगा। मित्रों से मिलने का अवसर मिलेगा। कहीं बाहर घूमने-फिरने का मज़ा ले सकेंगे।

**वृश्चिक** -अब आप पारिवारिक जीवन की वास्तविकता को समझ सकेंगे। घर में खुशी का वातावरण रहेगा। प्रत्येक काम में सफलता मिलेगी। व्यापार में अच्छे अवसर मिलेंगे। आय में वृद्धि हो सकेगी।

**धनु** आज आप अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें। काम में उत्साह कम रहेगा। मानसिक रूप से भयभीत रहेंगे। संतान संबंधी समस्या परेशान करेगी।

**मकर** आज नकारात्मक विचारों से दूर रहें। कठिन परिस्थिति से बाहर निकलने के लिए शांत स्वभाव से काम लेना पड़ेगा। भागीदारों के साथ मतभेद हो सकता है। अचानक प्रवास का योग है।

**कुंभ** आज आनंद- उत्साह से भरपूर रहेंगे। आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। काम में सफलता मिलेगी। उत्साह और उमंग होने से काफी ऊर्जावान महसूस करेंगे।

**मीन** दृढ़ मनोबल और आत्मविश्वास के कारण काम में सफलता मिलेगी। परिवार में सुख- शांति बनी रहेगी। आपका क्रोध आपकी वाणी और व्यवहार में दिख सकता है।

मा.

## पड़ाव वाली माता समिति के अध्यक्ष ने समिति के दो पूर्व सदस्यों पर लगाए गंभीर आरोप



**जबलपुर, देशबन्धु।** लटकारी पड़ाव वाली माता के नाम विख्यात महाकाली की नवीन महाकाली समिति के पदाधिकारियों ने पत्रकार वार्ता आयोजित कर पत्रकारों से चर्चा करते हुए समिति अध्यक्ष अखिलराज ने पूर्व समिति सदस्य और स्वयं के रिश्तेदार पर आरोप लगाते हुए कहा कि समिति ने कुछ वर्ष उनके अनैतिक गतिविधियों के चलते समिति पदाधिकारियों की सहमति से उन्हें समिति बाहर कर दिया गया है, और अब उनका समिति से कोई लेना-देना नहीं है। लेकिन इसके बावजूद वह श्रद्धालु से चंदा के नाम पर हजारों रूपये आभूषण यह कहकर ले लेते है कि वह आपके नाम से माता के चरणों में अर्पण कर देंगे, लेकिन वह ऐसा नहीं करते और रूपये व आभूषण हड़प लेते है। जब मैंने अध्यक्ष होने के नाते उन्हें रोका तो रंजिशवश 101 अक्टूबर की रात को मुझ पर जानलेवा हमला करवाया। जिसकी शिकायत मैने पुलिस में भी दर्ज कराई लेकिन पुलिस इन अपराधिक वृत्तियों आदि लोगों पर ठोस कार्रवाई नहीं किए जाने से इनका मनोबल लगातार बढ़ रहा है। समिति के मीडिया प्रभारी अनमोल पाण्डेय को फोन पर जान से मारने की धमकी दी जा रही है। समिति के सभी पदाधिकारी इनकी धमकियों से डरे हुए है।

## युवा उत्सव के अंतर्गत एकल एवं समूह नृत्य का हुआ आयोजन




**जबलपुर, देशबन्धु।** युवा उत्सव में एकल एवं समूह नृत्य का आयोजन शासकीय महाकोशल कला एवं वाणिज्य स्वशासी महाविद्यालय में किया गया। जिसमें महाविद्यालय प्राचार्य डॉ.ए.सी.तिवारी द्वारा सरस्वती पूजन कर कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। एकल नृत्य में जिले के जी.एस.कालेज, शा.होमसाइंस कालेज, श्री गुरू तेगबहादूर खालसा कॉलेज, सेंट एलायसियस कॉलेज, श्री राम कॉलेज, नवयुग कॉलेज, माता गुजरी कॉलेज कुल 07 महाविद्यालयों ने प्रस्तुतियां दी। एकल नृत्य में प्रथम स्थान सेंट एलायसियस कॉलेज सदर, द्वितीय स्थान नवयुग कॉलेज एवं तृतीय स्थान माता गुजरी महिला महाविद्यालय ने प्राप्त किया। समूह नृत्य में प्रथम स्थान शा. महाकोशल कला एवं वाणिज्य स्वशासी महाविद्यालय, ने द्वितीय स्थान ज्ञान गंगा महाविद्यालय एवं तृतीय स्थान माता गुजरी महाविद्यालय प्राप्त किया। एकल नृत्य में निर्णायक की भूमिका में आराधना नायक, शैली धोपे, स्वाति मोदी एवं समूह नृत्य में निर्णायक की भूमिका में राकेश गिरी, उपासना उपाध्याय, मेघा पाण्डे उपस्थित रही। कार्यकम में मंच संचालन डॉ. मलय वर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में सभी महाविद्यालय के प्रभारी एवं सहभागी विद्यार्थी उपस्थित रहें।

## निधन

### ईश्वर अल्लाह तेरो नाम सबको सद्गति दे भगवान

बाबू लाल यादव- इंद्रा नगर गुप्तेश्वर निवासी बाबू लाल यादव (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

कन्हैया लाल बुधरानी- बड़ी ओमती मनकामेश्वर मंदिर के पास निवासी कन्हैया लाल बुधरानी (69) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

तिजिया बाई वर्मा- छापर रामपुर निवासी गया प्रसाद वर्मा की धर्मपत्नी तिजिया बाई वर्मा (73) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

अथर्व जैन- झामनदास चौक सिद्धबाबा वार्ड निवासी रंजीत जैन के अल्पायु पुत्र अथर्व जैन का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

जमना सराठे- मस्ताना चौक रांझी नरसिंह नगर निवासी मदन लाल सराठे की धर्मपत्नी श्रीमती जमना सराठे (63) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

श्याम शीतलानी- प्रेमनगर गुप्तेश्वर वार्ड निवासी डॉ. अमृत लाल शीतलानी के पुत्र श्याम शीतलानी (39) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

दमयंती चौहान- गुप्तेश्वर निवासी जीवराम चौहान की धर्मपत्नी दमयंती चौहान (68) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

फग्गो बाई बर्मन- लियो कम्पाउंड सदर निवासी भूरा लाल बर्मन की धर्मपत्नी फग्गो बाई बर्मन (51) का निधन हो गया।

अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मोक्षधाम में किया गया।

गुलाबचंद- सदर केंट निवासी गुलाबचंद (63) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

महेंद्र महार- चौथ वाले बाबा के निकट राधाकृष्णन वार्ड निवासी भाऊदास महार के पुत्र महेंद्र महार (44) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

विश्वनाथ सिंह बुंदेला- शारदा चौक मदनमहल निवासी विश्वनाथ सिंह बुंदेला (76) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

गनपत कोल- छुई खदान बड़ी बर्न कम्पनी के पास निवासी गनपत कोल (74) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

दुर्गा बाई चौधरी- दुर्गा नगर भटौली ग्वारीघाट निवासी रतिराम चौधरी की धर्मपत्नी दुर्गा बाई चौधरी (79) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

विमला राना- चुंगी चौकी के पास द्वारका नगर निवासी एस. राना की धर्मपत्नी श्रीमती विमला राना (55) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

## निरच्छित निष्काम सेवा को दर्शाते निरंकारी भक्त



### 76वें वार्षिक निरंकारी संत समागम की तैयारियां जोरों पर

**जबलपुर, देशबन्धु।** संत निरंकारी आध्यात्मिक स्थल समालखा में निरंकारी मिशन का 76वां वार्षिक संत समागम भव्यतापूर्वक सम्पन्न हुआ। पिछले 75 इसके साथ ही 28 से 30 अक्तूबर तक सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज एवं निरंकारी राजपिता जी के पावन सान्निध्य में आयोजित होने जा रहा है। इस समागम का भरपूर आनंद विश्वभर से आये हुए सभी निरंकारी भक्त एवं श्रद्धालुओं द्वारा प्राप्त किया जायेगा। इस शुभ सूचना से संपूर्ण निरंकारी जगत में अत्यंत उत्साह का वातावरण है जहां हर प्रांत से आये हुए भक्त अपने हृदय में 'वसुदैव कुटुम्बकम्ब' का सुंदर भाव लिए हुए एक विस्तृत परिवार के रूप में सतगुरु के साकार दर्शन एवं उनकी दिव्य वाणी को श्रवण करेंगे। निसंदेह यह स्वयं में एक अलौकिक नजारा होगा जहां पर सभी जनमानष अपनी भाषा, जाति, धर्म एवं वर्ण को भुलाकर 'एकत्व' के दिव्य संदेश को वास्तविक रूप में चरितार्थ करेंगे। इस पावन अवसर की तैयारियां पूर्ण समर्पण एवं चेतनता के साथ भक्तों द्वारा की जा रही है। बच्चे, युवा और वृद्ध सभी पूरे जोश के साथ बढ़ चढ़कर इन सेवाओ में तनमयतापूर्वक योगदान दे रहे है। छोटे-छोटे बच्चे भी अपने नन्हे-नन्हे हाथों में तसलों को उठाकर सेवा का भरपूर आनंद प्राप्त कर रहे है। इस पावन संत समागम में समस्त भारतवर्ष के अतिरिक्त दूर देशों से भी लाखों की संख्या में आने वाले सभी श्रद्धालु भक्तों के लिए समुचित प्रबन्ध व्यवस्था की जा रही है। निरंकारी सेवादल के भाई-बहन नीली एवं खाकी वर्दी पहने हुए रेलवे स्टेशन, बस अड्डे और एयरपोर्ट पर आने वाले सभी श्रद्धालु भक्तों का स्वागत करने और उन्हें उनके पूर्व निर्धारित निवास स्थान पर पहुंचाने का प्रबन्ध करते हुए दिखाई देंगें।

# बरेला, अधारताल और गौरीघाट में पुलिस ने पकड़े अवैध गैस रीफिलिंग के अड्डे

## 7 आरोपी गिरफ्तार, गैस रीफिलिंग करा रहे ऑटो चालक भी पकड़े गये

**जबलपुर, देशबन्धु।** जिले में अवैध रूप से ऑटो तथा चौपहिया वाहनों में घरेलू गैस सिलेंडर से रीफिलिंग के अड्डे चोरी छिपे संचालित किये जा रहे हैं। बीते कुछ माह में पुलिस ने ऐसे अड्डों पर छापा मारकर इन्हें बंद करा दिया था। लेकिन यह फिर से संचालित होने लगे हैं। इसी कड़ी में बरेला, अधारताल और गौरीघाट थाना क्षेत्र में पुलिस ने छापा मारकर गैस रीफिलिंग के अड्डों को पकड़ा है। जहां से रीफिलिंग में उपयोग होने वाले उपकरण भी बरामद किये गये हैं। इस संबंध में बरेला थाना प्रभारी जितेन्द्र पाटकर ने बताया कि क्राईम ब्रांच को सूचना मिली कि चौकी गौर अंतर्गत ग्राम सालीवाड़ा में आमंत्रण मैरिज हॉल के सामने घरेलू गैस सिलेण्डर से पाईप लगाकर सवारी ऑटो में गैस भरी जा रही है। जिससे कोई हादसा होने संभावना है। सूचना पर तत्काल क्राईम ब्रांच एवं गौर चौकी की संयुक्त टीम ने ग्राम सालीवाड़ा में आमंत्रण मैरिज हॉल के सामने दिल्ली वाली की दुकान के कमरे में दबिश दी। जहां पर एक ऑटो में 2 लोग गैस भरते हुये एवं ऑटो चालक गैस भरवाते हुये दिखा। तीनों को पकड़ा गया। पूछताछ में गैस भरने वालों ने अपने नाम अजीत सोनकर उम्र 30 वर्ष निवासी पुरानी बजार तालाब के पास बरेला एवं ऋषभ केवट उम्र 25 वर्ष निवासी आजाद मोहल्ला बस स्टेण्ड के पीछे बरेला तथा ऑटो चालक ने राजेन्द्र यादव उम्र 35 वर्ष निवासी जमतरा यादव मोहल्ला बरेला बताया। जिनके कब्जे से 9 घरेलू गैस सिलेण्डर, 1 तौल मशीन, 1 रिफिलिंग पम्प तथा ऑटो चालक राजेन्द्र यादव से सवारी आटो जप्त कर लिया है।



**14 सिलेण्डर, 3 इलेक्ट्रानिक तराजू एवं 3 विधुत मोटर तथा 3 आटो जप्त**

**ऑटो में गैस भरते युवकों को दबोचा-**

इसी प्रकार अधारताल थाना प्रभारी विजय कुमार विश्वकर्मा ने बताया कि संजयनगर पावर हाऊस के पास शंकर होटल के पीछे गली में विशाल सिंह ठाकुर घरेलू गैस टंकियो से रीफिलिंग मशीन से ऑटो में गैस भर रहा है। जिसे सूचना पर घेराबंदी कर ऑटो चालक एवं गैस भरने वाले को पकड़ा गया। पूछताछ में आटो चालक ने अपना नाम दीपक यादव उम्र 19 वर्ष निवासी गोकलपुर थाना रांझी एवं गैस भरने वाले ने विशाल सिहं ठाकुर उम्र 38 वर्ष निवासी कंचनपुर आनंद भवन अधारताल बताया। जिसके कब्जे से 4 घरेलू गैस टंकी, एक इलेक्ट्रोनिक तौल कांटा, मोटर मशीन पाईप सहित, एक स्टील का पाना तथा ऑटो चालक से एक ऑटो रिक्शा क्रमांक एमपी 20 आर 9175, जप्त कर लिया है।

**गौरीघाट में भी कार्रवाई**

इसी तारतम्य में गौरीघाट थाना प्रभारी संजीव कुमार त्रिपाठी ने बताया कि रेतनाका कंचनपुर में रहने वाला राहुल पटेल अपने घर के सामने एक सवारी ऑटो रिक्शा में घरेलू गैस सिलेण्डर से गैस भरने का काम कर रहा था। जिससे कोई बड़ी दुर्घटना अंदेशा था। जिस पर सूचना के आधार पर पुलिस ने मौके पर दबिश दी। जहां एक घर के सामने रास्ते पर सवारी ऑटो खड़ी मिली। जिसमें एक इलेक्ट्रिक मोटर से घरेलू गैस सिलेण्डर से अवैध गैस भरी जा रही थी। गैस भर रहा व्यक्ति गैस सिलेण्डर के पास खड़े होकर इलेक्ट्रिक मोटर को विद्युत बोर्ड से जोड़कर कर संचालन कर रहा था। ऑटो चालक बगल मे खड़ा होकर ऑटो मे भरवा रहा था। पुलिस ने दोनों को पकड़ लिया। पूछताछ में गैस भर रहे व्यक्ति ने अपना नाम राहुल पटेल उम्र 28 वर्ष निवासी रेतनाका कंचनपुर गौरीघाट तथा ऑटो चालक ने अपना नाम नीरज चौधरी उम्र 35 वर्ष निवासी गली नम्बर 5 बादशाह हलवाई मंदिर बताया। दोनों आरोपियों के कब्जे से घरेलू गैस सिलेण्डर लगभग आधा भरा, इलेक्ट्रॉनिक तौल कांटा, मोटर पंप जिस पर रेगुलेटर पाईप तथा विद्युत कनेक्शन वायर लगा हुआ तथा ऑटो चालक नीरज चैधरी के कब्जे से ऑटो क्रमांक एम पी 20 आर 4190 को जप्त कर लिया है।

# ऑनलाईन क्रिकेट सट्टा खिलाते 2 सटोरिये गिरफ्तार

## 1 आईफोन, 2 मोबाईल, नगद 1300 रूपये जप्त

**जबलपुर, देशबन्धु।** गोरखपुर और ओमती थाना क्षेत्र में क्रिकेट वर्ल्ड के दौरान होने वाले मैचों पर सट्टा खिलाने वालों को पकड़ा है। इस संबंध में गोरखपुर थाना प्रभारी एम.डी. नागोतिया ने बताया कि बीती रात क्राइम ब्रांच को सूचना मिली कि गुप्तेश्वर मोड़ बंदरिया तिराहा के पास एक युवक अपने पास रखे 2 मोबाइलों के माध्यम से क्रिकेट वर्ल्डकप के मैच में सट्टा लगा रहा है।

सूचना पर क्राइम ब्रांच एवं थाना गोरखपुर की संयुक्त टीम ने मौके पर दबिश दी। जहां एक युवक पुलिस को देखकर भागने लगा। जिसे पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ा लिया। पूछताछ में जिसने अपना नाम आशीष चिमनानी उम्र 33 वर्ष निवासी नेपियर टाउन अनमोल क्लासिक होटल के पीछे थाना ओमती बताया। जिसकी तलाशी लेने पर पुलिस को उसके पास रियलमी का मोबाइल फोन एवं आईफोन मोबाइल रखे मिला। जिनका उपयोग करते हुये सट्टा खेलना स्वीकार किया एवं सट्टा से कमाये हुये 1 हजार रूपये पेंट के अंदर के जैब में छुपाना बताते हुये ऑन लाईन आईडी देकर सट्टा खिलाने वाले व्यक्ति का नाम राज पारवानी बताया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

इसी प्रकार ओमती थाना प्रभारी वीरेन्द्र सिंह पवार ने बताया कि बीती रात सूचना मिली कि तैयब अली पेट्रोल पम्प के सामने बैलून डेकोरेशन वाला मुकेश उर्फ यश आसवानी क्रिकेट का सट्टा अपने मोबाइल पर आईडी बनाकर खिला रहा है। पुलिस ने तत्काल सूचना पर तैय्यब अली पैट्रोल पंप के पास दबिश दी। जहां बैलून अनलिमिटेड तलैया दुकान के सामने मुकेश उर्फ यश आसवानी उम्र 38 वर्ष निवासी शांतिनगर तलैया गोहलपुर का मिला। जिसके मोबाइल को चैक करने पर भारत-अफगानिस्तान के बीच चल रहे क्रिकेट मैच का ऑनलाईन खेल रूपये पैसों का दाव लगवाकर खिलवाना पाया गया।

सटोरिये के कब्जे से वनप्लस कम्पनी का मोबाइल में आईडी नाम-नम्बर वाली मिली उसके अलावा भी अन्य आईडी चल रही थीं आरोपी के कब्जे से मोबाइल एवं नगदी 300 रूपये जप्त करते हुये आरोपी के विरूद्ध धारा 4 (क) सट्टा एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।

## वारदात को अंजाम देने से पहले पुजारी गिरफ्तार, 1 पिस्टल, 2 कारतूस बरामद

**जबलपुर, देशबन्धु।** तिलवारा थाना अंतर्गत महाकाल आश्रम लम्हेटी में पुलिस ने यहां के पुजारी को देशी पिस्टल खोंसे पकड़ा है। पुलिस का मानना है कि संभवत: युवक किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में था।

इस संबंध में तिलवारा थाना प्रभारी सरिता बर्मन ने बताया कि बीती रात पुलिस को सूचना मिली कि महाकाल आश्रम लम्हेटी में पूजा पाठ करने वाला पंडित अपने पास हथियार रखकर घूम रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने आश्रम के पास दबिश दी। जहां एक युवक महाकाल आश्रम के पास खड़ा दिखा, जो पुलिस को देखकर भागने लगा। जिसे पकड़ा गया। पूछताछ में अपना नाम विजयानंद तिवारी उर्फ दीपू तिवारी उम्र 40 वर्ष निवासी ग्राम लम्हेटी बताया। जिसकी तलाशी लेने पर पहने हुये कुर्ता के दाहिने जेब में एक देशी पिस्टल जिसकी मैगजीन मे 2 कारतूस लोड है खोंसे मिला। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 1 देशी पिस्टल एवं 2 कारतूस जप्त करते हुये आरोपी के विरूद्ध अपराध दर्ज कर लिया है।

## कलेक्टर ने होर्डिंग्स लगाये जाने के संबंध में जिला निर्वाचन अधिकारी ने जारी किये दिशा-निर्देश

**जबलपुर, देशबन्धु।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर सौरभ कुमार सुमन ने विधानसभा निर्वाचन के दौरान शासकीय भूमि एवं लोक संपत्ति पर होर्डिंग्स लगाये जाने के सबन्ध में दिशा निर्देश जारी किये हैं। दिशा-निर्देशों में नगर निगम जबलपुर सहित जिले के सभी नगरीय निकायों एवं जनपद पंचायतों के अधिकारियों से कहा गया है कि निर्वाचन के दौरान किसी भी राजनैतिक दल या अभ्यर्थी को प्रचार के लिये एक जगह पर केवल एक सप्ताह के लिए होर्डिंग अथवा विज्ञापन लगाने की अनुमति दी जाये।

ऐसी स्थिति में जबकि किसी अन्य व्यक्ति द्वारा उस जगह की अनुमति नहीं चाही गई हो, तब आगामी एक सप्ताह के लिए संबंधित राजनैतिक दल या अभ्यर्थी को दी गई अनुमति का नवीनीकरण किया जा सकता है। दिशा निर्देशों में स्पष्ट किया गया है कि राजनैतिक दल या उम्मीदवार को होर्डिंग पर विज्ञापन लगाने के पूर्व जिला स्तरीय मिडिया सर्टिफिकेशन एवं मॉनिटरिंग कमेटी से प्रमाण पत्र प्राप्त किया जाना अनिवार्य होगा। किसी भी स्थान का आरक्षण किसी राजनैतिक दल एवं अभ्यर्थी द्वारा 48 घंटे के भीतर ही किया जा सकेगा तथा स्थानीय निकाय द्वारा निर्धारित दर अनुसार शुल्क संबंधित से लिया जायेगा। नगरीय निकायों एवं जनपद पंचायतों के अधिकारियों को निर्देश दिये गये हैं कि निर्वाचन के विज्ञापनों के लिये दी गई अनुमति को मतदान समाप्ति के 48 घंटो के पूर्व निरस्त किए जाना सुनिश्चित किया जाये। होर्डिंग्स लगाने की अनुमति प्रदान करते समय आदर्श आचरण संहिता का अक्षरश: पालन सुनिश्चित करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिये गये हैं।

## छः माह में गंदगी फ़ैलाने वालों से 9 लाख 52 हजार से अधिक का जुर्माना वसूला

**जबलपुर, देशबन्धु।** पश्चिम मध्य रेलवे जबलपुर, भोपाल एवं कोटा तीनों मण्डलों के सभी स्टेशनों पर स्टेशन परिसर एवं गाड़ियों में स्वच्छ, सुखद एवं पर्यावरण अनुकूल वातावरण मुहैया कराने के प्रति लगातार प्रयासरत है। मण्डलों के रेलवे स्टेशनों एवं रेलगाड़ियों में नियमित साफ सफाई सुनिश्चित की जाती है, साथ ही नियमित उद्घोषणा के माध्यम से यात्रियों को जागरुक भी किया जाता है। इसके अंतर्गत यात्रियों से स्टेशन परिसर को साफ सुथरा रखने, धूम्रपान नहीं करने तथा यहां वहां गंदगी नहीं करने के लिए जागरूक किया जाता है। बार-बार समझाइश के बावजूद कुछ लोग लापरवाही बरतते हैं, ऐसे लोगों के खिलाफ रेल प्रशासन द्वारा समय-समय पर रेलवे अधिनियम के अंतर्गत जुर्माने की कार्यवाही की जाती है। रेलवे द्वारा सितम्बर माह में गन्दगी फैलाने वालों के विरुद्ध चलाये गए अभियान में कुल 843 व्यक्तियों के मामले पकडे गए, जिनसे कुल 1 लाख 31 हजार 760 रूपये जुर्माना वसूला गया। इस प्रकार पमरे के तीनों मंडलों पर अप्रैल माह से सितम्बर तक छ: माह में गन्दगी फैलाने वालों के विरुद्ध चलाये गए अभियान में कुल 6373 मामले पकड़े गए, जिनसे कुल 09 लाख 52 हजार 730 रूपये जुर्माना वसूला गया।

## आधी रात घर में घुसकर छेड़खानी करने वाले को तीन साल की सजा

**जबलपुर,देशबन्धु।** पाक्सो की विशेष अदालत ने घर के अंदर घुसकर एक नाबालिगा के साथ छेड़खानी करने वाले आरोपी चन्नू यादव को दोषी करार दिया। अदालत ने चन्नू को तीन साल के सश्रम कारावास व एक हजार रुपये के अर्थदंड की सजा से दंडित किया है।

अदालत को अभियोजन पक्ष की ओर से बताया गया कि भेड़ाघाट थाने में पीड़िता ने शिकायत दर्ज करायी थी। जिसमें बताया गया था कि 6 मई 2018 को वह अपने घर के आंगन में सो रहीं थी। वहीं पर उसकी बुआ व मम्मी-पापा भी सो रहे थे। रात्रि करीब ढाई बजे तलैया के पास रहने वाला चन्नू यादव आया और उसका मुंह दबाकर उसका हाथ खींचकर अश्लीलता करने लगा। उसकी बुआ की नींद खुल गई। जिसके बाद सभी ने आरोपी को धर दबोचा। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर अदालत के समक्ष चालान पेश किया। सुनवाई दौरान पेश किये गये गवाह व साक्ष्यों के मद्देनजर अदालत ने आरोपी चन्नू यादव को उक्त सजा से दंडित किया। मामले में शासन की ओर से अतिरिक्त जिला लोक अभियोजन अधिकारी स्मृतिलता बरकड़े ने पैरवी की।

# ननि की सीमा के बाहर नहीं होगा मेट्रो बसों का संचालन, हाईकोर्ट ने लगाई रोक

**जबलपुर,देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट ने एक अहम फैसले में कहा है कि अमृत योजना के तहत संचालित सिटी (मेट्रो) बसों का संचालन नगर निगम सीमा के बाहर न किया जाये । जस्टिस विवेक अग्रवाल की एकलपीठ ने राज्य शासन के उस आदेश को निरस्त कर दिया जिसमें नगर निगम सीमा के बारह 25 किलोमीटर के दायरे में सिटी बस संचालन की अनुमति दी गई थी। एकलपीठ ने अपने आदेश में कहा कि जिस योजना के तहत उक्त आदेश जारी किया गया था, उसका गजट नोटिफिकेशन नहीं हुआ है। मोटर वीकल एक्ट की धारा 99 के तहत योजना का गजट नोटिफिकेशन जरूरी है।

जबलपुर के निजी बस ऑपरेटर्स अजय गुप्ता, हेमंत उपाध्याय, महानगरीय बस ओनर्स सेवा समिति व अन्य ने याचिका दायर कर राज्य सरकार के उक्त आदेश को चुनौती दी थी। याचिका में बताया गया कि राज्य शासन ने 31 मई 2022 को एक आदेश जारी कर सभी नगर निगमों को आदेश दिए थे कि सिटी बसों को निगम सीमा के बाहर 25 किलोमीटर के दायरे में भी संचालित करें। याचिकाकर्ताओं की ओर से अधिवक्ता आशीष रावत, बृजेश दुबे व अन्य ने उक्त आदेश को नियम विरुद्ध बताया। वहीं जबलपुर सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विस लिमिटेड की ओर से कहा गया कि अमृत योजना के तहत उक्त बस सेवा के संचालन का दायरा जनहित में बढ़ाया गया था। सुनवाई पश्चात् न्यायालय ने उक्त निर्देश दिये।

## होमगार्ड सैनिकों को दो माह का काल ऑफ देने पर अंतरिम रोक

**जबलपुर, देशबन्धु।** हाईकोर्ट के जस्टिस शील नागू व जस्टिस हृदयेश की युगलपी ने चार होमगार्ड सैनिकों को दो माह का काल ऑफ देने पर अंतरिम रोक लगा दी है। इसके साथ ही न्यायालय ने कहा कि




होमगार्ड सैनिकों को सेवा जारी रखने की अनुमति दी जाये। उक्त मामलों की सुनवाई भी संबंधित मामलों के साथ किये जाने के निर्देश देते हुए न्यायालीय ने उच्च स्तरीय समिति की रिपोर्ट भी तलब की है। यह मामले सीहोर के कमल सिंह, कृष्ण कुमार, खुशीलाल व नर्मदा प्रसाद की ओर से दायर किये गये थे। जिसमें कहा गया थाा कि उन्हें एक अक्टूबर से 30 नवंबर 2023 तक का कॉल ऑफ दिया गया है। याचिकाकर्ता की ओर कहा गया कि शासन ने संशोधन के जरिए एक साल में दो माह के कॉल ऑफ को बदलकर तीन साल में 2 माह का कॉल ऑफकर दिया है।

दरअसल, वर्ष 2010 में होमगार्डस कर्मचारियों द्वारा हाईकोर्ट जबलपुर द्वारा याचिका दायर कर नियमितीकरण, आरक्षकों के समान वेतन, पूरे वर्ष कार्य प्रदान करने एवं अन्य अनुतोष की प्रार्थना की गई थी। वर्ष 2011 में हाईकोर्ट द्वारा आंशिक रूप से स्वीकार कर मध्य प्रदेश शासन को आदेशित किया था कि वे होमगार्डस की सेवा नियम बनाये एवं उन्हें पूरे वर्ष कार्य पर रखा जाए। इसके बाद सरकार ने वर्ष 2016 में नियम बनाये और आदेश के विपरीत पुन: एक वर्ष में 2 माह का बाध्य कॉल ऑफ का प्रावधान रख दिया। जिसके बाद न्यायालय ने उक्त निर्देश देते हुए कहा कि होमगार्ड सैनिकों के मामले में गठित उच्च स्तरीय समिति की रिपोर्ट भी पेश की जाये।

## सीएमएचओ के आदेश पर लगी रोक हटी

### सभी मामलों की संयुक्त रूप से होगी सुनवाई

**जबलपुर, देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जबलपुर के आदेश पर पूर्व में लगाई गई रोक हटा ली है। चीफ जस्टिस रवि विजय मलिमथ व जस्टिस विशाल मिश्रा की युगलपीठ ने उक्त आदेश से सीएमएचओ मामले में कार्रवाई के लिए स्वतंत्र हो गए हैं। युगलपीठ ने तीन अलग-अलग याचिकाओं की संयुक्त रूप से एक सप्ताह बाद अंतिम स्तर की सुनवाई की व्यवस्था दे दी है। यह निर्णय राज्य की ओर से किए गए निवेदन को स्वीकार करते हुए लिया गया।

उल्लेखनीय है कि ला स्टूडेंट्स एसोसिएशनए शिवसेवा के प्रदेश उपाध्यक्ष शलैंद्र बारी व सामाजिक कार्यकर्ता विनोद अग्निहोत्री की ओर से याचिकाएं दायर की गई थी। जिसमें कहा गया था कि सीएमएचओ जबलपुर ने 23 जून 2023 के आदेश के जरिए संस्कारधानी अस्पताल करमेता, जबलपुर के पंजीयन व लाइसेंस नवीनीकरण के आवेदन को निरस्त कर दिया था। साथ ही अस्पताल प्रबंधन को निर्देश दिया था कि नए मरीजों को भर्ती न करते हुए महज पुराने भर्ती मरीजों का समुचित उपचार कर डिस्चार्ज कर दिया जाए। ऐसा इसलिए क्योंकि उक्त अस्पताल के विरुद्ध शिकायत पाई गई थी। जिसकी जांच में साफ हुआ कि वहां नगर निगम से जारी भवन अनुज्ञा प्रमाण पत्र व कार्यपूर्णता प्रमाण पत्र उपलब्ध नहीं हैं। इस तरह अस्पताल का संचालन अवैध रूप से निर्मित भवन में हो रहा है। अस्पताल ने धोखे से पंजीयन हासिल कर लिया है। सीएमएचओ के इस आदेश को अस्पताल ने हाई कोर्ट में चुनौती दी थी, जिसके बाद 29 अगस्त 2023 को उसके हक में अंतरिम आदेश पारित हो गया था। हाईकोर्ट ने पूर्व में सीएमएचओं के आदेश पर लगाई गई रोक को बरकरार नहीं रखा है, जिससे अब कार्रवाई के लिये स्वतंत्र है।




## जयपुर ब्यूटी एक्सपो में जबलपुर का जलवा

**जबलपुर, देशबन्धु।** जबलपुर ब्यूटीशियन वेलफेयर एसोसिएशन युथ टीम कार्यकारिणी पदाधिकारियों और सदस्यों ने इंडिया इंटरनेशनल जयपुर ब्यूटी एक्सपो में क्रिएटिव कला प्रदर्शन से सभी का दिल जीत लिया। चेयरपर्सन डॉ. आराधना चौहान के सानिध्य मे सभी मेकअप आर्टिस्ट आज अपने शहर ही नहीं पूरे भारत में अपनी कला से जबलपुर शहर का नाम रोशन किया। हेयर ब्यूटी फेडरेशन महासंघ के फाउंडर नीता पारेख, अध्यक्ष अशोक पालीवाल, सचिव निर्मल रंधावा की उपस्थिति में अनेकों आर्टिस्ट ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर का काम कर अपनी कला का प्रदर्शन किया, साथ में देशभक्त कलाकारों ने कमांडो बनकर जनजागृति किया। जबलपुर से प्रसून सिंह, सौरव अग्रवाल, ज्योति गुप्ता, माधुरी सम्राथा श्रद्धा केवट का काम सराहनीय था। उनका इस कार्य में पूजा राजपूत, मीना, वैशाली, सेजल पटेल पायल चौकसे सराहनीय था।

## दिव्यांग बच्चे ईशान व फैज़ान का स्केटिंग में शानदार प्रदर्शन



**जबलपुर, देशबन्धु।** दिव्यांग बच्चे कोई अभिशाप नहीं है, अगर उन्हें प्रोत्साहन किया जाये, तो वह किसी सामान्य बच्चे से कम नहीं है, सामान्य बच्चों को स्केटिंग पर चलते तो हमने और आपने अनेको बार देखा होगा। लेकिन आशा आर्मी स्कूल के यह दिव्यांग बच्चे ईशान गुप्ता (ऑटिज्म) व मोहम्मद फैज़ान (मल्टिपल डिसेबिलिटी) जिनकी उम्र 12 वर्ष एवं 14 वर्ष है, जो स्केटिंग को इतनी स्पीड से चलते है, जैसे उड़ता हुआ फ्लाइंग पैंथर, यह स्केटिंग के नियमित अभ्यास से इन दोनों खिलाड़ियों का अदम्य आत्मविश्वास का विकास हुआ है, दोनों खिलाडी नियमित रूप से स्केटिंग का प्रशिक्षण अपने कोच राम किशोर सोनी से बल्देवबाग स्थित स्मॉल वंडर सीनियर सेकेंडरी स्कूल में सांय 5 बजे से 7 बजे तक प्रशिक्षण ले रहे हैं। उल्लेखनीय है कि ईशान गुप्ता ने भोपाल शहर में आयोजित रोटरी क्लब द्वारा विंटर गेम प्रतियोगिता में स्केटिंग डांस प्रदर्शन कर भोपाल में आये हुए, समस्त प्रदेश की टीमों को एवं दर्शकों को रोमांचित कर दिया। विद्यार्थियों के इस शानदार प्रदर्शन के लिए आने वाले समय में खिलाड़ी राज्य व राष्ट्रीय स्तर व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा को स्वर्णिम पद की ओर ले जा सके। स्मॉल वंडर सीनियर सेकण्डरी स्कूल के डायरेक्टर पूनम अग्रवाल व आशा आर्मी स्कूल की प्राचार्या डॉ. मधुलिका एम. त्रिपाठी ने कोच राम किशोर सोनी ने दोनों को बच्चों को शुभकामनाए दी हैं।

## विवेचना का 29 वां राष्ट्रीय नाट्य समारोह 2 से 6 तक होगा

### पांच नायाब नाटकों का होगा मंचन

**जबलपुर, देशबन्धु।** विवेचना थियेटर ग्रुप का 29 वां राष्ट्रीय नाट्य समारोह इस वर्ष 2 से 6 नवंबर तक आयोजित होगा। यह समारोह 5 दिवसीय होगा। इस समारोह में विवेचना ने विशेष नाटकों का चुनाव किया है। पहले दिन 2 नवंबर गुरूवार को समागम रंगमंडल जबलपुर के कलाकार युवा निर्देशक स्वाति दुबे के निर्देशन में 'भूमि' नाटक मंचित करेंगे। दूसरे दिन 3 नवंबर शुक्रवार को दर्पण लखनऊ द्वारा युवा निर्देशक शुभदीप राहा के निर्देशन में नाटक 'आखिरी वसंत' नाटक मंचित होगा। तीसरे दिन 4 नवंबर शनिवार को अंक मुम्बई के कलाकार बहुप्रशंसित हास्य नाटक 'हमारी नीता की शादी' का मंचन करेंगे। इसका निर्देशन वीना बक्शी ने किया है। चौथे दिन 5 नवंबर को सम्पूर्णम मुम्बई के कलाकार अन्तर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त नाटक 'कर्ण' का मंचन करेंगे। इसका निर्देशन कुलविंदर बक्शीश ने किया है।

पांचवें और अंतिम दिन 6 नवंबर सोमवार को अभिनव रंगमंडल उज्जैन के कलाकार शरद शर्मा के निर्देशन में 'एक इंस्पेक्टर की वापसी' नाटक मंचित करेंगे। यह समारोह तरंग प्रेक्षागृह में एम पी पावर मैनेजमेंट कं लि, केन्द्रीय क्रीड़ा व कला परिषद के सहयोग से आयोजित होगा। नाटकों का मंचन प्रतिदिन संध्या 7.30 बजे होगा। इस अवसर पर चित्र प्रदर्शनी, पुस्तक प्रदर्शनी व प्रतिदिन प्लेटफॉर्म प्रदर्शन होंगे। विवेचना थियेटर ग्रुप की ओर हिमांशु राय, बांकेबिहारी ब्यौहार, मनु तिवारी, अजय धाबर्डे आदि ने सभी नाट्य प्रेमी दर्शकों से समारोह के सभी नाटकों को देखने का अनुरोध किया है।

## शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर में बरगी नगर में वृक्षा रोपण

**बरगी नगर, देशबन्धु।** संकुल प्राचार्य श्रीकृष्ण रायखेड़े के नेतृत्व में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बरगी नगर में शाला परिसर पर वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संकुल सह समन्वयक विपिन विश्वकर्मा ने बताया कि सर्वप्रथम वृक्षारोपण संबंधित कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें वृक्षों की विभिन्न किस्म के संबंध में जानकारी दी गई एवं वृक्षारोपण का तरीका बताया गया। खाद व पौधा का प्रयोग कितनी क्वांटिटी में एवं जमीन पर मिट्टी किस स्तर तक रखकर पौधे को लगाना है सभी बच्चों को अवगत कराया गया। इसके बाद प्राचार्य श्री रायखेड़े के नेतृत्व में परिसर पर कई किस्म के पौधों का वृक्षारोपण संपन्न किया गया व प्राचार्य ने वृक्षारोपण में सभी शिक्षकों को एक-एक पौधे का दायित्व भी सौंपा गया, जिससे की पौधों की देखभाल हमेशा बनी रहे। वृक्षारोपण के इस कार्यक्रम पर एनसीसी ऑफिसर राजकुमार नेमा, एग्नासी मरकाम, सुषमा धुर्वे, त्रिभुवन विश्वकर्मा, सुखराम काकोडिया, पूजा विश्वकर्मा, शांति ठाकुर, ललिता तिवारी, नरेश कुशवाहा, संजय वाल्मीकि, सीमा मिश्रा, सोनू साहू, श्रद्धा दीक्षित, पूजा ऐडे, रघुवन प्रताप तिवारी सहित शाला के समस्त स्टाफ समस्त छात्राओं की उपस्थिति रही।



## जिला पंचायत सदस्य और जनपद पंचायत उपाध्यक्ष ने बरेला थाना प्रभारी की चुनाव आयोग से की शिकायत

### थाना प्रभारी को हटाए जाने की मांग की

**जबलपुर, देशबन्धु।** जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 3 की सदस्य श्रीमती रानू साहू. और जिला पंचायत उपाध्यक्ष रामेश्वर साहू बंटू ने. चुनाव आयोग को बरेलाला थाना प्रभारी की शिकायत करते हुए उन्हें हटाए जाने की मांग की है.। शिकायत में भाजपा नेताओं ने कहा है कि टी आई के रहते हुए क्षेत्र में शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव संपन्न होने संभव नहीं है इनके तबादला तत्काल किया जाए भाजपा नेताओं ने कहा कि बरेला थाना प्रभारी जितेंद्र पाटकर एक दल विशेष का काम कर रहे हैं क्षेत्र में खुलेआम शराब बिक्री की जा रही है लोगों को परेशान किया जा रहा है। शराब माफिया को दे रहे संरक्षण टीआई- जिला पंचायत सदस्य रानू साहू ने बताया कि बरेला थाना प्रभारी के मनमानी से पूरी जनता परेशान हैं शराब बेचने वाले बदमाशों को खुला संरक्षण दिया जा रहा है बीते दिनों ग्राम बमनी पंचायत में शराब बेचने वालों के खिलाफ कार्रवाई के लिए प्रस्ताव पास किया गया इसकी जानकारी थाना प्रभारी तक लोग पहुंचाई गई और कार्रवाई की उम्मीद की गई. किंतु इस पर भी आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई.।

**अभद्र तरीके से बात करते हैं** - जनपद पंचायत उपाध्यक्ष रामेश्वर साहू ने बताया कि थाना प्रभारी जितेंद्र पाटकर अभद्र तरीके से बात करते हैं पिछले दिनों शराब माफिया के गुर्गों द्वारा ग्राम पंचायत बम्हनी में गांव के कुछ लोगों से विवाद किया गया जिसकी शिकायत थाना प्रभारी को दी गई। उनका कहना है कि ऐसे बहुत से जनपद प्रतिनिधि देखे हैं गांव का मामला गांव में ही निपटा लो।. एडिशन एसपी से शिकायत के बाबजूद नहीं हुई कार्यवाही-जिला पंचायत सदस्य रानू साहू ने बताया कि उनके पति जनपद उपाध्यक्ष रामेश्वर साहू पिछले दिनों एडिशनल एसपी के पास पूरे मामले की शिकायत करने पहुंचे थे. वहां पर थाना प्रभारी जितेंद्र पाटकर को भी बुलाया गया था वहां पर पति के साथ टी आई ने गलत तरीके से व्यवहार किया साथ ही पुराने मामले में जबरन पति का नाम लेकर पूरा अधिकारियों के सामने ही फसा देने की धमकी दे डाली। इस मामले में पुलिस अधिकारियों का रवैया भी स संदेहास्पद है।चुनाव आयोग से शिकायत करते हुए जिला पंचायत सदस्य श्रीमती रानू साहू एवं जनपद उपाध्यक्ष रामेश्वर साहू बंटू ने कहा है कि थाने प्रभारी बरेला तत्काल हटाया जाए ताकि क्षेत्र में शांतिपूर्ण सक्षम मतदान हो सके.।

## अजय विश्नोई से मांझी समाज ने की मुलाकात

**पाटन, देशबन्धु।** जिले की पाटन तहसील के नगर में रहने वाले मांझी समाज के लोगों ने भाजपा प्रत्याशी अजय विश्नोई से उनके निवास स्थान पर पहुंचकर पाटन मझौली विधान सभा से पुन: भाजपा प्रत्याशी घोषित होने पर समाज के लोगों ने बधाई दी। इस दौरान उपस्थित रहे सुंदरलाल बर्मन, श्याम बर्मन, द्वारका बर्मन, पन्नालाल बर्मन, गोबिंद बर्मन, मथुरा रैकवार, हरिशंकर बर्मन, मुनीम, दुर्गाप्रसाद, पवन बर्मन, उमेश बर्मन, विकास बर्मन सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे।

## इंस्टाग्राम में युवती का अश्लील वीडियो वायरल करने वाले को पुणे महाराष्ट्र किया से गिरफ्तार

**अनूपपुर, देशबन्धु।** थाना रामनगर में युवती से दोस्ती कर इंस्टाग्राम पर अश्लील एवं आपत्तिजनक वीडियो वायरल करने वाले 22 वर्षीय युवक को पुलिस ने पुणे (महाराष्ट्र) से गिरफ्तार करते हुए वायरल करने में प्रयुक्त स्मार्टफोन एवं सिम जप्त कर आरोपित को न्यायालय पेश किया गया।

थाना प्रभारी रामनगर निरीक्षक अरविंद जैन ने 12 अक्टूबर को बताया कि थाना रामनगर क्षेत्र की 22 वर्षीय लड़की का परिचय एक विवाह समारोह में पुणे में काम करने वाले शेषमणि प्रजापति मूल निवासी ग्राम पेपखरा तहसील अमरपाटन जिला सतना से होने के बाद मित्रता हो गई। शेषमणि प्रजापति ने वीडियो कॉल पर बात करता था, शादी करने से इनकार करने पर इंस्टाग्राम में अश्लील और आपत्तिजनक वीडियो बनाकर वायरल करते हुए लड़की के रिश्तेदारों और परिजनों को वीडियो भेजने लगा। परेशान लड़की ने अपनी व्यथा पुलिस अधीक्षक



अनूपपुर जितेन्द्र सिंह पवार से मिलकर बताई। पुलिस अधीक्षक ने थाना प्रभारी रामनगर अरविंद जैन को प्रकरण में तत्काल एफ.आई.आर दर्ज कर आरोपित को गिरफ्तार करने के निर्देशित दिया। जिस पर थाना प्रभारी रामनगर ने पीड़िता की रिपोर्ट पर थाना रामनगर में धारा 469 354 (क) 354 (घ), 509 भारतीय दंड विधान एवं धारा 67, 67 सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम 2008 एवं धारा 3 एवं 4 स्त्री अशिष्ट रूपण प्रतिषेध अधिनियम में मामला पंजीबद्ध कर पकड़ने पुलिस टीम पुणे महाराष्ट्र भेजा, जहां आरोपित शेषमणि प्रजापति पुत्र रामदेव प्रजापति निवासी ग्राम पेपखरा तहसील अमरपाटन थाना रामपुर बघेलान जिला सतना को गिरफ्तार कर को न्यायालय पेश किया गया।

### सार-समाचार

## शांति समिति की बैठक में लिए गए महत्त्वपूर्ण निर्णय

**गोसलपुर, देशबन्धु।** गुरुवार को पुलिस थाना प्रांगण गोसलपुर में थाना अंतर्गत लगभग आधा सैकड़ा दुर्गोतसव समिति के पदाधिकारी और क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिकों पत्रकार बंधुओ की बैठक आयोजित की गई शांति समिति की इस बैठक में थाना प्रभारी प्रियंका केवट ने पुलिस अधीक्षक जबलपुर से प्राप्त दिशा निर्देशों का अक्षरांश: पालन करने की बात कही पुलिस विभाग से प्राप्त दिशा निर्देशों से अवगत कराया उच्चतम न्यायालय के आदेशानुसार डीजे पूर्णत प्रतिबंध रखने के निर्देश से अवगत कराया समिति में उपस्थित



दुर्गोतसव समिति के पदाधिकारी ने चल समारोह मार्ग पर झूलते विद्युत केबल सड़क के दुरुस्तीकरण विसर्जन स्थल पर चाक चौबंद व्यवस्थाएं करने प्रमुख मार्गों पर प्रकाश की पर्याप्त व्यवस्था बस्ती के अंदर से बड़े वाहनों के प्रवेश.पर प्रतिबंध खेर माता मंदिर व रामलीला मैदान में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती के सुझाव दिए बैठक में प्राप्त सभी सुझावों को तत्काल पूरा करने हेतु समिति पदाधिकारी को थाना प्रभारी ने आश्वासन दिया।

बैठक में कनिष्ठ यंत्री रमेश सिंहा एसआई अनिल मिश्रा गजराज सिंह बघेल ,मोहनलाल चौरसिया प्रकाश पालीवाल धर्मेंद्र सिंह राजपूत सतेंद्र बिसेन गनपत सिंह चौहान राजीव तिवारी हेमचंद असाटी मनीष पालीवाल अशोक विश्वकर्मा सुरेंद्र श्रीवास बहादुर सिंह परिहार रवि सिंह ठाकुर कमल पटेल सुरेंद्र पाटसकर राहुल सिंह यश अग्रवाल अशोक सिंह राजा सोनी अनिलदत तिवारी अशोक गोंटिया विपिन अग्रवाल शुभम द्विवेदी विजय दुबे मोंटी दुबे, अभिषेक पटेल सोनू कुररिया अंकित सिंह जय कुमार राय शिवम सिंह सचिन विश्वकर्मा सहित अनेक लोग बैठक में उपस्थित थे।

## गोसलपुर को आरआई सर्किल बनाने की मांग

### सैकड़ों गांव के आमजन किसानों को मिल सकता है फायदा

**गोसलपुर, देशबन्धु।** जबलपुर जिला मुख्यालय से 30 किलोमीटर की दूरी पर बसे सिहोरा विकासखंड के अंतर्गत सबसे बड़ी ग्राम पंचायत कहलाने वाली गोसलपुर को आर.आई सर्किल बनाने एवं नायब तहसीलदार की पदस्थापना कराने की मांग जोर पकड़ने लगी है मांग को पूरा कराने लोग एकजुट होने लगे है उल्लेखनीय है की गोसलपुर कस्बे से सिहोरा तहसील के लगभग पचास गांव के लोगों का जीवंत संपर्क है गोसलपुर मे संचालित शासकीय दफ्तरो मे क्षेत्र के लोगो का प्रतिदिन गोसलपुर आना जाना लगा रहता है इस अभियान के मुख्य सूत्रधार जनसेवा समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि इस मांग के संदर्भ में काफी लंबे समय से प्रशासनिक अधिकारियों से पत्राचार किया जा रहा है अब इस बहुचर्चित मांग को शीघ्र पूरा कराने सभी लोगो को साथ लेकर लड़ाई लड़ी जावेगी ज्ञात हो की आरआई सर्किल यानि राजस्व की परिभाषा में टप्पा तहसील घोषित होने पर सप्ताह में एक दिन नायब तहसीलदार का न्यायालय प्रारंभ हो जाएगा, जिससे क्षेत्रीय गरीब जनमानस किसान मजदूर महिला हितग्राहियों को 25 से 30 किलोमीटर दूर सिहोरा तहसील मुख्यालय के चक्कर लगाने से मुक्ति मिल सकती है।

## नगर में सज गए पंडाल, मैयाजी होंगी विराजमान



**पाटन, देशबन्धु।** जिले की पाटन तहसील के नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में शारदेय नवरात्र की शुरुआत रविवार से हो रही है। पाटन नगर एवं ग्रामीण इलाकों में जगह-जगह मैयाजी को विराजमान करने के लिए दुर्गा समितियों के द्वारा सुन्दर पंडाल तैयार किए जा रहे हैं, वही नगर की दुर्गा समिति में भारी उत्साह देख जा रहा है। ग्रामीण अंचलों में नवरात्रि के पावन अवसर पर पंडा के जवारे बोए जायेंगे। मां के भक्तों ने बताया की शारदीय नवरात्र में माताजी की आराधना भक्त बड़े ही उत्साह हर्षोल्लास से करते हैं।



## आदर्श रामलीला मंडल करेगा रामलीला का मंचन

### गांधीग्राम में होगी चित्रकूट की रामलीला

**गांधीग्राम, देशबन्धु।** दुर्गोत्सव समिति रामजानकी मंदिर मानस भवन गांधीग्राम द्वारा विगत पचासों वर्षों अनवरत मनाते आ रहे दुर्गोत्सव कार्यक्रम को भव्य एवं प्रभावी बनाने विगत कई दिनों से रामजानकी मंदिर एवं संपूर्ण प्रांगण की साज सज्जा की तैयारियों जोरों से चल रहीं हैं। उपरोक्त विषयक जानकारी देते हुए अध्यक्ष राम जानकी मंदिर एवम संरक्षक दुर्गोत्सव समिति गांधीग्राम प्रताप सिंह बघेल ने बताया कि चित्रकूट के आर.आर .पांडे जी की विख्यात आदर्श रामलीला मंडल द्वारा मानस भवन गांधीग्राम में रामलीला का मंचन किया जाएगा ।बैठकी 15 अक्टूबर को मां दुर्गा जी की स्थापना एवं पूजन मंदिर पुजारी पुनीत तिवारी के सानिध्य में किया जाएगा । इस अवसर पर अध्यक्ष रामजानकी मंदिर एवं संरक्षक दुर्गोत्सव समिति गांधीग्राम प्रताप सिंह बघेल, दुर्गोत्सव समिति के अध्यक्ष महेश सेन, रेवाशंकर असाटी,गजराज सिंह बघेल, सुरेश असाटी,चमन असाटी, बबलू दुबे, विजय चौरसिया, बंटू मिश्रा,मनोहर तिवारी, आदि सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## एम्बुलेंस न मिलने से बच्चे की मौत, मृतक का पिता पहुंचा शव लेकर थाने

**गाडरवारा, देशबन्धु।** स्थानीय सिविल अस्पताल में एम्बुलेंस उपलब्ध न होने के कारण एक 8 वर्षीय मासूम बच्चे की मौत हो गई। यह मामला घाटकामती गांव से जुड़ा हुआ है। घाट कामती गांव के राजकुमार ठाकुर अपने 8 वर्षीय पुत्र रामकरण को लेकर सिविल अस्पताल आए थे, जहां बच्चे का उचित उपचार नही होने और एम्बुलेंस उपलब्ध न होने के कारण रामकरण की मृत्यु हो गई।

रामकरण के पिता राजकुमार ने बताया कि वह विगत बुधवार को शाम 4 बजे ही बच्चे को अस्पताल ले आए थे। इसके बाद देर रात जब डॉक्टरों से केस नहीं संभला तो उन्होंने रेफर बना दिया। इसके बाद वह एम्बुलेंस के इंतजार में खड़े रहे जब घंटों एम्बुलेंस न आई तो बच्चे की सांस बंद हो गईं।



मृतक के परिजन अपने मासूम बच्चे के शव को लेकर स्थानीय थाने पहुंचे और न्याय की गुहार लगाई। उन्होंने कहा कि अगर हमें सही समय पर स्वास्थ्य सुविधा संसाधन उपलब्ध होते तो आज हमें अपना घर का चिराग गवाना नहीं पड़ता। अस्पताल की व्यवस्थाएं बहुत ही संवेदनशील होती हैं, मौके पर एंबुलेंस सुविधा कभी कभी उपलब्ध नहीं होती है। इसके पहले भी एम्बुलेंस न मिलने के कारण कई लोगों हो चुकी है। मरीज को रेफर किए जाने के बाद भी एम्बुलेंस का लोग घंटों इंतजार करते रहते हैं, और आखरी में सुविधा उपलब्ध न होने के कारण लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ती है।

## प्रतिबंधित नशीले इंजेक्शन के साथ युवक गिरफ्तार

**शहडोल, देशबन्धु।** कोतवाली पुलिस ने प्रतिबंधित नशीले इंजेक्शन सहित दो युवकों को गिरफ्तार किया है । पुलिस ने उनके विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही की है। पुलिस अधीक्षक शहडोल कुमार प्रतीक ने विधानसभा चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए जिले के सभी थाना प्रभारियों को अवैध नशे के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया है। इसी क्रम में कोतवाली क्षेत्रांतर्गत पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि दो व्यक्ति बिना नम्बर की स्कूटी से नशीले इंजेक्शन बेचने की फिराक में नरसरहा तालाब के पास किसी व्यक्ति का इंतजार कर रहे हैं। सूचना पर तत्काल कोतवाली पुलिस की एक टीम ने उक्त स्थान पर दबिश दी जहां दो व्यक्ति खड़े दिखाई दिये जो पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने लगे। पुलिस की टीम ने घेराबंदी कर दोनों संदेहियों को पकड़ लिया। जिनसे पूछताछ करने पर उन्होंने अपना नाम सचिन तिवारी निवासी पुरानी बस्ती शहडोल एवं कुलदीप सिंह गोंड़ निवासी करनपठार अनूपपुर बताया। पुलिस ने जब दोनों आरोपियों की तलाशी ली तो स्कूटी की डिग्गी में से 49 नग प्रतिबंधित नशीले इंजेक्शन पाये गए। उक्त प्रतिबंधित नशीले इंजेक्शन एवं बिना नंबर की स्कूटी को जप्त कर आरोपी के विरूद्ध थाना कोतवाली में एनडीपीएस एवं म.प्र. ड्रग कंट्रोल एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है। उक्त कार्यवाही थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक रावेन्द्र तिवारी के नेतृत्व में उनि उपेन्द्र त्रिपाठी, आरक्षक अतुल शुक्ला, तरूण गवले और ईश्वर सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## गांजे की खेती कर रहा आरोपी गिरफ्तार

### गांजे के कुल 65 नग हरे पौधे जब्त

**उमरिया, देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक निवेदिता नायडू द्वारा अवैध गतिविधियों पर पूर्णत: अंकुश लगाने हेतु ठोस कार्यवाही करने के लिये समस्त थाना/चौकी प्रभारी को लगातार निर्देशित किया गया है । पुलिस अधीक्षक उमरिया के निर्देश के पालन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमरिया के मार्गदर्शन में कोतवाली पुलिस द्वारा बड़ी कार्यवाही की गई । कोतवाली पुलिस 11 अक्टूबर को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम सिमरिया निवासी शिवप्रसाद कोल अपने प्रधानमंत्री आवास के पक्के घर के पीछे अपने कब्जे के कोलिया में गांजे के पौधे लगाये हुये है और गांजे का उत्पादन कर रहा है । सूचना पर कोतवाली पुलिस द्वारा एनडीपीएस एक्ट के प्रावधानो के तहत त्वरित कार्यवाही करते हुये शिवप्रसाद कोल के घर पर दबिश दी गई , दबिश के दौरान शिवप्रसाद कोल अपने घर पर ही मिला, आरोपी के कब्जे के कोलिया की तलाशी लेने पर पाया गया कि गांजा के पौधे काफी संख्या में लगे हुये है जिनकी ऊंचाई 08-10 फीट थी । जिनको उखाडकर गिनती करने पर कुल 65 गांजे के पौधे बरामद हुये । आरोपी शिवप्रसाद कोल के कब्जे से उक्त पौधे जप्त कर आरोपी के विरूद्ध थाना कोतवाली में अपराध क्रमांक 542/23 धारा 8,20( ) छक्क्ै एक्ट कायम किया गया । आरोपी का नाम शिवप्रसाद कोल पिता स्व. तमुआ कोल उम्र 50 साल निवासी ग्राम सिमरिया थाना कोतवाली जिला उमरिया है। जिसके कब्जे से अवैध मादक पदार्थ गांजे के कुल 65 नग हरे पौधे (कीमत-1,60,000) रूपये का गांजा जप्त किया गया है।

## सरपंच और सचिव की साठ-गांठ से हो रहा फर्जीवाड़ा

**शहडोल, देशबन्धु।** ग्रामीण अपने ग्राम पंचायत में सरपंच का चुनाव कर ग्राम के विकास की उम्मीद करते हैं, लेकिन निर्वाचित होने के बाद यही सरपंच ग्राम पंचायत के सचिव के साथ मिलकर शासकीय राशि का बंदरबाट करने में कोई कसर नहीं छोड़ते। सरपंच और सचिव द्वारा साठ-गांठ कर फर्जीवाड़ा करने का एक ऐसा ही एक मामला जनपद पंचायत गोहपारू अंतर्गत ग्राम पंचायत बोचकी में सामने आया है। सरपंच और सचिव के इस फर्जीवाड़ा की शिकायत ग्राम पंचायत के कई पंच और ग्रामीणों ने गत दिनों जनपद पंचायत गोहपारू के मुख्य कार्यपालन अधिकारी से लेकर कलेक्टर और कमिश्नर तक से की है। इन पंचों और ग्रामीणों ने शिकायत के साथ फर्जीवाड़ा का कुछ प्रमाण भी संलग्न किया है।

ग्राम पंचायत बोचकी के पंचों और ग्रामीणों द्वारा की गई शिकायत में उल्लेख किया गया है, कि ग्राम पंचायत के सरपंच रामबहोर कोल और सचिव कोदू लाल पाव ने साठ गांठ कर मनमानी तरीके से फर्जी बिल लगाकर शासकीय राशि का आहरण कर लिया है। शिकायत में उल्लेख किया गया है सरपंच और सचिव ने मिट्टी भाड़ा के भुगतान के लिए 9 हजार 600 रुपए, सड़क मरम्मत भुगतान के लिए 22 हजार 200 रुपए, कोलान मोहल्ला में मुर्मीकरण भुगतान के लिए 22 हजार 500 सौ रुपए और प्राथमिक शाला मेहरौड़ा में समतलीकरण कार्य के भुगतान के लिए 22 हजार 500 सौ रुपए का आहरण किया है। ग्रामीणों का आरोप है कि उक्त राशि आहरित तो कर ली गई है लेकिन जमीनी स्तर पर कार्य नहीं कराया गया है। ग्रामीणों ने शिकायत में यह भी उल्लेख किया है, कि इसी तरह बैगान मोहल्ला में सड़क मरम्मत कार्य के भुगतान के नाम पर 15 हजार 35 हजार रुपए, मेहरौड़ा में सड़क मरम्मत कार्य के भुगतान के लिए 22 हजार 500 रुपए और प्राथमिक स्कूल में फीलिंग कार्य के भुगतान के नाम पर 8 हजार 500 रुपए निकाले गए हैं।

### चुनाव आयोग की हां, अब रानीकमलापति से रीवा के बीच दौड़ेगी वंदेभारत

## वंदेभारत ट्रेन के सभी कोचों का मेंटनेंस अब रीवा में होगा



**रीवा देशबन्धु।** चुनाव आयोग ने वंदेभारत ट्रेन को रीवा से चलाने पर सहमति दे दी। अब यह ट्रेन 15 अक्टूबर से रीवा से जबलपुर होकर रानीकमलापति जाएगी। रेलवे ने नए समय और रूट को पहले ही जारी कर दिया है, जिसमें पमरे ने कोई बदलाव नहीं किया। इधर सहमति मिलने के बाद जबलपुर रेल मंडल के सभी विभाग ट्रेन को नए रूट पर चलाने से जुड़ी तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुट गया है। अभी तक वंदेभारत ट्रेन को जबलपुर से रानीकमलापति के बीच चलाया जा रहा है। जबलपुर रेल मंडल के सर्वे रिपोर्ट के बाद इस ट्रेन को जबलपुर से इंदौर और जबलपुर से रीवा के बीच चलाने की बात उठी। इस प्रस्ताव को रेलवे बोर्ड भेजा गया, जिस पर रीवा से जबलपुर होकर रानीकमलापति के बीच ट्रेन चलाने पर सहमति बनी। रेलवे बोर्ड ने 8 अक्टूबर को ट्रेन चलाने की परमिशन भी दे दी। इधर 10 अक्टूबर से इसे चलाना था, लेकिन जबलपुर रेल मंडल की तैयारी न होने की वजह से इसे 15 अक्टूबर से चलाने का निर्णय लिया गया। इसी बीच आचार संहिता लगने की वजह से इस ट्रेन को चलाने पर संशय बन गया। हालांकि अब चुनाव आयोग ने इस पर अपनी सहमति दे दी है।

जबलपुर नहीं रीवा में होगा मेंटनेंस

जबलपुर रेल मंडल अभी तक वंदेभारत ट्रेन का मेंटनेंस जबलपुर में कराता है, लेकिन इस ट्रेन का रूट रीवा तक जाने के बाद इस ट्रेन को अब रीवा से चलाने का निर्णय लिया गया है। ट्रेन के सभी कोचों का मेंटनेंस अब रीवा में होगा। हालांकि इसे जबलपुर में मैकेनिकल विभाग करता था, वहां भी यही विभाग करेगा, लेकिन कोच खड़े करने के लिए पिट न होने की वजह से दिक्कत आ रही थी, लेकिन रेलवे ने समय पर इसे बना लिया है। इसकी सफाई और मेंटनेंस के काम के लिए जिस अधिकारी-कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया है, उन्हें फिलहाल अभी रीवा जाकर इस ट्रेन का रखरखाव करना होगा।

### यह है नया रूट...........

* वंदेभारत ट्रेन सुबह साढ़े पांच बजे रीवा स्टेशन से रवाना होगी।
* सतना, मैहर, कटनी होकर जबलपुर सुबह 8.45 पर आएगी।
* जबलपुर में 10 मिनट रुकने के बाद रानीकमलापति के लिए रवाना होगी।
* ट्रेन रीवा से जबलपुर का सफर सवा तीन घंटे का होगा।
* अभी यह सफर अन्य ट्रेनों में 4 से 6 घंटे का है।
* जबलपुर से सुबह 9. 45 बजे रवाना होगी।
* दोपहर 3.30 पर रवाना और रात 8.10 पर जबलपुर पहुंचेगी
* रात 8.20 पर रवाना होगी और रात साढ़े 11 बजे रीवा पहुंचेगी।

### इन्होंने क्या कहा

मध्य प्रदेश में विधानसभा चुनाव की आचार संहिता लगने की वजह से वंदेभारत ट्रेन को जबलपुर से बढ़ाकर रीवा से चलाने पर संशय था। इस संबंध में हमने पमरे और उन्होंने चुनाव आयोग से इस पर राय मांगी, जिस पर उन्होंने ट्रेन चलाने की सहमति दे दी है। यह ट्रेन 15 अक्टूबर से अपने नए रूट से चलेगी।

**विवेक शील**
डीआरएम

## गोला-बारूद लेकर पहला अमेरिकी विमान पहुंचा इजरायल

**यरुशलेम।** इज़रायल की सेना ने कहा कि गाजा के सत्तारूढ़ गुट, हमास और लेबनान में आतंकवादियों के साथ जारी संघर्ष में देश की मदद के लिए गोला-बारूद ले जाने वाला पहला अमेरिकी विमान इज़रायल पहुंचा। इज़रायल रक्षा बल (आईडीएफ) के प्रवक्ता डैनियल हगारी ने बुधवार को जारी बयान में कहा, विमान उन्नत गोला-बारूद लेकर मंगलवार रात इज़रायल के दक्षिणी नेगेव रेगिस्तान में नेवातिम एयरबेस पर उतरा।

# इजरायल पहला निशाना, पूरी दुनिया पर होगा कब्जा, हमास ने बनाया प्लान

### आइंस्टीन भी हुए यहूदियों से नफरत का शिकार, मौत के डर से छोड़ा था मुल्क

**तेलअवीव।** इजरायल की सेना ने कहा कि वह गाजा पट्टी पर मैदानी जंग की तैयारी में है और उस पर कब्जा जमाने का प्लान तैयार है। हालांकि अभी राजनीतिक नेतृत्व की ओर से इसकी मंजूरी नहीं मिल पाई है। गाजा पट्टी की सीमा पर इजरायल ने 3 लाख से ज्यादा सैनिकों को तैनात कर दिया है। सीमा पर किसी के दिखते ही गोली मारने का आदेश है। हमास की सेना नुखबा फोर्स को खत्म की रणनीति इजरायल ने बनाई है। पीएम बेंजामिन नेतन्याहू तो लगातार हमास को खत्म करने की चेतावनी दे रहे हैं। देश में सत्ता पक्ष और विपक्ष को मिलाकर आपातकालीन सरकार भी बना दी गई है।

हालांकि इस पूरे अभियान को लेकर एक चैलेंज यह है कि गाजा पट्टी घनी आबादी का इलाका है और उसमें सैनिकों का मैदानी जंग में उतरना रिस्की होगा। इसकी वजह यह है कि गाजा पट्टी में हमास ने बहुत सी सुरंगें बना रखी हैं, जिनके जरिए वे आसानी से इजरायल को निशाना बना सकते हैं। इसके अलावा इन्हीं बंकरों में अमेरिका और इजरायल के लोगों को बंधक बना रखा है, जिनकी जान को खतरा भी होगा। अमेरिका के पूर्व रक्षा मंत्री और सीआईए के डायरेक्टर रहे लियोन पनेट्टा भी इस रणनीति को दोधारी तलवार मानते हैं।

**गाजा में उतरना तो आसान, पर क्या होगा एग्जिट प्लान?**– वह कहते हैं, एक बार जब आप गाजा में एंट्री करेंगे तो यह लड़ाई ऐसी होगी कि घर-घर तक संघर्ष होगा। इसलिए इसकी भारी कीमत भी चुकानी पड़ सकती है। लेकिन उन्होंने यह भी कहा कि मुझे लगता है कि इजरायल ने यह फैसला ले लिया है कि वह गाजा में हमास को कुचल ही डालेगा। इसके अलावा एक चुनौती यह भी है कि यदि इजरायल जमीनी जंग में उतरता है और फंसने की स्थिति आती है तो उसका एग्जिट प्लान क्या होगा। यही नहीं जमीनी जंग में एक खतरा यह भी हो सकता है कि सीरिया और मिस्र जैसे देश भी उसके खिलाफ उतर जाएं यानी यह जंग दो पक्षों के बीच न होकर पूरे अरब क्षेत्र में फैल सकती है।

**गाजा पट्टी के पास तैयार किया बेस, हजारों सैनिकों की तैनाती**– अब तक इजरायल ने यह ऐलान नहीं किया है कि वह अपने सैनिकों को गाजा भेजेगा, लेकिन पीएम बेंजामिन नेतन्याहू कह चुके हैं कि वह हमास को ऐसा सबक सिखाएंगे कि पीढ़ियां याद रखेंगी। फिलहाल इजरायली सेना ने गाजा पट्टी के समीप बेस तैयार कर लिया है, जिसमें हजारों सैनिक पहुंच गए हैं।

इसके अलावा टैंक भी यहां तैनात हैं। बता दें कि इजरायल ने 3 लाख रिजर्व सैनिकों को भी बुला लिया है, जो इतिहास का सबसे बड़ा आंकड़ा है।

## आज का इतिहास

1976 – बोलीविया में बोइंग जेट विमान दुर्घटनाग्रस्त, करीब 100 मरे।
1987 – कोस्टारिका के राष्ट्पति ऑस्कर आरियास को शांति का नोबेल पुरस्कार मिला।
1999 –कोलम्बिया विश्वविद्यालय के अर्थशास्त्री प्रो. राबर्ट मुंडेल को वर्ष 1999 को नोबेल पुरस्कार प्रदान करने की घोषणा।
अटल बिहारी वाजपेयी तीसरी बार भारत के प्रधानमंत्री बने।
2001 – नाइजीरिया में अमेरिका विरोधी प्रदर्शन के दौरान भड़की साम्प्रदायिक हिंसा में लगभग 200 व्यक्ति मारे गये।
2002 – इंडोनेशिया के बाली नाइट क्लब में हुए भीषण विस्फोट में 200 लोग मारे गये और 300 से अधिक घायल हुए।
2003 – डलास में एक साल चिकित्सकीय योजना और 26 घंटे तक चले जटिल आपरेशन के बाद मिस्र के जुड़वां बच्चों के आपस में जुड़े सिर को अलग करने में आपरेशन सफल रहा। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के लिए एक भारतीय छात्र का चयन। जर्मनी ने स्वीडन को हराकर पहली बार विश्व कप फुटबाल टूर्नामेंट जीता।

## इजरायल का नया 'गाजा प्लान' ला सकता है बर्बादी, क्यों अमेरिका तक के लिए टेंशन

इजरायल और हमास के बीच जारी भीषण और बर्बर युद्ध का आज छठा दिन है। हमास के अचानक हुए हमले के बाद से अब तक इजरायल के 1200 लोग मारे गए हैं, जो बीते कई दशकों में अब तक का सबसे बड़ा हमला है। हमास का यह हमला इसलिए भी मुश्किल खड़ी कर रहा है क्योंकि उसके सैकड़ों लोगों को बंधक बना रखा है। हमास के आतंकी बंधक लोगों के वीडियोज जारी करते हैं और युद्ध के बीच ब्लैकमेलिंग कर इजरायल को डिफेंस में ले जाने की रणनीति पर काम कर रहे हैं। वहीं इजरायल में इस हमले को लेकर गुस्सा बढ़ रहा है और सरकार एवं सेना इससे निपटने के लिए प्लान बना रहे हैं।

### हमास का नामों–निशान मिटा देंगे– नेतन्याहू

प्रधान मंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने हमास के खिलाफ एक क्रूर अभियान का वादा किया है, जो गाजा पर शासन करता है और इजरायल पर लगातार हमला कर रहा है। इज़रायली अब एक लंबे युद्ध की तैयारी कर रहे हैं जिसके मध्य पूर्व से परे परिणामों के साथ व्यापक संघर्ष का जोखिम है।

### गाजा पर तीन दिनों से गिर रही मिसाइलें

शनिवार से ही दिन–रात मिसाइलें बरस रही हैं। गाजा में स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार, बुधवार सुबह तक 1,000 से अधिक फिलिस्तीनी मारे गए हैं। उन्होंने यह नहीं बताया कि उनमें से कितने आम नागरिक थे। लगभग हजारों लोग पलायन को मजबूर हैं लेकिन, सीमा पार के लिए कोई रास्ता न मिल पाने की वजह से उनके सामने जिंदगी बचाने का संकट पैदा हो गया है। हवाई हमले के बारे में गाजा पट्टी में रहने वाले आयशा अबू दक्का ने कहा, आप हर कुछ मिनट में धमाके की आवाज सुनेंगे, और फिर आपको घर हिलते हुए महसूस होगा। फिलहाल, हम बस इंतज़ार कर सकते हैं और प्रार्थना कर सकते हैं। अबू दक्का ने कहा, कहीं भी सुरक्षित नहीं है।हवाई हमले और बमबारी भयावह हैं। क्या यह वह सुरक्षित जगह है जहां इज़राइल ने हमें शरण लेने की सलाह दी है?

### फिलिस्तीन–इजरायल संघर्ष में चीन द्वारा तीन चीनियों की मौत की पुष्टि

बीजिंग, (आईएएनएस)। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता वांग वनपिन ने गुरुवार को संवाददाता सम्मेलन में संबंधित सवाल के जवाब में बताया कि नये दौर के फिलिस्तीन–इजरायल संघर्ष में तीन चीनी नागरिकों की मौत की पुष्टि की गयी है, दो लापता हैं। जबकि, अन्य कई घायल हुए हैं। उन्होंने कहा कि हम मृतकों के प्रति गहरा शोक व्यक्त करते हैं और मृतकों के परिजनों तथा घायलों से संवेदना रखते हैं। संबंधित चीनी राजनियक संस्थाएं घायलों के इलाज के समन्वय की पूरी कोशिश कर रही हैं, मृतक संबंधी कार्य को अंजाम दे रही हैं और विदेशी पक्षों से लापता लोगों को तलाशने का अनुरोध कर रही हैं। चीन सभी प्रभावी कदम उठाकर चीनी नागरिकों व संस्थाओं की सुरक्षा को सुनिश्चित करेगा।

### इजरायली बंधकों की अदला–बदली करना जल्दबाजी होगी: हमास

**गाजा, (आईएएनएस)।** हमास के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा है कि इजरायली बंधकों की अदला–बदली करना जल्दबाजी होगी, जिन्हें आतंकवादी समूह ने 7 अक्टूबर को यहूदी राष्ट्र पर अचानक हमला करने के बाद बंदी बना लिया था। बुधवार को दोहा से सीएनएन से बात करते हुए इज्जत अल–रिशेक ने कहा, हम इस मुद्दे पर तभी चर्चा करेंगे जब हमारे लोगों के खिलाफ इजरायली आक्रमण खत्म हो जाएगा। इस बात से इनकार करते हुए कि इजराइल पर बड़े पैमाने पर हमले को अंजाम देने में हमास को ईरान या लेबनान में हिजबुल्लाह से कोई मदद मिली थी, अधिकारी ने कहा मैं यह स्पष्ट रूप से कहता हूं कि यह ऑपरेशन किसी भी क्षेत्रीय पार्टी की मदद के बिना 100 प्रतिशत हमास ऑपरेशन था।

# भारतीय मूल के फार्मासिस्ट पर 2 लाख 75 हजार डॉलर का जुर्माना

**न्यूयॉर्क, ( आईएएनएस )।** टेक्सास की एक अदालत ने भारतीय मूल के एक व्यक्ति और उसकी फार्मेसी पर दवाइयों की अवैध बिक्री पर 2 लाख 75 हजार डॉलर का जुर्माना लगाया है और ओपियोइड और अन्य प्रतिबंधित दवाओं के की बिक्री पर रोक लगाई है। न्याय विभाग की एक विज्ञप्ति के अनुसार, फार्मासिस्ट जितेंद्र चौधरी के पास ज़ारज़ामोरा हेल्थकेयर एलएलसी है, जो सैन एंटोनियो में राइट-अवे फार्मेसी और मेडिकल सप्लाई के रूप में कारोबार कर रही है।

अदालत ने चौधरी और उनकी फार्मेसी को कुछ ओपियोइड नुस्खे देने से रोक दिया, जिसमें संयोजन ओपियोइड और बेंजोडायजेपाइन नुस्खे शामिल हैं। आदेश में यह भी कहा गया है कि प्रतिवादी आदेश और नियंत्रित पदार्थ अधिनियम का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए अपनी वितरण प्रथाओं की समय-समय पर व्यापक समीक्षा करें। टेक्सास के पश्चिमी जिले के अमेरिकी अटॉर्नी जैमे एस्परज़ा ने कहा, देश भर में स्वास्थ्य देखभाल चिकित्सकों द्वारा ओपिओइड और अन्य प्रिस्क्रिप्शन दवाओं के वितरण ने पिछले कुछ वर्षों में हमारे समुदायों को भारी नुकसान पहुंचाया है। 21 जनवरी, 2022 को टेक्सास के पश्चिमी जिले में सरकार द्वारा की गई एक शिकायत में आरोप लगाया गया कि प्रतिवादियों ने नियंत्रित पदार्थ अधिनियम के उल्लंघन करते हुए बार-बार ओपिओइड और अन्य नियंत्रित पदार्थों की बिक्री की। शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया कि प्रतिवादियों ने उन नुस्खों को बदल दिया, जिनमें आवश्यक जानकारी का अभाव था, ताकि ऐसा लगे कि वे औषधि प्रवर्तन प्रशासन (डीईए) नियमों के अनुपालन में हैं। न्याय विभाग के सिविल डिवीजन के प्रधान उप सहायक अटॉर्नी जनरल ब्रायन एम बॉयटन ने कहा, नियंत्रित पदार्थ अधिनियम के तहत फार्मेसियों और फार्मासिस्टों को यह सुनिश्चित करने की आवश्यकता है कि ओपियोइड चिकित्सकीय रूप से वैध उद्देश्यों के लिए वितरित किए जाते हैं न्याय विभाग उन पेशेवरों को जवाबदेह बनाए रखना जारी रखेगा, जो संभावित खतरनाक नुस्खे वाली दवाओं के संबंध में अपने दायित्वों का उल्लंघन करते हैं। मामले की जांच डीईए के सैन एंटोनियो जिला कार्यालय टैक्टिकल डायवर्जन स्क्वॉड द्वारा की गई।

# इजरायली सैनिक के अंतिम संस्कार में हमास का रॉकेट से हमला

**तेलअवीव।** हमास और इजरायल के बीच 6 दिनों से चल रहे भीषण युद्ध में मरने वालों की संख्या कम से कम 3700 पहुंच गई है। दोनों खेमों को काफी जान-माल का नुकसान हुआ है। इजरायल हालांकि गाजा पट्टी पर कहर बनकर टूट रहा है लेकिन, इससे पहले हमास की इजरायलियों पर बर्बरता काफी भयावह है।

फिलिस्तीनी आतंकियों की क्रूरता अलग ही स्तर पर पहुंच गई हैं। ताजा मामला यरूशलेम के बाहर 20 साल के एक इजरायली सैनिक के अंतिम संस्कार के दौरान का है।

यहां सैकड़ों इजरायली स्तुति सुन रहे थे, तभी हवाई हमले के सायरन बजने लगते हैं। पता लगा कि गाजा पट्टी से रॉकेट छोड़े गए हैं। लोगों में चीख-पुकार मच गई। इजरायली के नेस हरीम शहर में 20 वर्षीय सैनिक सेकंड लेफ्टिनेंट यानाई कामिंका की शनिवार को मौत हो गई थी।

वह गाजा के फिलिस्तीनी आतंकवादियों से लड़ते हुए मारे गए। इजरायल के सैन्य ठिकानों और रेगिस्तान में उपद्रव मचाते हुए हमास के बंदूकधारियों ने 1,200 इजरायलियों को क्रूरता पूर्वक मार डाला, जिनमें ज्यादातर आम नागरिक थे। उन्होंने दर्जनों अन्य लोगों को बंधक बना लिया और उन्हें गाजा ले गए।

नेस हरीम इलाके में अंतिम संस्कार के दौरान हमास आतंकियों के रॉकेट हमले की घटना से पूरे इजरायल में गुस्सा है। सोशल मीडिया पर लोग हमास की क्रूरता की निंदा कर रहे हैं।

करीब 10 मिलियन आबादी का देश इजरायल अपने 75 साल के इतिहास में सबसे घातक हमले का सामना कर रहा है। ऐसा कोई नहीं, जो डर, सदमे और दुःख से अछूता नहीं है। यहां कई परिवारों ने अपनों को खो दिया। हमास आतंकियों द्वारा गोलियों से भूनने और महिलाओं से दरिंदगी की तमाम कहानियां सोशल मीडिया पर प्रसारित की जा रही हैं।

# इजरायल पर हमास के हमलों में 21 थाई नागरिकों की मौत : थाईलैंड के पीएम




**बैंकॉक, ( आईएएनएस )।** इजरायल पर हमास आतंकवादी समूहों के हमलों को लेकर थाई प्रधानमंत्री श्रेथा थाविसिन ने बताया कि इस हमले में 21 नागरिकों की मौत हो गई है।

उन्होंने कहा कि उनकी सरकार निकासी के अन्य तरीके खोजने पर काम कर रही है। एक्स पर एक पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा, मैं एक और थाई वर्कर के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करना चाहता हूं जिनकी मृत्यु हो गई है। अब मरने वालों की कुल संख्या 21 हो गई है। उन्होंने कहा कि विमान से निकासी के अलावा, अधिकारी थाई नागरिकों को इजराइल से जॉर्डन तक लाने के लिए नावों या कारों जैसे परिवहन के वैकल्पिक साधन खोजने पर काम कर रहे हैं। आगे कहा, लेकिन दोनों लेन अभी भी अत्यधिक खतरनाक हैं क्योंकि वे सक्रिय संघर्ष वाले क्षेत्रों से होकर गुजरती हैं।

उन्होंने यह भी पुष्टि की है कि उनकी सरकार ने विमान द्वारा थाई नागरिकों को निकालने में सहायता के लिए अतिरिक्त अधिकारी भेजे हैं इस बीच, स्वदेश लौटने वाले थाई नागरिकों का पहला समूह इजराइल से रवाना हो गया है, प्रधानमंत्री ने बताया कि उनके आज दिन में आने की उम्मीद है।

30,000 थाई नागरिक इजराइल में काम करते हैं। बुधवार को बैंकॉक में विदेश मंत्रालय ने कहा कि माना जाता है कि कम से कम 14 थाई को हमास के आतंकवादियों ने बंधक बना लिया है।

## सुडोकू 6345

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | | | 1 | | | | 2 | |
| | | 4 | | | | | | |
| | 5 | | 6 | 2 | 4 | 7 | | |
| 2 | | 7 | | 8 | | | | |
| 3 | 4 | | | | | | 5 | 8 |
| | | | | 4 | | 1 | | 7 |
| | | 8 | 4 | 5 | 1 | | 7 | |
| | | | | | | 5 | | |
| | 6 | | | | 2 | | | 9 |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6345

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ■ | ■ | ३ | | ४ | |
| | ■ | | ■ | ५ | | | ■ | | ■ |
| ६ | | | ■ | | ■ | ७ | | | |
| | ■ | ८ | ९ | | | | ■ | | ■ |
| ■ | १० | ■ | | ■ | ■ | ■ | ११ | ■ | १२ |
| १३ | | | | ■ | १४ | ■ | १५ | | |
| ■ | | ■ | १६ | | | | ■ | ■ | |
| १७ | | | ■ | ■ | | ■ | १८ | १९ | |
| | ■ | ■ | २० | | | २१ | ■ | | ■ |
| २२ | | | | ■ | ■ | २३ | | | |

**बायें से दायें:–**
१. बिना रुके या ठहरे, शीघ्र
२. किसी राजनीतिक दल द्वारा प्रकाशित पत्र जिसमें उसके सिद्धांत आदि का प्रकाशन होता है
५. गले तक
६. लंबी उम्र वाला
७. रहस्यमय
८. गिरफ्तारी
१३. विवाह, शादी
१५. सुहागिन, सौभाग्यवती
१६. श्रेष्ठ वृक्ष
१७. आसान, स्वाभाविक
१८. दाम, मूल्य
२०. तलाश, ढूंढने–खोजने का काम (उर्दू)
२१. गतिरोध
२३. मन की हालत

**ऊपर से नीचे:–**
१. जो वाजिब या उचित न हो
२. राम का हथियार, धनुष
३. लड़ाई
४. पराजय, हार
५. टांग अड़ाना, हस्तक्षेप करना
९. कहानी, कहावत (उर्दू)
१०. असक्त, दुर्बल, कमजोर
११. जो तरल न हो
१२. शादीशुदा
१४. आत्मनिर्भर
१७. सुंदर ढंग का
१९. सहायता (उर्दू)
२०. दोष, ऐब
२१. आर्द्र

## वर्ग पहेली–6344

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ अ | नु | २ दा | र | ■ | ■ | ३ श | वा | ४ स | न |
| मा | ■ | मो | ■ | ५ सा | बि | त | ■ | मा | ■ |
| ६ व | जू | द | ■ | ध | ■ | ७ द | र्द | ना | क |
| स्या | ■ | ८ र | ९ क्ष | क | द | ल | ■ | थीं | ■ |
| ■ | १० अ | ■ | यं | ■ | ■ | ■ | ११ प्रा | ■ | १२ इ |
| १३ वि | दा | र | क | ■ | १४ प | ■ | १५ ची | ख | ना |
| ■ | ल | ■ | १६ र | स | रा | ज | ■ | ■ | य |
| १७ अं | त | स | ■ | ■ | ज | ■ | १८ औ | १९ स | त |
| ब | ■ | ■ | २० हि | दा | य | २१ त | ■ | जी | ■ |
| २२ र | वा | य | त | ■ | ■ | २३ य | म | व | रा |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

**राजनीति** *करगिल की हार के बाद भाजपा ने तीनों संसदीय क्षेत्रों का मूल्यांकन किया शुरू*

# बूथ व निर्वाचन क्षेत्र स्तर पर पार्टी को मजबूत करना होगा उद्देश्य

■ **सुरेश एस डुग्गर**

**जम्मू, (देशबन्धु)। करगिल के हिल काउंसिल चुनावों में करारी हार के बाद प्रदेश भाजपा ने अगले साल मार्च-अप्रैल में होने वाले महत्वपूर्ण लोकसभा चुनावों से पहले केंद्र शासित प्रदेश के सभी तीन संसदीय क्षेत्रों का व्यापक मूल्यांकन शुरू कर दिया है।**

पार्टी के जम्मू-कश्मीर प्रमुख रविंदर रैना ने रणनीति, योजना तैयार करने और सार्वजनिक आउटरीच कार्यक्रमों को बेहतर बनाने के लिए तीनों संसदीय क्षेत्रों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। पार्टी सूत्रों के अनुसार, रैना ने पिछले कुछ दिनों में पार्टी की नब्ज नहीं जांची, बल्कि गंभीर निर्देश दिए, जिनमें कमियों को दूर करना, समाज के सभी वर्गों तक पहुंचना और शामिल हैं। बूथ और निर्वाचन क्षेत्र स्तर पर पार्टी को मजबूत करना। पार्टी के एक वरिष्ठ नेता ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि रैना ने पार्टी कार्यकर्ताओं की एक के बाद एक बैठकों की अध्यक्षता की। जम्मू-कश्मीर भाजपा प्रमुख की कश्मीर यात्रा का प्राथमिक ध्यान अनंतनाग-राजौरी संसदीय सीट पर था। इस नेता का कहना था कि दक्षिण कश्मीर पर विशेष फोकस रहेगा जिसके लिए केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल को प्रभारी बनाया गया है। भाजपा नेता के अनुसार रैना ने मूड भांपने और जमीनी हालात का प्रत्यक्ष जायजा लेने के लिए बनिहाल से बारामुल्ला तक ट्रेन में यात्रा भी की। भाजपा नेताओं के बकौल, उत्तरी कश्मीर संसदीय क्षेत्र के लिए समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करने से पहले उन्होंने सीधे ग्राउंड जीरो से फीडबैक लेने के लिए पार्टी कार्यकर्ताओं सहित कई लोगों से मुलाकात की।



■ **जनवरी व फरवरी के मध्य में मोदी को अनंतनाग में आमंत्रित किया जाएगा**

उन्होंने कहा कि दूसरे दौर में, भाजपा जम्मू-कश्मीर प्रमुख ने महत्वपूर्ण बैठक की अध्यक्षता की। जिसे उन्होंने राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण लोकसभा क्षेत्र-अन्नतनाग-राजौरी तथा तीसरे दौर में, उन्होंने श्रीनगर-बडगाम-गांदरबल निर्वाचन क्षेत्र की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। पार्टी सूत्र कहते थे कि करगिल की शिकस्त के बाद घबराई भाजपा ने अनंतनाग निर्वाचन क्षेत्र के लिए, भाजपा जम्मू-कश्मीर प्रमुख रैना ने महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश पारित किए जिनमें रणनीति तैयार करना, योजना बनाना और सार्वजनिक पहुंच बनाना शामिल है।

बैठक से जुड़े एक सूत्र ने कि अनंतनाग-राजौरी सीट के लिए, नागरिक समाज के सदस्यों, छात्रों, बुजुर्गों, युवाओं, टट्टूवालों, धार्मिक नेताओं और खानाबदोशों तक भी पहुंचने के निर्देश दिए गए थे। पार्टी सूत्रों के बकौल, चूंकि अनंतनाग-राजौरी निर्वाचन क्षेत्र बहुत बड़ा है और जम्मू क्षेत्र के पुंछ जिले तक फैला हुआ है, इसलिए भाजपा नेताओं, मध्य स्तर के नेताओं और कार्यकर्ताओं को समाज के सभी वर्गों तक पहुंचने और भाजपा के पक्ष में समर्थन जुटाने के लिए कहा गया था। सूत्रों का कहना था कि रैना ने यह भी बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जनवरी या फरवरी के मध्य में एक लाख से अधिक लोगों की सभा को संबोधित करने के लिए अनंतनाग में आमंत्रित किया जाएगा और इसके लिए सभी को कड़ी मेहनत करनी होगी। उन्होंने कहा कि श्रीनगर संसदीय क्षेत्र के लिए बूथों और विधानसभा क्षेत्रों पर फोकस रहेगा।

# खेल जगत

## छक्के मारने के मामले में क्रिस गेल से प्रेरणा लेते हूं : रोहित शर्मा

**नई दिल्ली।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने कहा कि वह छक्के मारने के मामले में क्रिस गेल से प्रेरणा लेते है। भारत बनाम अफगानिस्तान मुकाबले में कल जब भारतीय कप्तान रोहित शर्मा बल्लेबाजी करने उतरे तो वह क्रिस गेल के 553 छक्कों से सिर्फ दो छक्के पीछे थे। उन्होंने शुरुआती 31 गेंदों में ही तीन छक्के लगाकर क्रिस गेल के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली थी। मुकाबले को आठ विकेट से जीतने के बाद रोहित ने बीसीसीआई टीवी से बातचीत में कहा कि उन्होंने कभी नहीं सोचा था कि वह इतने छक्के मारेंगे। वह छक्के मारने के मामले में गेल से प्रेरणा लेते हैं। उन्होंने कहा, जब मैंने खेलना शुरू किया था तो मैंने नहीं सोचा था कि मैं अकेले इतने छक्के मार सकूंगा। हां, मैंने वर्षों से इस पर काम किया है और मैं इससे खुश हूं। हालांकि मैं जिस तरह का इंसान हूं, इससे संतुष्ट नहीं रहूंगा और ऐसा करना जारी रखूंगा। यह मेरे लिए छोटी-छोटी खुशियों का एक पल है।



# रोहित शर्मा के तूफानी शतक से भारत ने अफगानिस्तान को दी 8 विकेट से शिकस्त

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

**नई दिल्ली।** भारत के कप्तान रोहित शर्मा ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चेन्नै में पहले मैच में शून्य पर आउट होने का गुस्सा यहां अरुण जेटली स्टेडियम में दूसरे मैच में अफगानिस्तान के गेंदबाजों की जमकर धुनाई कर उतारा। रोहित के तूफानी शतक और इशान किशन के साथ उनकी शतकीय भागीदारी की बदौलत दो बार के चैंपियन भारत ने अफगानिस्तान को आईसीसी वन डे क्रिकेट विश्व कप मैच में बुधवार को यहां आठ विकेट से करारी शिकस्त दे लगातार दूसरी जीत दर्ज की। भारत के लिए इस जीत में सबसे अच्छी बात यह रही कि उसकेऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले मैच मे नाकाम रहे कप्तान रोहित शर्मा, इशान किशन और श्रेयस अय्यर सहित उसके शीर्ष क्रम के तीनों बल्लेबाज रंग में लौट आए हैं। वन डे विश्व कप में रोहित अब सबसे ज्यादा सात शतक जडने् वाले बल्लेबाज तो बने ही और सबसे कम मैचों में एक हजार पूरे करने के डेविड वॉर्नर (19 मैच) के रिकॉर्ड की भी बराबरी कर ली। साथ ही रोहित (556 छक्कों) ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में तीनों फॉर्मेट में कुल वेस्ट इंडीज के क्रिस गेल (553छक्कों)के रिकॉर्ड को भी तोड़ दिया। रोहित ने अपना शतक मात्र पारी के 18 वें और नबी के चौथी ओवर की दूसरी गेंद पर एक रन दौड़ कर मात्र 63 गेंद खेल चार छक्कों और 12 चौकों की मदद से पूरा कर वन डे विश्व कप में भारत के लिए सबसे तेज शतक जडने् के कपिल देव(72 गेंद) के रिकॉर्ड को भी तोड़ दिया। भारत अब अहमदाबाद में शनिवार को अपने चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से भिड़ेगा। पाकिस्तान की टीम भी अब तक अपने लगातार दो मैच जीत चुकी है लेकिन उसके कप्तान बाबर आजम को अभी भी बड़ी पारी की तलाश है।

भारत के सदाबहार अनुभवी तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह (3/39) की रफ्तार के साथ धार दिखा कर कप्तान बाएं हाथ के हशमतुल्लाह शाहिदी( 80 रन, 88 गेंद, एक छक्का, आठ चौके) और अजमतुल्लाह ओमरजई (62 रन, 69 गेंद, चार

■ **रोहित बने वन डे विश्व कप में सबसे ज्यादा सात शतक जड़ने वाले बल्लेबाज**

छक्के, दो चौके) जवाबी हमला बोलते हुए चौथे विकेट की मात्र 128 गेंद में मात्र 121 रन की तेज भागीदारी की बदौलत टॉस जीत पहले बल्लेबाजी करने वाले अफगानिस्तान को फिरोजशाह कोटला की सपाट पिच पर निर्धारित 50 ओवर में आठ विकेट पर 272 रन पर रोक दिया भारत के उपकप्तान हार्दिक पांडया (2/43) ने रहमतुल्लाह गुरबाज (21 रन, तीन चौके, एक छक्का) को धीमे बाउंसर पर शार्दूल ठाकुर के हाथों कैच कराने के बाद अजमतुल्लाह ओमरजई को धीमी गेंद पर बोल्ड उनकी और कप्तान शाहिदी की खतरनाक होती भागीदारी को तोड़ अफगानिस्तान को विशाल स्कोर बनाने से रोक ा। अफगानिस्तान का ओमरजई को बल्लेबाजी में नबी से उपर पांचवें नंबर पर भेजने का फैसला सही रहा।

जवाब में कप्तान रोहित शर्मा (131 रन, 84 गेंद, पांच छक्के, 16 चौके) की अपने सलामी जोड़ीदार इशान किशन (47 रन, 47 गेंद, दो छक्के, पांच चौके) की 18.4 ओवर में 156 रन तथा विराट कोहली के साथ मात्र सात ओवर में 49 रन की भागीदारी की बदौलत भारत ने 35 ओवर में मात्र दो विकेट खोकर 273 रन बनाकर मैच जीत लिया। जब रोहित आउट होकर पैवेलिन लौटे तब भारत जीत से मात्र 68 रन दूर था और उसके आठ विकेट बाकी थे। विराट कोहली ने श्रेयस अय्यर के तीसरे विकेट के लिए 68 रन की असमाप्त भागीदारी कर भारत को जिता कर ही दम लिया। विराट ने अजमतुल्लाह उमरजई की गेंद पर सीधा चौका जड़ भारत को 15 ओवर के बाकी रहते आठ विकेट से जीत दिला दी। विराट 56 गेंद खेल कर 55 और श्रेयस अय्यर 23 गेंद एक चौके और एक छक्के की मदद से 25 रन बनाकर नॉटआउट रहे। लेग स्पिनर राशिद खान (2/57) अफगानिस्तान के सबसे कामयाब गेंदबाज रहे।



इशान किशन ने लेग स्पिनर राशिद खान की गेंद को हड़बड़ी में खेलने की कोशिश में कवर में नबी को आसान सा कैच थमा पैवेलियन लौटे और भारत ने अपना पहला 156 पर खोया। राशिद ने अपने पहले स्पैल में बेशक इशान का विकेट चटकाया लेकिन इसके पांचवें ओवर में उनकी भारत के कप्तान रोहित ने खूब धुनाई कर पहले चौका और छक्का जड़ा 15 रन बटोरे। रोहित शर्मा ने राशिद खान की फ्लिपर को स्वीप करने की कोशिश की और गेंद उनका विकेट उड़ा दे गई। कप्तान रोहित शर्मा ने फिरोजशाह कोटला की सपाट पिच पर अफगानिस्तान के बाएं हाथ के रफ्तार के सौदागर को स्पिनर को खेलने के अंदाज में चहलकदमी कर चौके और छक्के जड़ यहां अरुण जेटली स्टेडियम में मौजूदा 40 हजार से ज्यादा की तादाद में मौजूदगी दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। भारत ने अपने 100 मात्र 11.5 ओवरों में और 200 रन 24.2 ओवर में पूरे किए। इसके अगले ओवर में भारत के स्कोर में पांच रन ही और जुड़े कि उसने कप्तान रोहित के रूप में उसका अपना दूसरा विकेट 205 रन पर गंवाया। रोहित ने अपने सलामी जोड़ीदार इशान किशन के साथ 10 ओवर के पहले पॉवरप्ले में ही 94 रन जोड़ कर अफगानिस्तान के गेंदबाजों की जमकर धुनाई कर उनके हौसले तोड़ दिए और इसमें खुद रोहित का योगदान 71 रन और इशान का मात्र 11 रन का था। भारत ने सातवें से दसवें ओवर में रोहित ने अपना अर्द्धशतक मात्र 30 गेंदों में दो छक्कों और सात चौकों की मदद से पूरा किया। रोहित ने इशान किशन के साथ शतकीय भागीदारी मात्र 71 गेंदों में पूरी की और इसमें खुद रोहित का योगदान 79 और इशान 12 रन पर थे।

इससे पहले भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने अपने चौथे ओवर की चौथी गेंद पर अफगानिस्तान के सलामी बल्लेबाज इब्राहिम जादरान (22 रन, 28 गेंद, चार चौके) को आउट कर भारत के पहली कामयाबी दिलाने के बाद मारधाड़ वाले ओवरों में अपने दूसरे स्पैल में नजीबुल्लाह जादरान(2) को विराट कोहली के हाथों और इससे अगले ओवर में मोहम्मद नबी (19 रन, एक चौका , 27 गेंद) को एलबीडब्ल्यू आउट और फिर अपने दसवें व अंतिम तथा पारी के अंतिम पूर्व की पहली गेंद पर खतरनाक होते दिखे राशिद खान (16 रन, 12 गेंद, एक चौका, एक छक्का) पर स्वीपर कवर पर कुलदीप यादव के हाथों लपकवाया। दरअसल जडेजा और कुलदीप दोनों ही राशिद के कैच के लिए दौड़े लेकिन अंतत कुलदीप ने अपने दूसरे प्रयास में गेंद को लपकने में कोई गलती नहीं जमकर खेल रहे अफगानिस्तान के कप्तान हशमतुल्लाह शाहिदी को बाएं हाथ के लेग स्पिनर कुलदीप यादव (1/40) ने रिवर्स स्वीप करने पर मजबूर कर एलबीडब्ल्यू आउट किया। शार्दूल ठाकुर ने रहमत शाह (16) को एलबीडब्ल्यू आउट किया। बर्डथे बॉय हार्दिक पांडया ने अपने दूसरे स्पैल के पहले ओवर में चतुर गति परिवर्तन से तूफानी अंदाज पकड़ चुके ओमरजई (62 रन, 69गेंद, चार छक्के, दो चौके )को धीमी गेंद से छकाया और गेंद उनके बल्ले को छका कर उनका ऑफ स्टंप उड़ा ले गई और इसके साथ ही उनके कप्तान हशमतुल्लाह के साथ खतरनाक होती भागीदारी के 35 ओवर में टूटने से अफगानिस्तान का स्कोर चार विकेट पर 184 रन हो गया। कप्तान हशमतुल्लाह शाहिदी ने पहले हार्दिक की गेंद को स्लैश कर चौका जड़ अपना अर्द्धशतक 57 गेंद खेल कर चार चौकों की मदद से पूरा किया और इससे ठीक पहले उन्होंने एक रन जोड़ कर ओमरजई के साथ शतकीय भागीदारी पूरी की थी। बर्थडे बॉय भारत के उपकप्तान हार्दिक पांडया के तीसरे ओवर में तेज बाउंसर को हुक करने की कोशिश में रहमतुल्लाह गुरबाज (21 रन, 28 गेंद, एक छक्का, तीन चौके) ने हुक करने की कोशिश की इस पर डीप फाइन लेग पर मैदान से बाहरी गेंद को शार्दूल ठाकुर ने लपका वापस भीतर मैदान की ओर उछाल शानदार कैच लपक कर अफगानिस्तान का स्कोर 12.4 ओवर में दो विकेट पर 63 रन कर दिया। गुरबाज ने आउट होने से पहले अफगानिस्तान की पारी का पहला छक्का शार्दूल के पहले ओवर में जड़ा था।

# सिंधु आर्कटिक ओपन के क्वार्टरफाइनल में पहुंची



**वांटा।** भारतीय शटलर पीवी सिंधु गुरुवार को आर्कटिक ओपन 2023 बैडमिंटन के राउंड ऑफ में 16 के महिला एकल मुकाबले में चीनी ताइपे की वेन ची सू को हराकर क्वार्टरफाइनल में पहुंच गयी है। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु आज यहां खेले गये राउंड ऑफ 16 के महिला एकल मुक़ाबले में विश्व की 22वें नंबर की शटलर चीनी ताइपे की वेन ची सू को 21-11, 21-10 से हराकर क्वार्टरफाइनल में पहुंच गई। बैडमिंटन में 13वीं वरीयता प्राप्त पीवी सिंधु ने शुरुआती मिनटों में ही चीनी ताइपे के खिलाफ बढ़त हासिल कर ली और अपने दबदबे को बरक़रार रखते हुए बैक-टू-बैक प्वाइंट अपने नाम करते हुए 21-11 से पहला गेम जीत लिया। दूसरे गेम में पीवी सिंधु आत्मविश्वास से लबरेज़ नज़र आईं और एकतरफ़ा गेम में वेन ची सू को 21-10 से हराकर बीडब्ल्युएफ सुपर 500 टूर्नामेंट का यह प्री-क्वार्टरफाइनल मुक़ाबला जीत लिया। उल्लेखनीय है कि इन दोनों खिलाड़ियों का सामना एशियन खेल 2023 के राउंड ऑफ 32 में हुआ था, जहां भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी ने सीधे गेम में जीत हासिल की थी। पीवी सिंधु ने इससे पहले राउंड ऑफ 32 मैच में नोज़ोमी ओकुहारा को हराकर अगले राउंड में जगह बनाई थी। वहीं, दिन के अन्य मुक़ाबले में तनीषा क्रास्टो और अश्विनी पोनप्पा की जोड़ी भी अपने मुक़ाबले के लिए कोर्ट पर नज़र आएगी।


**इंडियन बैंक Indian Bank**

**इलाहाबाद ALLAHABAD**

## कब्जा नोटिस (अचल सम्पत्ति के लिए)

(Under Rule-8(1) of Security Interest (Enforcement) Rules- 2002)

सेक्यूरीटाइजेशन एण्ड रिकंस्ट्रक्शन ऑफ फाइनेनशियल असेटेस एण्ड एनफोर्समेंट ऑफ सेक्यूरिटी इंटरेस्ट एक्ट, 2002 के नियम– 8 और 9 के साथ पठित धारा 13(12) के तहत् प्रदत्त अधिकारों के प्रयोग के तहत् इंडियन बैंक (ई–इलाहाबाद बैंक) के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में अधोहस्ताक्षरी ने निम्नलिखित उधारकर्ता/जमानतदार को डिमांड नोटिस, नोटिस में दर्शाई राशि, उक्त नोटिस की प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर अदा करने के लिए जारी किया गया।

उधारकर्ता द्वारा राशि अदायगी में असफल रहने पर एतद् द्वारा उधारकर्ता और जनसामान्य को यह सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियम के नियम– 8 और 9 के साथ पठित उक्त एक्ट के द्वारा 13(4) के तहत् उन्हें प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए यहाँ नीचे वर्णित सम्पत्ति का कब्जा निम्नांकित दिनांक को ले लिया है।

विशेष रूप से निम्नलिखित उधारकर्ता/जमानतदार और सामान्य रूप से जनता को एतद् द्वारा चेतावनी दी जाती है कि इस सम्पत्ति से संबंधित कोई लेन–देन नहीं करें और निम्नलिखित सम्पत्ति से संबंधित किसी भी प्रकार का लेन–देन इस पर वर्णित बकाया राशि के लिए इंडियन बैंक (ई–इलाहाबाद बैंक) की संबंधित शाखा के निर्मित प्रभार के अध्याधीन होगा।

| क्र. | शाखा का नाम | ऋणी एवं बंधककर्ता एवं जमानतदारका नाम एवं पता | संपत्ति का विवरण | मांग सूचना का दिनांक | कब्जा दिनांक | देय राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कटनी मेन | **ऋणी/बंधककर्ता– (1) श्रीमति साधना कनोजिया पत्नि श्री गिरधारी लाल कनोजिया,** 117, कन्हवारा, ग्राम– कन्हवारा, तहसील– कटनी, जिला– कटनी (म.प्र.)– 483501<br>**सह– ऋणी– (2) श्री गिरधारी लाल कनोजिया पिता श्री बुद्धदेव कनोजिया,** 117, कन्हवारा, ग्राम– कन्हवारा, तहसील– कटनी, जिला– कटनी (म.प्र.)– 483501<br>**जमानतदार– (3) श्री विक्रम सिंह पटेल पिता श्री राम मिलन पटेल,** कन्हवारा, ग्राम– कन्हवारा, पोस्ट– कन्हवारा, तहसील– कटनी, जिला– कटनी (म.प्र.)– 483501 | सम्पत्ति के सभी भू– भाग भूमि एवं बिल्डिंग, सम्पत्ति स्वामी– श्रीमति साधना कनोजिया पत्नि श्री गिरधारी लाल कनोजिया, स्थित खसरा नं. 723, एरिया– 0.08 हेक्टे. एवं खसरा नं. 724, एरिया– 0.06 हेक्टे. कुल एरिया– 0.14 हेक्टे. या 15069.47 वर्गफुट (डायवर्टेड 5000 वर्गफुट में से) स्थित मौजा– कन्हवारा, एन.बी.– 50, प.ह.नं.– 37, आर.आई. सर्किल– मुड़वारा, तहसील एवं जिला कटनी (सेल डीड नं. 5498 दिनांक 31.12.2008, वॉल्यूम नं. 5940, पेज नं. 35 से 38), भूमि का आयाम– उत्तर से दक्षिण– 68 फुट, पूर्व से पश्चिम– 73 फुट। चतुर्सीमाः उत्तर– शंकर की भूमि, दक्षिण– कोरी की भूमि, पूर्व– आदिवासी की भूमि, पश्चिम– ज्ञानी की भूमि। | 06/05/2023 | 09/10/2023 | रू. 9,83,713.83 + बाद का ब्याज और अन्य व्यय |
| 2 | रामपुर बघेलान | **ऋणी– मेसर्स कुंजल सिंह एवं कं. (भागेदारी सोच) प्रतिनिधित्व पार्टनर्स निवेन्द्र सिंह पिता श्री सुरेन्द्र सिंह एवं श्री असेन्द्र सिंह पिता श्री वीरेन्द्र सिंह**<br>**पार्टनर/जमानतदार– (1) श्री निवेन्द्र सिंह पिता श्री सुरेन्द्र सिंह,** अगरोहा विला, कटनी रोड, मैहर, जिला सतना (म.प्र.)<br>**पार्टनर/जमानतदार– (2) श्री असेन्द्र सिंह पिता श्री वीरेन्द्र सिंह,** मकान नं. 244, वार्ड नं. 20, सिन्धी कैम्प, सतना (म.प्र.)– 485001<br>**जमानतदार/बंधककर्ता– (3) श्री महेश सिंह पिता श्री कुंजल सिंह,** 676, बिहाटा, ग्राम– बिहाटा, तहसील– उचहेरा, जिला सतना (म.प्र.)– 485661<br>**जमानतदार/बंधककर्ता– (4) श्री नरेन्द्र सिंह पिता श्री कुंजल सिंह,** 676, बिहाटा, ग्राम– बिहाटा, तहसील– उचहेरा, जिला सतना (म.प्र.)– 485661<br>**जमानतदार/बंधककर्ता– (5) श्री वीरेन्द्र सिंह पिता श्री कुंजल सिंह,** 676, बिहाटा, ग्राम– बिहाटा, तहसील– उचहेरा, जिला सतना (म.प्र.)– 485661<br>**जमानतदार/बंधककर्ता– (6) श्री सुरेन्द्र सिंह पिता श्री कुंजल सिंह,** 676, बिहाटा, ग्राम– बिहाटा, तहसील– उचहेरा, जिला सतना (म.प्र.)– 485661<br>**जमानतदार/बंधककर्ता– (7) श्री मन सिंह पिता श्री कुंजल सिंह,** 676, बिहाटा, ग्राम– बिहाटा, तहसील– उचहेरा, जिला सतना (म.प्र.)– 485661 | अराजी नं. 2069/1 एरिया 0.230 हेक्टे. एवं 2069/3/क एरिया 0.136 हेक्टे. कुल एरिया 0.366 हेक्टे. या 39,422 वर्गफुट भूमि, सम्पत्ति स्थित मौजा– बिहाटा, प.ह.नं. 60, राजस्व निरीक्षक मण्डल– उचहेरा, तहसील– उचहेरा, जिला– सतना। सम्पत्ति स्वामी– श्री महेश सिंह, श्री नरेन्द्र सिंह, श्री वीरेन्द्र सिंह, श्री सुरेन्द्र सिंह एवं श्री मन सिंह सभी के पिता श्री कुंजल सिंह। चतुर्सीमाः उत्तर– रामसुजान सिंह की भूमि, दक्षिण– बायीं तरफ अप्रोच पैसेज सम्पत्ति स्वामी (स्वयं) के द्वारा घोषित, पूर्व– ज्वाइंट अराजी या सम्पत्ति स्वामी की अराजी, पश्चिम– शासकीय भूमि पर बने अन्य मकान अप्रोच पैसेज से जुड़े हुए। | 03/08/2023 | 10/10/2023 | रू. 49,49,894.60 + बाद का ब्याज और अन्य व्यय |

दिनांक: 13/10/2023, स्थान– सतना — प्राधिकृत अधिकारी, इंडियन बैंक


# ब्लैकबेरीज ने एशियाई पैरा गेम्स पैरालंपिक समिति के साथ की साझेदारी

**नई दिल्ली।** ब्लैकबेरीज़ इस महीने के अंत में चीन के हांगझोऊ में होने वाले आगामी चौथे एशियाई पैरा खेलों के लिए आधिकारिक औपचारिक भागीदार के रूप में भारत की पैरालंपिक समिति (पीसीआई) के साथ साझेदारी की है।

भारत की पैरालंपिक समिति के महासचिव श्री गुरशरण सिंह ने कहा कि भारत की पैरालंपिक समिति (पीसीआई) में हमारा प्रमुख मिशन पैरा-स्पोर्ट्स में समावेशन और उत्कृष्टता को बढ़ावा देना है। ब्लैकबेरीज़ के आगे बढ़ते रहो की भावना के साथ मेल खाते हुए, यह साझेदारी दृढ़ संकल्प, लचीलेपन और उत्कृष्टता की निरंतर खोज के प्रति हमारी साझा प्रतिबद्धता का उदाहरण है। यह हमारे पैरा-एथलीटों की क्षमता में हमारे अटूट विश्वास को दर्शाता है और अपने उत्पाद नवाचार और फिट के माध्यम से व्यक्तियों को आगे बढ़ते रहो के लिए ब्लैकबेरीज की प्रेरणा को प्रतिबिंबित करता है। यह सफल सहयोग खेल भावना और उपलब्धि के प्रति हमारे सामूहिक समर्पण का प्रतीक है, जो टीम इंडिया को एशियाई पैरा खेलों में जीत के लिए प्रेरित करता है। चौथे एशियाई पैरा गेम्स में टीम



इंडिया 17 खेलों में भाग लेगी। भारतीय दल तीरंदाजी, एथलेटिक्स, बैडमिंटन, ब्लाइंड फुटबॉल, बोकिया, कैनो, शतरंज, साइकिलिंग, जूडो, लॉन बॉल, पावर लिफ्टिंग, रोइंग, शूटिंग, तैराकी, टेबल टेनिस, ताइक्वांडो और व्हीलचेयर फेंसिंग सहित कई श्रेणियों में प्रतिस्पर्धा करेगा। इस दौरान श्री सत्यनारायण, अध्यक्ष पैरा एथलेटिक्स, श्री राहुल स्वामी, उप प्रमुख डे मिशन, श्री निखिल मोहन-सह-संस्थापक और ब्लैकबेरीज़ के निदेशक, श्री राजेश सेथुरमन उपाध्यक्ष-ब्लैकबेरीज़ आदि लोग मौजूद थे।

# भारत शुरुआती फुटबॉल मैच में मलेशिया को चौंका सकता है : स्टिमैक

**कुआलालंपुर।** भारतीय फुटबॉल टीम पेस्टाबोला मर्डेका टूर्नामेंट के शुक्रवार को होने वाले शुरुआती मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करते हुए मेजबान मलेशिया को चौंकाने का प्रयास करेगी।

भारत के मुख्य कोच इगोर स्टिमैक ने कुआलालंपुर के बुकिट जलील स्टेडियम में होने वाले मैच की पूर्व संध्या पर कहा, हम पिछले कुछ महीनों में मलेशिया के अच्छे प्रदर्शन के बारे में पता हैं। उनके पास एक अच्छा कोच और कुछ अद्भुत घरेलू खिलाड़ी हैं, जिन्हें स्वाभाविक खिलाड़ियों का बहुत अच्छा समर्थन प्राप्त है, इस समय टीम में काफी स्थिर है। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के सूत्रों ने बताया कि मलेशिया ने इस वर्ष अब तक नौ अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं और जिनमें से छह में जीत, दो ड्रॉ रहे और एक हार का सामना करना पड़ा है। भारतीय कोच स्टिमैच ने कहा, मेरा मानना है कि इससे पहले गेम में मलेशिया को फायदा होगा। जाहिर है वे अपने घरेलू मैदान पर हैं और उन्होंने यहां अच्छा प्रदर्शन किया है, लेकिन हम यहां उनके खिलाफ कुछ आश्चर्यजनक करने के लिए आए हैं।

उन्होंने कहा, उनके पास एक बहुत ही स्थिर, प्रतिस्पर्धी पक्ष है और उन्हें इस बात का स्पष्ट विचार है कि उन्हें मैदान पर क्या करने की आवश्यकता है। हम भी ऐसी ही स्थिति में हैं, लेकिन 90 हजार समर्थकों के साथ और घर से दूर हमारा रिकॉर्ड, जो उतना अच्छा नहीं रहा है, इससे मलेशिया को फायदा होगा। भारत पेस्टाबोला मर्डेका के पीछे की विरासत और इतिहास से अच्छी तरह परिचित है, उसने 17 बार यह टूर्नामेंट खेला है। हालाँकि भारतीय टीम की नज़र अगले महीने कुवैत और कतर के खिलाफ फीफा विश्व कप क्वालीफायर पर भी है।

स्टिमैक ने कहा, हम इस टूर्नामेंट के इतिहास और महत्व के बारे में जानते हैं और हम दो मैच जीतने और पहली बार ट्रॉफी उठाने के लिए हर संभव कोशिश करेंगे, लेकिन हमें आगे आने वाली चुनौतियों के प्रति भी सचेत रहने की जरूरत है। उन्होंने कहा, यह बहुत महत्वपूर्ण है कि हम कोई भी चोट का जोखिम न उठाएं, क्योंकि नवंबर में हमारे पास दो बहुत महत्वपूर्ण विश्व कप क्वालीफायर आने वाले हैं।

उन्होंने कहा, विश्व कप क्वालीफायर के ड्रा के पॉट 2 में होने के कारण, हमारे पास पहली बार राउंड 3 में जगह बनाने का बहुत अच्छा मौका है, और यह हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण है। भारत के मुख्य कोच ने पिछले कुछ महीनों में ट्राइ-नेशन कप, इंटरकांटिनेंटल कप और एसएएफएफ चैम्पियनशिप के दौरान लगातार तीन खिताब जीतने के लिए अपने खिलाड़ियों की सामूहिक टीम भावना की भी सराहना की।

उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि हमारी टीम की ताकत और एकता मलेशिया के खिलाफ हमारे लिए फायदेमंद होगी। हमने कुछ बेहद प्रतिस्पर्धी टूर्नामेंट खेले हैं और साबित किया है कि हम आगे बढ़ रहे हैं। हमने घरेलू मैदान पर तीन टूर्नामेंट जीते हैं और अब हमारे लिए घर से बाहर अपना रिकॉर्ड सुधारने का समय आ गया है। भारत के सेंटरबैक संदेश झिंगन मलेशिया के खिलाफ पहले मैच की गिनती कर रहे हैं, एक ऐसा देश जो एक तरह से उनके प्रारंभिक वर्षों के दौरान उनके लिए विशेष है। उन्होंने कहा, मलेशिया पहला देश था जहाँ मैं स्कूल के दिनों में फुटबॉल खेलने गया था, इसलिए वह स्मृति मेरे लिए हमेशा विशेष रहेगी।

## सार संक्षेप

### बांग्लादेश के खिलाफ अपनी वापसी को लेकर केन विलियमसन ने जाहिर की खुशी

**चेन्नई।** न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियमसन ने कहा कि वह एसीएल की चोट से उबरने के बाद शुक्रवार को एमए चिदंबरम स्टेडियम में बांग्लादेश के खिलाफ विश्व कप में अपने पहले मुकाबले के लिए उत्साहित हैं। आईपीएल 2023 के शुरुआती मैच में फील्डिंग करते समय विलियमसन के दाहिने घुटने में एसीएल टूटने के बाद वो पूरे टूर्नामेंट से बाहर हो गए थे, जिसके बाद उनकी सर्जरी भी हुई। तब से वो टीम से बाहर हैं, हालांकि उन्होंने एक बल्लेबाज के रूप में न्यूजीलैंड के लिए वार्म-अप मैच खेला था और शानदार अर्धशतक भी जड़ा। मगर, वो वर्ल्ड कप में इंग्लैंड और नीदरलैंड के खिलाफ न्यूजीलैंड के मैचों में नहीं खेल पाए, लेकिन विलियमसन बांग्लादेश के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी के लिए पूरी तरह तैयार हैं। विलियमसन ने प्री-मैच प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, जहां तक मेरी रिकवरी की बात है तो यह काफी लंबी यात्रा रही है लेकिन काफी हद तक अच्छी रही है। मैंने कई बार कहा है कि विश्व कप टीम में नामित होने के लिए वास्तव में बहुत उत्साहित हूं।

### टेनिस सुपरस्टारों में से ओसाका की ऑस्ट्रेलियन ओपन 2024 में वापसी की प्रबल संभावना

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलियन ओपन (एओ) के आयोजकों ने घोषणा की है कि 2024 की शुरुआत में कई सुपरस्टार मेलबर्न पार्क में वापसी करने के लिए तैयार हैं, जिसमें पूर्व चैंपियन नाओमी ओसाका भी शामिल हैं। गुरुवार को एओ द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, मातृत्व अवकाश के बाद, एओ महिला एकल चैंपियन - ओसाका, एंजेलिक कर्बर और कैरोलिन वोज्नियाकी की तिकड़ी कोर्ट में विजयी वापसी की योजना बना रही है और संभावित रूप से नव स्थापित खिलाड़ियों को परेशान कर सकती है। ऑस्ट्रेलियन ओपन टूर्नामेंट के निदेशक क्रेग टिली ने टिप्पणी की, हमें इन अद्भुत महिलाओं, नाओमी, एंजी और कैरोलिन का वापस स्वागत करते हुए खुशी हो रही है।

## सुडोकू 6345 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 8 | 3 | 1 | 9 | 7 | 4 | 2 | 5 |
| 7 | 2 | 4 | 8 | 3 | 5 | 9 | 1 | 6 |
| 1 | 5 | 9 | 6 | 2 | 4 | 7 | 8 | 3 |
| 2 | 1 | 7 | 5 | 8 | 6 | 3 | 9 | 4 |
| 3 | 4 | 6 | 7 | 1 | 9 | 2 | 5 | 8 |
| 8 | 9 | 5 | 2 | 4 | 3 | 1 | 6 | 7 |
| 9 | 3 | 8 | 4 | 5 | 1 | 6 | 7 | 2 |
| 4 | 7 | 2 | 9 | 6 | 8 | 5 | 3 | 1 |
| 5 | 6 | 1 | 3 | 7 | 2 | 8 | 4 | 9 |

SENSEX BSE 66408.39 ▼ 65.00 | 19794. 00 ▼ 17.35 | MCX Gold 58092 ▲ 152 | silver 69805 ▲ 379



# [ अर्थ जगत ]

## रुपया चार पैसे की बढ़त के साथ 83.14 प्रति डॉलर पर बंद

**मुंबई।** कच्चे तेल की कीमतों में नरमी और कमजोर अमेरिकी मुद्रा के बीच शुरुआती कारोबार में बृहस्पतिवार को रुपया चार पैसे की बढ़त के साथ 83.14 पर रहा। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि हालांकि विदेशी निवेशकों की बिकवाली के दबाव से भारतीय मुद्रा की बढ़त सीमित रही। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 83.17 पर खुला। फिर 83.13 से 83.17 प्रति डॉलर के बीच कारोबार करने के बाद 83.14 प्रति डॉलर पर पहुंच गया, जो पिछले बंद स्तर की तुलना में चार पैसे की बढ़त है। बुधवार को रुपया 83.18 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था।



## हीरो मोटोकॉर्प के चेयरमैन पवन मुंजाल को दिल्ली हाईकोर्ट से राहत



**नई दिल्ली।** ऑटोमोबाइल दिग्गज हीरो मोटोकॉर्प के चेयरमैन पवन मुंजाल को दिल्ली हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। दिल्ली हाईकोर्ट ने कथित बिल जालसाजी मामले में पवन मुंजाल और अधिकारियों के खिलाफ दायर एफआईआर की प्रोसिडिंग पर 6 दिसंबर तक रोक लगा दी है। हाल ही में दिल्ली पुलिस ने एक शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज की थी। इसमें हीरो मोटोकॉर्प के कुछ अधिकारियों पर जालसाजी, खातों में हेराफेरी, आपराधिक साजिश और धोखाधड़ी का आरोप लगाया गया है। बीते दिनों इस एफआईआर के बाद कंपनी ने शेयर बाजार को विस्तार से जानकारी दी थी। कंपनी ने बताया था कि यह वर्ष 2009-10 का ब्रेन्स लॉजिस्टिक्स प्राइवेट लिमिटेड से जुड़ा मामला है। शिकायतकर्ता ने शिकायत में कंपनी के अधिकारियों का जिक्र तो किया है लेकिन एफआईआर में किसी अधिकारी का नाम नहीं लिया गया है। साल 2013 में हीरो मोटोकॉर्प ने भी उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी और मामला अदालत में चल रहा है। बीते कुछ समय से पवन मुंजाल और हीरो मोटोकॉर्प की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं।

# इजरायल-हमास की लड़ाई से टेलिकॉम कंपनियों को लग सकती है 2,500 करोड़ की चपत

*__नई दिल्ली।__ इजरायल और फिलीस्तीनी आतंकी गुट हमास के बीच लड़ाई से भारत को 2,500 करोड़ रुपये की चपत लग सकती है। इस संघर्ष के कारण इम्पोर्टेड 5जी नेटवर्क गेयर की कीमत में 2,000 से 2,500 करोड़ रुपये तक की बढ़ोतरी हो सकती है। साथ ही टेलिकॉम कंपनियों की 5जी रोलआउट की योजना में देरी हो सकती है।*




अभी देश के कुछ ही शहरों में यह सेवा शुरू हो पाई है। अगर इजरायल और हमास की लड़ाई लंबी खिंचती है तो इससे डॉलर के मुकाबले रुपये की कीमत में तीन–चार फीसदी गिरावट आ सकती है। ऐसी स्थिति में टेलिकॉम कंपनियों की विदेशी कर्ज की चुकाने की लागत भी बढ़ जाएगी और आने वाली तिमाहियों में उनका प्रॉफिट प्रभावित हो सकता है।


जानकारों के मुताबिक लोकल फोन नेटवर्क में इस्तेमाल होने वाले करीब 67 परसेंट टेलिकॉम गेयर विदेशों से मंगाए जाते हैं। इन्हें सप्लाई करने वाली प्रमुख कंपनियां एरिक्सन, नोकिया और सैमसंग हैं। रिलायंस जियो, भारती एयरटेल और वोडाफोन आइडिया हर साल सात अरब डॉलर यानी 58,000 करोड़ रुपये के टेलिकॉम गेयर इम्पोर्ट करती हैं। इसमें दूसरे देश भी शामिल होते हैं तो डॉलर के मुकाबले रुपये में तीन से चार परसेंट की गिरावट आ सकती है। इससे टेलिकॉम कंपनियों के लिए 5जी नेटवर्क के गेयर का आयात महंगा हो जाएगा। देश में घरेलू नेटवर्क में इस्तेमाल होने वाले दो-तिहाई गेयर का अब भी आयात किया जाता है। जियो ने चार अरब डॉलर के नेटवर्क गेयर खरीदने के लिए हाल में विदेश में कर्ज जुटाया है जबकि एयरटेल 5जी रोल आउट पर सालाना करीब 3.5 अरब डॉलर खर्च कर रही है। इजरायल के पास है दुनिया का सबसे मजबूत सुरक्षा कवच, 3 लाख करोड़ रुपये की लागत से किया गया था तैयार

**कितना है आयात**

जानकारों ने कहा कि इजरायल और हमास की लड़ाई के कारण अब तक रुपये की कीमत में कोई खास गिरावट नहीं आई है। लेकिन अगर लड़ाई लंबी चलती है और

# आवक के दबाव में लुढ़के सोयाबीन के भाव

*__नई दिल्ली।__ मंडियों में सोयाबीन की नई आवक शुरू हो चुकी है। मंडियों में पुरानी सोयाबीन भी खूब आ रही है। आवक के दबाव में सोयाबीन के भाव महीने भर से गिर रहे हैं। अब यह न्यूनतम समर्थन मूल्य से नीचे बिक रहा है। आगे आवक और बढ़ने की संभावना है। ऐसे में सोयाबीन की कीमतों में नरमी जारी रह सकती है।*



मंडियों में इस महीने आवक में भारी इजाफा देखने को मिल रहा है। मंडियों में आवक व कीमतों के आंकड़े रखने वाली सरकारी एजेंसी एग्मार्कनेट के आंकड़ों के मुताबिक इस महीने अब तक मंडियों में 3.96 लाख टन सोयाबीन की आवक हो चुकी है, पिछली समान अवधि में यह आंकड़ा 2.38 लाख टन था। इस तरह इस महीने के 11 दिन में सोयाबीन की आवक में करीब 66 फीसदी इजाफा हुआ है। प्रमुख उत्पादक राज्यों में मध्य प्रदेश में आवक 66 फीसदी बढ़कर 2.67 लाख टन, महाराष्ट्र में करीब 40 फीसदी बढ़कर करीब 40 हजार टन और राजस्थान में आवक दोगुनी बढ़कर करीब 70 हजार टन हो चुका है। **तेजी से गिर रहे हैं सोयाबीन के भाव**- एक कमोडिटी एक्सपर्ट का कहना है कि सोयाबीन की बेंचमार्क मंडी इंदौर में सोयाबीन का आज भाव 4,525 रुपये क्विंटल रहा। बीते दो सप्ताह के दौरान भाव 300 रुपये और महीने भर में भाव 500 रुपये क्विंटल गिर चुके हैं। महाराष्ट्र की लातूर मंडी में भाव 400 रुपये क्विंटल घट चुके हैं। प्रदेश के हरदा जिले के किसान रोहित काशिव कहते हैं कि जिले की मंडियों में किसानों को सोयाबीन के भाव 3,800 से 4,200 रुपये क्विंटल मिल रहे हैं।

# देश में बेरोजगारी दर छह साल में सबसे निचले स्तर पर : प्रधानमंत्री मोदी

*__नयी दिल्ली।__ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था में विस्तार होने से युवाओं के लिए नई संभावनाएं पैदा हो रही हैं और देश में बेरोजगारी दर पिछले छह साल के सबसे निचले स्तर पर आ गई है।*



प्रधानमंत्री ने कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय के कौशल दीक्षांत समारोह में अपने वीडियो संदेश में कहा कि अर्थव्यवस्था का विस्तार होने से युवाओं के लिए नई संभावनाएं पैदा हो रही हैं।

उन्होंने कहा कि भारत में रोजगार सृजन की दर नई ऊंचाई पर पहुंच चुकी है और एक हालिया सर्वेक्षण के मुताबिक इस समय बेरोजगारी दर पिछले छह वर्षों के निम्नतम स्तर पर है। मोदी ने कहा कि देश के ग्रामीण एवं शहरी दोनों ही क्षेत्रों में बेरोजगारी दर बहुत तेजी से घट रही है। उन्होंने कहा कि विकास के लाभ गांवों एवं शहरों दोनों जगह समान रूप से पहुंच रहे हैं और इसकी वजह से गांवों एवं शहरों में समान रूप से नए रोजगार पैदा हो रहे हैं। प्रधानमंत्री ने भारत के कार्यबल में महिलाओं की भागीदारी में अभूतपूर्व वृद्धि का जिक्र करने के साथ ही इसका श्रेय महिला सशक्तिकरण की दिशा में पिछले वर्षों में शुरू की गई योजनाओं और अभियानों को दिया। उन्होंने कहा कि पिछली सरकारों ने कौशल विकास की तरफ ध्यान नहीं दिया। 'हमारी सरकार ने कौशल के महत्व को समझा और इसके लिए एक अलग मंत्रालय बनाया और अलग बजट भी आवंटित किया गया।' मोदी ने लोगों को कुशल बनाने, उनकी दक्षता में सुधार और नई दक्षताओं से लैस करने की अहमियत पर जोर देते हुए कहा कि नौकरियों की तेजी से बदलती मांगों और उनकी प्रकृति पर ध्यान देने तथा उसके हिसाब से कौशल में सुधार की जरूरत है।

मोदी ने कहा कि उद्योग, अनुसंधान और कौशल विकास संस्थानों को मौजूदा समय की जरूरतों के अनुरूप ढलना बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि कौशल विकास को ध्यान में रखते हुए पिछले नौ वर्षों में देश में लगभग 5,000 नए औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) स्थापित किए गए हैं। उन्होंने 'प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना' का उदाहरण देते हुए कहा कि भारत अपने युवाओं को कुशल बनाने में पहले से कहीं अधिक निवेश कर रहा है। इस योजना के तहत अब तक करीब 1.5 करोड़ युवाओं को प्रशिक्षण दिया जा चुका है। मोदी ने कहा कि औद्योगिक संकुलों के पास नए कौशल केंद्र भी स्थापित किए जा रहे हैं। उद्योग इन संस्थानों को कौशल संबंधी अपनी जरूरतों से अवगत कराएंगे जिससे युवा उस दक्षता को हासिल कर बेहतर रोजगार के अवसर हासिल कर पाएंगे। प्रधानमंत्री ने हुनरमंद श्रमशक्ति मुहैया कराने के लिए भारत को दुनिया में कुशल जनशक्ति का सबसे बड़ा केंद्र बनाने पर भी जोर दिया। इसके साथ ही प्रधानमंत्री ने भारत के बारे में अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) के हालिया आंकड़ों का जिक्र करते हुए कहा कि भारत आने वाले वर्षों में सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बना रहेगा।

उन्होंने भारत को दुनिया की तीन बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में पहुंचाने के अपने संकल्प का जिक्र करते हुए कहा कि ऐसा होने से देश में रोजगार और स्वरोजगार के नये अवसर पैदा होंगे। उन्होंने इसका श्रेय देश की युवा आबादी को देते हुए कहा, 'आज पूरी दुनिया इस बात पर विश्वास कर रही है कि यह सदी भारत की सदी होगी।' प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत अपने युवाओं को कौशल और शिक्षा के माध्यम से नए अवसरों का लाभ उठाने के लिए तैयार कर रहा है।

# बिक रही भारी कर्ज में दबी गो फर्स्ट एयरलाइन

## खरीदने के लिए जिंदल पावर ने दिखाई दिलचस्पी

*__नई दिल्ली।__ महीनों से बंद पड़ी एयरलाइन गो फर्स्ट बिक रही है, जिसे खरीदने के लिए जिंदल पावर लिमिटेड सबसे आगे दिख रहा है। गुरुवार को एक रिपोर्ट में कहा गया है कि ग्राउंडेड एयरलाइन गो फर्स्ट को जिंदल पावर लिमिटेड से रुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) मिली है।*




ईओआई किसी भी कंपनी को खरीदने के लिए पहला कदम होता है। ईओआई के बाद बोली प्रक्रिया शुरू की जाएगी। बिना ईओआई फाइल किए कोई भी बोली नहीं लगा सकता है। गो फर्स्ट में निवेश रखने वाले एक पीएसयू बैंक के एक बैंकर ने रॉयटर्स को बताया कि जिंदल पावर एकमात्र सफल आवेदक था, जिसकी ईओआई को बैंकों ने स्वीकार किया है।

**दो और कंपनियां ने किया था अप्लाई-** एक रिपोर्ट के मुताबिक, बिजली उत्पादन कंपनी जल्द ही औपचारिक बोली जमा कर सकती है। ईओआई जमा करने की आखिरी तारीख 28 सितंबर थी. जिंदल के अलावा दो और विदेशी संस्थाओं ने ईओआई जमा किया था, लेकिन कर्जदाताओं द्वारा तय मानदंडों के पूरा करने में विफल रहने के कारण उनके आवेदन को खारिज कर दिया गया था. उसके बाद आवेदनों का आकलन करने के लिए कर्जदाताओं की बैठक की गई थी.

**गो फर्स्ट पर किन बैंकों का कर्ज-** गो फर्स्ट पर सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, बैंक ऑफ बड़ौदा, आईडीबीआई बैंक और डॉयचे बैंक का भारी कर्ज है. एयरलाइन पर इन बैंकों का कर्ज 6,521 करोड़ रुपये है. ऐसे में बैंक इस एयरलाइन की नीलामी से ये कर्ज जुटाने की तैयारी में हैं.

**तीन मई से बंद है उड़ान-** गौरतलब है कि गो फर्स्ट ने फाइनेंशियल दिक्कतों और इंजन संबंधी समस्याओं के कारण तीन मई को ही उड़ान को बंद कर दिया था और दिवालिया समाधान प्रक्रिया से गुजर रही है. जल्द ही दिवालियापन समाधान प्रक्रिया पर फैसला आ सकता है.


## महावर ट्रेडिंग कंपनी, गांधीगंज

फोन- 4067270, 9826035338

प्रति क्विंटल- राहर दाल एवरेज 13000-14000, मीडियम बोल्ड 15000-16000, फाइन 16000-17000, एक्स्ट्रा बोल्ड 17500-18000, चना दाल एवरेज 7500-7800 चना दाल मार्का 7800-8000, मसूर दाल एवरेज 7600-7800, मसूर दाल फाइन 8000-8200, उड़द छिलका 8000-9000, फाइन 9000-10000, उड़द धुली 11000-11500, फाइन 11500-12000, मूंग दाल छिलका 9000-9500, मूंग दाल फाइन 9500-10000, मूंगदाल धुली 10500-11000,फाइन 11000-11500।

चावल - पुराना चावल सरना चालू 3000-3100, बेस्ट 3200-3300, बीपीटी चालू 3400-3500, फाइन 4000-4200,एचएमटी-5000-5200 फाइन-5200-5500 दुबराज भाटापारा 5000-5100, जेजेएल चालू 5200-5300, फाइन 5800-6000, बासमती कनकी चालू 2800-3000, बासमती कनकी मीडियम 3500-3700, बेस्ट 4000-4500, मोगरा-5000-5200, दुबार- 5500-6000, तिबार- 7000-8000, बासमती 9000-10000, बेस्ट 11000-11500 पोहा-4100-4300, फाइन 4300-4400, मुरमुरा-5500-6000, फाइन- 7000-7500, रु.।

## सोहन लाल एण्ड संस

रसल चौक फोन- 9425156095

सोना बुलियन ( प्रति 10 ग्राम ) फाइन भाव-60000 चांदी टंच-71200 चांदी रिफाइन –72100

## दुल्हन श्री आभूषण

कमानिया गेट, सराफा बाजार-

मो. 9425860998,9826307100

सोना बुलियन ( प्रति 10 ग्राम ) फाइन भाव-60000 चांदी टंच-71200 चांदी रिफाइन –72100


# चाय उद्योग गंभीर वित्तीय संकट से गुजर रहा हैः इंडियन टी एसोसिएशन

**नई दिल्ली।** चाय बागान मालिकों के प्रमुख संगठन इंडियन टी एसोसिएशन ने गुरुवार को कहा कि उद्योग गंभीर वित्तीय संकट के दौर से गुजर रहा है और कीमतें बढ़ती उत्पादन लागत के साथ तालमेल नहीं बैठा पा रही हैं। आईटीए ने अपने स्थिति पत्र 'चाय परिदृश्य 2023' में कहा कि पिछले दशक में चाय की कीमतें लगभग चार प्रतिशत की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर से बढ़ी हैं। इस दौरान कोयला और गैस जैसी महत्वपूर्ण चीजों की लागत नौ से 15 प्रतिशत की सीएजीआर से बढ़ी। स्थिति पत्र में कहा गया कि 2022 में चाय निर्यात में सुधार के कुछ संकेत दिखे और यह 23.1 करोड़ किलोग्राम तक पहुंच गया, लेकिन 2023 में जनवरी से जुलाई के बीच इसमें 26.1 लाख किलोग्राम की गिरावट आई। उद्योग जगत ने उच्च निर्यात लागत को कम करने और निर्यातकों को प्रतिस्पर्धी बने रहने में सक्षम बनाने के लिए सरकार से उच्च गुणवत्ता वाली सीटीसी, 'ऑर्थोडॉक्स' और दार्जिलिंग चाय के निर्यात उत्पादों पर शुल्क या करों में छूट की प्रोत्साहन सीमा बढ़ाने पर विचार करने का आग्रह किया है।

# गौतम अदाणी को पीछे छोड़कर मुकेश अंबानी फिर बने नंबर वन, 100 अमीर भारतीयों की सूची जारी



*__नई दिल्ली।__ फोर्ब्स इंडिया ने गुरवार को अपनी 100 भारतीय अमीरों की सूची जारी की। इन अरबपतियों की कुल संपत्ति 799 अरब डॉलर है जो पिछले बाद से कम है। पिछले साल उनकी कुल संपत्ति 800 अरब डॉलर थी।*

फोर्ब्स की ओर से जारी सूची के अनुसार 2022 में दूसरे स्थान पर रहे मुकेश अंबानी ने उस समय टॉप पर रहे टॉपर गौतम अदाणी को दूसरे नंबर पर धकेल दिया है। इस साल की सूची में सबसे ज्यादा फायदा पॉलीकैब इंडिया के इंदर जयसिंघानी को हुआ, उनकी नेटवर्थ 12 महीनों में ही लगभग दोगुनी हो गई है।

# टॉप रईसों की लिस्ट से बाहर हुए बायजूस फाउंडर



एक समय में दिग्गज एड टेक कंपनी रही बायजूस के फाउंडर बायजू रवींद्रन और उनकी पत्नी दिव्या गोकुलनाथ देश के टॉप रईसों की बिरादरी से बाहर हो गए हैं. पहले हुरुन और फिर फोर्ब्स की सबसे अमीर भारतीयों वाली लिस्ट से दोनों बाहर हो गए हैं.पिछले साल उनकी एडटेक दिग्गज कंपनी की वैल्युएशन में भारी गिरावट देखी गई थी. 1.2 बिलियन डॉलर के कर्ज से जूझ रही एड टेक कंपनी अब तक समाधान नहीं निकाल पाई है.

## रुपया के मुकाबले अन्य मुद्राएं

| मुद्रा | रुपया |
|---|---|
| एक अमेरिकी डॉलर | 83.24 |
| एक यूरो | 88.01 |
| एक ब्रिटिश पाउंड | 102.05 |
| एक आस्ट्रेलियन डॉलर | 53.07 |
| एक जापानी येन | 00.55 |


## परफेक्ट हैचरीज एंड पोल्ट्री प्रोडेक्ट इंडिया प्रा. लि.

864 मारुति शोरूम के सामने
फोन- 2412223,9329428085

जिंदा बायलर्स बड़ा- फार्म रेट 106 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स मीडियम- फार्म रेट 116 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स छोटा- फार्म रेट-126 प्रति कि.
जिंदा मुर्गी लेयर कल्स- 75 नेट प्रति किलो
जिंदा काकरेल-मुर्गा- 150 रु. कि लो
(जिंदा थोक फार्म रेट)

## अग्रवाल आयरन ट्रेडर्स

शास्त्री-ब्रिज 4004070, 2402070

भाव प्रति क्विं.- 5.5 एम एम 6900, 6 एम एम 6900, 8 एम एम 6400, 10 एम एम 6250,12 एम एम, 6200 एवं 16 एम 6200 रु.। तार- 78 रु. किलो।


# 2 दिनों की तेजी के बाद बाजार में गिरावट

## आईटी स्टॉक्स में गिरावट, टीसीएस, इंफोसिस और टेक महिंद्रा नीचे फिसला



*__मुंबई।__ दो दिनों के शानदार तेजी के बाद गुरुवार के कारोबार सत्र में भारतीय शेयर बाजार में ऊपरी स्तरों से मुनाफावसूली देखने को मिली है. सुबह बाजार हरे निशान में खुला था लेकिन आईटी सेक्टर के स्टॉक्स में आई बिकवाली के चलते बाजार में गिरावट देखने को मिली.*

आज का कारोबार खत्म होने पर बीएसई सेंसेक्स 65 अंकों की मामूली गिरावट के साथ 66,408 अंकों पर बंद हुआ है जबकि नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 17 अंकों की गिरावट के साथ 19,794 अंकों पर बंद हुआ है. आज के ट्रेड में बैंकिंग, ऑटो, एफएमसीजी, मेटल्स, एनर्जी, मीडिया, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स और हेल्थकेयर के शेयरों में तेजी रही. जबकि आईटी और रियल एस्टेट सेक्टर के स्टॉक्स में गिरावट देखने को मिली है. आज के ट्रेड में मिड कैप और स्मॉल कैप स्टॉक्स में भी तेजी रही. सेंसेक्स के 30 शेयरों में 16 शेयर तेजी के साथ और 14 गिरावट के साथ बंद हुए. जबकि निफ्टी के 50 शेयरों में 30 शेयर तेजी के साथ और 20 गिरावट के साथ बंद हुए. शेयर बाजार के गिरावट के साथ बंद होने के बावजूद निवेशकों की संपत्ति में बढ़ोतरी देखने को मिली है. आज के ट्रेड में बीएसई पर लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन 322.08 लाख करोड़ रुपये पर जा पहुंचा है जो एक दिन पहले के सत्र में 321.61 लाख करोड़ रुपये रहा था. आज के ट्रेड में निवेशकों की संपत्ति में 47,000 करोड़ रुपये का उछाल देखने को मिला है. आज के ट्रेड में मारुति सुजुकी 1.68 फीसदी, एनटीपीसी 1.47 फीसदी, पावर ग्रिड 1.39 फीसदी, जेएसडब्ल्यू स्टील 0.92 फीसदी, एचडीएफसी बैंक 0.80 फीसदी टाटा स्टील 0.72 फीसदी की तेजी के साथ बंद हुआ है. जबकि टेक महिंद्रा 2.57 फीसदी, टीसीएस 1.78 फीसदी, एचसीएल टेक 1.69 फीसदी, इंफोसिस 1.59 फीसदी की गिरावट के साथ बंद हुआ है.

# चाईल्डहुड ने कैंसर के लिए साझा केयर जिला जागरुकता अभियान मध्य प्रदेश में शुरू किया

*__भोपाल।__ नेशनल सोसायटी फॉर चाईल्डहुड कैंसर इन इंडिया कैनकिड्स किड्सकैन ने मध्य प्रदेश के 52 जिलों में अपनी पहुँच व प्रभाव बढ़ाने के लिए अपने नए अभियान की घोषणा की है। ''पहचान, निदान, और रिफर करने के उद्देश्य के साथ यह अभियान क्षेत्र में चाईल्डहुड कैंसर से लड़ने के लिए ठोस समाधान प्रदान करेगा। यह घोषणा भोपाल में स्वास्थ्य मंत्री, डॉ. प्रभुराम चौधरी, मध्य प्रदेश सरकार द्वारा हाल ही में राज्य केयर समन्वय केंद्र और होम अवे फ्रॉम होम के लोकार्पण के बाद की गई, जिसकी स्थापना कैनकिड्स किड्सकैन द्वारा की गई है।*

कैनकिड्स का मानना है कि प्राथमिक हैल्थ केयर, जिला और तृतीयक कैंसर केंद्रों सहित हर स्तर पर काम करते हुए साझाकरण (सरकार, अस्पतालों, नागरिक समाज और समुदायों के सामूहिक प्रयास) से मध्य प्रदेश में कैंसर पीड़ित बच्चों को सही इलाज के लिए सहयोग और केयर उपलब्ध होगी। उन्हें कहां जाना है, समय पर निदान और इलाज कैसे कराना है, साझा केयर और लगातार केयर कैसे पाना है, इस बारे में उचित जानकारी प्राप्त होगी। इस अभियान के बारे में मिस पूनम बगई, चेयरमैन, कैनकिड्स किड्सकैन ने कहा, ''हमारा मानना है कि 'पहचान, निदान और रिफर करने' का हमारा दृष्टिकोण चाईल्डहुड कैंसर से निपटने का सबसे प्रभावशाली तरीका है। सरकारी एजेंसियों, हैल्थकेयर प्रोफेशनल्स, और समुदाय की मदद से हम मध्य प्रदेश के सभी जिलों में कैंसर से पीड़ित बच्चों के जीवन में परिवर्तन लाना चाहते हैं। हम मिलकर यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि कोई भी बच्चा जरूरी केयर से छूटा न रह जाए।'' पूरे राज्य में जागरुकता, पहुँच और साझा केयर सुनिश्चित करने के लिए कैनकिड्स किड्सकैन 5 बड़े चाईल्डहुड कैंसर संभागों (भोपाल, ग्वालियर, इंदौर, जबलपुर, और रीवा) के माध्यम से 52 जिलों में काम करेगा।


## देशबन्धु ग्राहक सेवा



रेमण्ड से ट्रेनिंग प्राप्त फ्यूजिंग सूट, ट्राउजर शर्ट स्पेशलिस्ट

**टेलर्स वारिस**

शॉप नं. 3 आनंद टॉकीज शॉपिंग काम्पलेक्स, जबलपुर फोन: 2405596

मो.-9424392281, 9425152707

देग्रासे सी 30/7/2022

100 प्रतिशत गारन्टेड इलाज

क्या आपको गुप्त रोग है। अंडकोष, बवासीर, सेक्स से संबंधित रोगों के स्थायी इलाज के लिए मिलें

बिना ऑपरेशन

**डॉ. विश्वास**

राइट टाउन, प्रेम मंदिर, होटल पंकज पेलेश के पीछे

मो: 9827042596

देग्रासे-सी-31/7/22

नोट- पाठकों को सूचना दी जाती है कि किसी भी विज्ञापन पर कार्यवाही जैसे पैसा भेजना, कोई खर्च करना या प्रकाशित विज्ञापन के विश्वास पर किसी प्रकार संबंध बनाना आदि करने से पूर्व आवश्यक/संपूर्ण जानकारी कर लेवें। देशबन्धु यह भी घोषित करता है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित होने वाले किसी भी राजनैतिक, सामाजिक अथवा अन्य प्रकार के विज्ञापनों से देशबन्धु का कोई सरोकार नहीं है। अत: विज्ञापनदाता द्वारा जारी किये गये किसी भी प्रकार के दावे/ प्रस्तुतिकरण के लिये जिम्मेदार नहीं हैं।


प्रकाशक-गिरिराज चाचा, मुद्रक-मोहन सुरजन द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लिमि. के लिये देशबन्धु काम्पलेक्स नौदराब्रिज जबलपुर से प्रकाशित एवं श्रीजी प्रिंटर्स से मुद्रित, सम्पादक-अशोक मिश्रा, * ( * पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार )
फोन संपादकीय-4006577 व्यवस्था - 4085031, 4085679, 2626244 आर.एन.आई. पंजी. क्रमांक 38276/71 डाक पंजीयन क्रमांक-एसएसपी जबलपुर /04/2020-2022 E mail- Jabdesh1@yahoo.com

# रेलवे के ईएफटी और मनीरिसीप्ट ठीक ढंग से व्यवस्थित नहीं

**जबलपुर, देशबन्धु।** पश्चिम मध्य रेलवे के उच्च अधिकारियों की लापरवाही और उदासीनता के कारण विभाग की आय प्रभावित होने की संभावना है। वाणिज्य विभाग की ईएफटी की विवरणी और मनी रिसीप्ट के सत्यापन के दौरान कई प्रकार की गंभीर त्रुटियां जबलपुर भोपाल, एवं कोटा मंडल में पाई गई हैं।

सूत्रों ने बताया कि पश्चिम मध्य रेलवे वित्तीय सलाहकार एवं मुख्य लेखाधिकारी यातायात ने पत्र क्रमांक मुख्य लेखा/याता/ईएफटी/एमआर/ 2023 दिनांक 29 अगस्त 2023 को मुख्य वाणिज्य प्रबंधक को पत्र लिखा है। इस पत्र में उल्लेख किया गया है। कि मुख्य टिकट कार्यालय से मनी रसीद प्राप्त हो रही हैं वह पढ़ने योग्य नहीं है अत: इसके अलावा जांच की प्रक्रिया पूरी नहीं हो सकती हैं और इसमें गंभीर वित्तीय अनियमितता की आशंका हमेशा बनी रहती है।

उल्लेखनीय है कि ईएफटी की मनी रसीद तथा ईएफटी विवरण की संरक्षण अवधि नियमानुसार तीन वर्ष है और जारी किये जाने के पश्चात 3 वर्ष की अवधि में ईएफटी की मनीरसीद एवं ईएफटी विवरणी की मांग सतर्कता एवं आडिट विभाग द्वारा की जाती है। अपठनीय भेजे गये मनी रसीद का रिकार्ड विधि संगत नहीं है और यह रिकार्ड परिपालन प्रक्रिया के अनुरुप नहीं है।

गौरतलब है कि सीटीआई कार्यालय से प्राप्त ईएफटी विवरणी पर हस्ताक्षर नहीं किया जाता है जो कि कार्यालय प्रक्रिया के अनुरुप नहीं है अत:विवरणी सम्बंधित टीटीई के हस्ताक्षर व प्रभारी मुख्य टिकट निरीक्षक कि रिमार्क जैसे प्रपत्र का सत्यापन मनीरिसीप्ट के उपरांत ही भेजा जाना चाहिये। पत्र में उल्लेखित किया गया है कि सभी मुख्य बुकिंग पर्यवेक्षक को निर्देशित किया जाए कि यदि किसी मनी रिसीप्त में प्रिन्ट स्पष्ट न हो तो ईएफटी विवरण सिस्टम से प्रिंट कर संबंधित वरिष्ठ चल लेखा निरीक्षक द्वारा सत्यापित कर या प्रभारी मुख्य टिकट निरीक्षक द्वारा प्रमाणित कर यातायात लेखा कार्यालय को भेजने का प्रावधान करें जिससे कि सभी समस्याओं का विधिवत निपटारा किया जा सके। पश्चिम मध्य रेलवे के शीर्ष प्रबंधन द्वारा इस संबंध में प्रभावी कार्रवाई की जाएगी इसकी सभी को उम्मीद है।

# विभागीय जांच पूरी कर इस्तीफे पर लो फैसला

**हाईकोर्ट ने डिप्टी कलेक्टर निशा बांगरे के मामले में दिये निर्देश**

**जबलपुर, देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट ने डिप्टी कलेक्टर निशा बांगरे के इस्तीफे संबंधी मामले में सरकार को निर्णय लेने के निर्देश दिये है। चीफ जस्टिस रवि विजय मलिमथ व जस्टिस विशाल मिश्रा की युगलपीठ के समक्ष गुरुवार को सरकार की ओर से दायर अपील व निशा बांगरे की ओर से दायर याचिका पर संयुक्त रूप से सुनवाई हुई। गौरतलब है कि छतरपुर के लवकुश नगर में एसडीएम के पद पर पदस्थ डिप्टी कलेक्टर बांगरे ने 22 जून 2023 को सामान्य प्रशासन विभाग को अपना इस्तीफा भेजा था। याचिकाकर्ता का कहना था कि सामान्य प्रशासन विभाग को 24 जनवरी 1973 को पारित मेमों के अंतर्गत अधिकारी के इस्तीफे पर तत्काल निर्णय लेना चाहिए। हाईकोर्ट की एकलपीठ ने 30 दिनों के अंदर इस्तीफे पर निर्णय लेने के आदेश जारी किये थे। निर्धारित समयावधि गुजर जाने के बावजूद भी इस्तीफे पर सरकार ने कोई निर्णय नहीं लिया था। जिस पर कहा गया कि उन्होंने विभागीय जांच में लगे आरोपों को स्वीकार कर लिया है। इसके बावजूद भी उनका इस्तीफा स्वीकार नहीं किया गया है। याचिका की सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने 10 दिनों में इस्तीफे पर निर्णय लेने के आदेश सरकार को दिये थे। उक्त आदेश के खिलाफ सरकार की ओर से एक रिट अपील हाईकोर्ट में दायर की गई। जिसमें कहा गया कि विभागीय जांच की सभी औपचारिकताए दस दिनों में पूर्ण नहीं हो सकती है। आरोप के संबंध में पीएससी की अनुमति, संबंधित व्यक्तियों के बयान सहित सभी कार्यवाही की आवश्यक है। युगलपीठ ने सरकार की अपील तथा डिप्टी कलेक्टर की याचिकाओं पर संयुक्त रूप से सुनवाई की। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता निशा बांगरे की ओर से कहा गया कि उनके खिलाफ कोई गंभीर आरोप नहीं है। छुट्टी के दुरूपयोग का आरोप है और उन्होंने उसे स्वीकार कर लिया है। विभागीय जांच लंबित रहने के दौरान इस्तीफा स्वीकार किया जा सकता है। इस्तीफे पर निर्णय लेने के लिए समय-सीमा निर्धारित की जाये। उक्त आग्रह को अस्वीकार करते हुए युगलपीठ ने विभागीय जांच पूरी कर इस्तीफे पर निर्णय लेने के आदेश जारी किये है।

# भीम आर्मी प्रमुख चंद्रशेखर रावण गिरफ्तार, आंदोलन में शामिल होने जा रहे थे ग्वालियर



**ग्वालियर, देशबन्धु।** ग्वालियर जिले में हुए गुर्जर समाज के आंदोलन के बाद उनके समर्थन में ग्वालियर के लिए कूच करने जा रहे भीम आर्मी प्रमुख चंद्रशेखर रावण को सराय छोला थाना पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। मौके पर मुरैना पुलिस अधीक्षक शैलेंद्र सिंह चौहान और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद सिंह ठाकुर समेत तमाम पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारी चंद्रशेखर रावण और बाकी के नेताओं को समझाने में लगे रहे। चंद्रशेखर रावण को मध्यप्रदेश-राजस्थान की बॉर्डर यानी चंबल की राजघाट पर हिरासत में ले लिया है। अभी मुरैना और ग्वालियर पुलिस अधीक्षक और कलेक्टर ने चर्चा की।

उल्लेखनीय है कि इस आंदोलन के विरोध में पुलिस प्रशासन द्वारा गुरुवार सुबह से ही कड़ी मुस्तादी की जा रही थी। ग्वालियर की सीमाओं से लगे हुए अन्य जिलों से भी संपर्क साधा जा रहा था। तभी पुलिस को भीम आर्मी के प्रमुख चंद्रशेखर रावण के मुरैना की तरफ से आने की सूचना मिली। इस पर पुलिस ने मुरैना पुलिस से सूचना का आदान-प्रदान करते हुए चंद्रशेखर रावण, रवींद्र भाटी, अतुल प्रधान को चंबल नदी के पास से ही हिरासत में ले लिया है। मुरैना पुलिस ने इन्हें सराय छोला थाना क्षेत्र के अल्लाबेली चौकी पर बने चेकिंग पॉइंट पर ही हिरासत में लिया था और उनसे पूछताछ की जा रही है। चंबल के राजघाट पर ग्वालियर के पुलिस अधीक्षक राजेश सिंह चंदेल और ग्वालियर कलेक्टर अक्षय कुमार भी मौके पर पहुंच गए हैं। इसके बाद चंद्रशेखर रावण से मुरैना और ग्वालियर का पुलिस प्रशासन बातचीत कर रहा है। लेकिन बताया जा रहा है कि चंद्रशेखर रावण ग्वालियर में आने के लिए अड़े हुए हैं।



# ग्वालियर चिड़ियाघर में महीने भर के अंदर दूसरे सफेद शावक की मौत

**ग्वालियर, देशबन्धु।** टाइगर स्टेट कहलाये जाने वाले मध्यप्रदेश में बाघों की मौत चिंता का विषय बन गई है। बांधवगढ़ व कान्हा व अन्य स्थानों पर बाघों की मौत की खबर सामने आयी थी। इसी कड़ी में ग्वालियर चिड़ियाघर से एक दुखद खबर आई है। बाघिन मीरा ने अप्रैल में तीन शावकों को जन्म दिया था। उनमें से दो अब नहीं रहे। बाघिन मीरा की एक और मादा शावक की मौत हो गई है। पांच महीने की सफेद मादा शावक ने बुधवार को दम तोड़ दिया। वो बीते एक सप्ताह से बीमार थी। मंगलवार से मादा शावक की किडनी और फेंफड़ों ने काम करना बंद कर दिया था। उसे ऑक्सीजन पर रखा गया था। लेकिन बुधवार दोपहर उसने दम तोड़ दिया। चिड़ियाघर और वन विभाग ने विशेषज्ञ डॉक्टरों से शावक का पोस्टमार्टम कराया और चिड़ियाघर में अंतिम संस्कार कर दिया।

# जबलपुर में आदर्श आचार संहिता का खुल्ला उल्लंघन







**पार्टी का स्टीकर लगा कर घूम रही कार, कई स्थानों से नहीं मिटे विज्ञापन**

**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रदेश में चुनावी घोषणा होने के बाद अधिकारी सतर्क हो गये हैं। पूरे जिले में लगे राजनीतिक दलों के बैनर हटवा दिये गये हैं।

उल्लेखनीय है कि आचार संहिता लागू होने के बाद किसी भी पार्टी का कोई पोस्टर, बैनर या पंफ्लेट शहर में कहीं दिखाई नहीं दे सकता। न ही पार्टी द्वारा किसी का विज्ञापन किया जा सकता है। ऐसा करना आचार संहिता के नियमों का उल्लंघन कर कानूनी कार्यवाही की श्रेणी में माना जाता है। लेकिन इससे परे अभी भी कुछ वाहनों ने भाजपा के बैनर लगे हुये हैं। जो वाहन शहर में चल रहे हैं। इसके अलावा सबसे व्यस्ततम रेलवे स्टेशन में में लाडली बहना योजना का विज्ञापन लगा हुआ है। जिस पर किसी की नजर नहीं गई है। यहां तक के रेलवे के अधिकारियों ने भी इस पर ध्यान नहीं दिया है।

आचार सहिंता लगने के 3 दिन बाद भी इस तरह की लापरवाही ये दर्शाती है कि जिले में इस बार अधिकारी कितने मुस्तैद हैं? जबलपुर के व्यस्तम स्थल रेलवे स्टेशन पर दर्जनों विज्ञापन प्रदर्शित होने छोड़ दिए गए हैं। शहर कांग्रेस ने इस समूचे मामले की शिकायत मुख्य चुनाव आयोग से की है। तथा जल्द कार्यवाही की मांग की है।

# ईओडब्ल्यू ने विमान से उतार कर आरोपी को किया गिरफ्तार

**दिल्ली भागने के फिराक में था युवक**

**जबलपुर, देशबन्धु।** डुमना एयरपोर्ट पर गुरूवार को उस वक्त हड़कंप मच गया, जब जमीन से जुड़े एक मामले में आरोपित व्यक्ति को ईओडब्ल्यू ने एयरपोर्ट पर विमान से उतारकर पकड़ लिया। आरोपी को नाम प्रेम मसीह बताया जा रहा है। जो एक जमीन से जुड़े प्रकरण में नामजद आरोपी है। पुलिस को मुखबिर के जरिए खबर मिली कि आरोपित प्रेम मसीह दिल्ली फरार हो रहा है। यह जानकारी टीम ने पुलिस को दी और मदद मांगी। जिसके बाद ईओडब्ल्यू की टीम गुरुवार की शाम चार बजे जबलपुर से दिल्ली के लिए उड़ान भरने वाले विमान में पहुंची। विमान रनवे पर दौड़ता इससे पहले ही टीम ने एटीसी की मदद से विमान को खड़ा करवा लिया। टीम के सदस्य फौरन विमान में दाखिल हुए और प्रेम को लेकर नीचे उतर आए। इसके बाद विमान ने दिल्ली के लिए उड़ान भरी। इस मामले में सीएसपी ओमती पंकज मिश्रा ने कहा कि पुराने मामले में प्रेम मसीह नामजद आरोपित है। जिसके दिल्ली जाने की सूचना ईओडब्ल्यू के माध्यम से मिली थी। हमने खमरिया थाना को मदद करने के लिए निर्देश दिया था जिसके बाद ईओडब्ल्यू ने आरोपी को एयरपोर्ट से दबोच लिया।



# ओएफके कर्मचारियों की पदोन्नति का रास्ता साफ, हाईकोर्ट से मिली बड़ी राहत

**जबलपुर, देशबन्धु।** पदोन्नति की आस लगाए बैठे आयुध निर्माणी खमरिया के कर्मचारियों को गुरूवार को मध्यप्रदेश हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। जस्टिस शील नागू एवं जस्टिस हृदेश की डबल बेंच में सुनवाई के बाद कैट के आदेश के अनुपालन की व्यवस्था दे दी है। उल्लेखनीय है कि आयुध निर्माणी खमरिया में प्राप्तांक के आधार पर प्रमोशन को लेकर कुछ कर्मचारी कैट के बाद उच्च न्यायालय गए थे। डब्ल्यूपी 1266/22 के तहत न्यायायल ने संपूर्ण प्रमोशन के मामले में स्थगन आदेश जारी किया था। परिणाम स्वरूप पिछले डेढ़ साल से प्रमोशन नही दिया जा रहे थे।

गुरूवार को न्यायालय ने कैट के आदेश के अनुपालन के आदेश देते हुए। याचिकाकर्ताओं को छोड़ शेष के प्रमोशन प्रारंभ करने के आदेश दिए। कामगार यूनियन के अधिवक्ता ने प्रमोशन प्रारंभ करने की वकालत की थी, जिसे कोर्ट ने स्वीकार कर लिया।

यूनियन के रूपेश पाठक, राजेंद्र चराडिया, प्रेम लाल सेन ने बताया की पदौन्नति का रास्ता खुलने से ओएफके के उत्पादन में गति आएगी।

## 12 सौ कर्मचारियों को मिलेगा लाभ

बताया जाता है कि ओएफके के करीब 12 सौ से ज्यादा कर्मचारियों को पदोन्नति का लाभ मिलेगा। बीते डेढ़ साल से स्किल्ड और हाईस्किल्ड के पदों पर पदोन्नतियां अटकी हुई थी। पदोन्नति को लेकर ओएफके में पिछले कुछ माहों से आंदोलन भी शुरू हो गए थे। कर्मचारी लगातार इस बात की वकालत कर रहे थे कि कोर्ट का आदेश केवल याचिकाकर्ताओं के लिए है। शेष कर्मचारियों की पदोन्नति को रोका नहीं जाना चाहिए। लेकिन प्रबंधन इस बात को मानने को तैयार नहीं था।

## एक दल पहुंचा कोलकत्ता

एमआइएल के सीएमडी से हुई मुलाकात के बाद संयुक्त संर्घष समिति के पदाधिकारी ओएफके में



पदोन्नति के मामले को लेकर बोर्ड पहुंचे हैं। उन्होंने ने वहां डीडीजी एमके त्रिपाठी से मुलाकात कर पदोन्नति को लेकर अपना पक्ष रखा। दरअसल, सीएमडी ने साफ कह दिया था कि पदोन्नति पर लगी रोक बोर्ड स्तर से हटाई जा सकती है। लिहाजा कर्मचारी नेता बोर्ड पहुंच गए थे। कर्मचारी नेताओं ने कहां कि बोर्ड भी पदोन्नति दिए जाने को लेकर सहमत था। इस बीच एमपी हाईकोर्ट द्वारा पदौन्नति का रास्ता साफ कर दिया गया।

# राज्य सेवा परीक्षा मेंस की तारीख आगे बढ़ी

**अब दिसंबर में होगी**

**भोपाल, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा राज्य सेवा मुख्य परीक्षा कार्यक्रम में परिवर्तन किया गया है। पहले यह परीक्षाएं 30 अक्टूबर से 4 नवंबर के बीच आयोजित की गई थी, लेकिन निर्वाचन आयोग द्वारा मध्यप्रदेश का चुनाव कार्यक्रम घोषित कर दिए जाने के बाद एमपी लोक सेवा आयोग को अपनी परीक्षा की तारीखों में परिवर्तन करना पड़ा। नए परीक्षा कार्यक्रम के अनुसार एमपीपीएससी राज्य सेवा मुख्य परीक्षा 26 दिसंबर से प्रारंभ होगी और 31 दिसंबर को संपन्न होगी।


**सोनू पोल्ट्री**

बड़ा ब्रॉयलर - रु. 102
मीडियम ब्रॉयलर - रु. 112
छोटा ब्रॉयलर - रु. 122
मोबाइल नं. 9300692405

**J.B.F.A.**
जबलपुर बॉयलर फार्मस् एसोसियेशन
मुर्गा छोटा - रु. 126
मुर्गा मीडियम - रु. 116
मुर्गा बड़ा - रु. 106
मुर्गा जम्बो - रु. 106
मो.-9039925000, 9425800409


# तीन इलेक्ट्रॉनिक फर्मों से स्टेट जीएसटी ने वसूले 1 करोड़ 7 लाख रूपए

**बिना बिल के बेचा जा रहा था माल और भी कई गड़बड़ी जांच में मिली**

**जबलपुर, देशबन्धु।** स्टेट जीएसटी के एंटी एवेजन ब्यूरो की जांच टीम ने गत मंगलवार को जबलपुर सहित शहडोल और कटनी में स्थित तीन इलेक्ट्रॉनिक्स फर्मों में छापामार कार्यवाही की थी। यह जांच की कार्यवाही तीन दिन तक चली और बुधवार को कार्यवाही समाप्त हो गई।

**किससे कितनी वसूली**
**अमर इलेक्ट्रॉनिक्स से 25.32 लाख रुपए,**
**आर्शीवाद इलेक्ट्रॉनिक्स से 42.73 लाख रुपए,**
**रोहित इलेक्ट्रॉनिक्स से 40.11 लाख रुपए**

स्टेट जीएसटी की एंटी एवेजन ब्यूरो की टीम ने जांच कार्यवाही पूरी होने के बाद तीनों फर्मों से टैक्स व पेनाल्टी की कुल 1 करोड़ 7 लाख रूपये की वसूली की गई। स्टेट जीएसटी के एंटी एवेजन ब्यूरो के ज्वाइंट कमिश्नर गणेश सिंह कंवर ने बताया कि जबलपुर में अमर इलेक्ट्रॉनिक्स, कटनी में आर्शीवाद इलेक्ट्रॉनिक्स, शहडोल में रोहित इलेक्ट्रॉनिक्स फर्मों में जो जांच की कार्यवाही चल रही थी, वह लगभग समाप्त हो गई है।

जांच के दौरान कई गड़बड़ियां सामने आई है। विशेष रूप से जांच के दौरान पात्रता से अधिक आईटीसी क्लेम किया जाना, बिना बिल जारी किए माल की बिक्री करना और स्टॉक मिलान के दौरान कम पाया गया है। जांच में पाई गई गड़बड़ियों के कारण जबलपुर की फर्म अमर इलेक्ट्रॉनिक्स से 25.32 लाख रूपये वसूले गए। कटनी की फर्म आर्शीवाद इलेक्ट्रॉनिक्स से 42.73 लाख रूपये वसूले गए।

शहडोल की फर्म रोहित इलेक्ट्रॉनिक्स से 40.11 लाख रूपये वसूले गए। इस प्रकार स्टेट जीएसटी के एंटी एवेजन ब्यूरो ने तीनों इलेक्ट्रॉनिक्स फर्मों से टैक्स व पैनाल्टी की कुल राशि 1 करोड़ 7 लाख रूपये वसूल किए।

# नेत्रदान से दो लोगों का जीवन हुआ रोशन



**जबलपुर, देशबन्धु।** गोरखपुर निवासी कांतिलाल नागजी छेड़ा के नेत्रदान के सपने को पूरा किया। उनके पुत्र पारस और कुलीन ने कांतिलाल जी की मृत्यु के पश्चात् नेत्रदान के लिए दादा वीरेंद्र पुरीजी नेत्र बैंक में डॉ. पवन स्थापक से संपर्क किया। दादा वीरेंद्र पुरीजी नेत्र बैंक के टीम ने उनके दोनों नेत्रों को संग्रहीत और सुरक्षित किया। डॉ. पवन स्थापक और डॉ. आयुष टंडन की टीम ने अत्याधुनिक माइक्रोस्कोपिक शल्य चिकित्सा के माध्यम से जनज्योति सुपर स्पेशलिटी आई हॉस्पिटल गोलबाजार में दमोह निवासी तीस वर्षीय युवती एवं गोटेगांव निवासी सत्रह वर्षीय युवती को नेत्र प्रत्यारोपित किये। श्री कांतिलाल छेड़ा के नेत्रदान के शुभ संकल्प से दो लोगों को नेत्र ज्योति प्राप्त हुई।


FOR ENQUIRY CALL 0761-4069888
FOLLOW BY SAMDAREEYA_CINEMAS
समदड़िया सिनेमा
CELEBRATING SAMDAREEYA CINEMA, AT A MAGICAL PRICE
NATIONAL CINEMA DAY
ALL SHOW 70/- FLAT
TODAY 13TH OCT. 2023 FRIDAY
FUKREY-3 IN HINDI 10:00 AM 02:00 PM 03:00 PM 08:00 PM 09:00 PM 10:55 PM
JAWAN 11:00 AM 01:00 PM 05:00 PM 07:00 PM 11:00 PM
THE VACCINE WAR 08:15 PM
MISSION RANIGANJ 10:30 AM 12:30 PM 04:00 PM 10:00 PM
THANK YOU FOR COMING 05:45 PM
BHAGWAN BHAROSE 03:00 PM
CHATTAN 05:45 PM
HUM TUMHE CHAHTE HAI 10:00 AM
THE EXORCIST 12:45 PM

14 आयुर्वेदिक दर्दनाशक तेलों का मिश्रण
मामजेसिक
तीव्र दर्दनाशक तेल/क्रीम
कमर, पीठ, गर्दन, जोड़ों एवं घुटने का दर्द, कंधे एवं कूल्हों का दर्द, अंदरुनी चोट, मोच-सूजन, माँसपेशियों में खिंचाव-लचकना पिंड़लियों, पंजों, हड्डियों एवं पसलियों में दर्द, हाथ-पैर में झुनझुनी, कम्पन्न, कमजोरी, जाँघों में दर्द हेतु अत्यंत प्रभावशाली एवं गहराई तक असरकारक
५० मिली. मामजेसिक लिनिमेन्ट
Arthritis Sciatica Spondylitis Backache Muscular Pain Sprains Strains Headache Myositis 100% Ayurvedic PAIN KILL OIL Mamgesic Liniment
लकवा रोगियों हेतु अत्यंत आवश्यक
चिपचिपाहट रहित
मामजेसिक तीव्र दर्दनाशक तेल/क्रीम
सभी मेडीकल स्टोर्स में उपलब्ध
व्यवसायिक पूछताछ 9826035091

आसान किस्तों में उपलब्ध
मिश्रा इन्टरप्राइजेज
सभी ब्रांडेड कम्पनियों के टी.वी. एल.सी.डी. फ्रिज, डी.वी.डी. वुडन फर्नीचर, स्टील फर्नीचर उपलब्ध है
1. उपभोक्ता की संतुष्टि ही सफलता की सीढ़ी है।
2. उपभोक्ता सेवा ही जीवन का लक्ष्य है।
एल.जी. सेमसन, फिलिप्स, बी.पी. एल. सोनी, वेस्टन व अन्य कंपनियों के उपलब्ध है।
441, सरकारी कुंआ, शीतलामाई वार्ड पश्चिमी घमापुर, जबलपुर
मो. 9200000162 फोन- 2626496